सूर्योदय 7:13 सूर्यास्त 5:35

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.6 न्यू | 15.7 अधि |
| धर्मशाला | 4.4 न्यू | 19.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78248.13 |
| निफ्टी | 23644.90 |
| सोना | 78,000 |
| चांदी | 91,644 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 31 दिसंबर 2024 | 17 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 13, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



रैपिड के बाद हंपी की नजरें विश्व ब्लिट्ज खिताब पर

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का निधन



**वाशिंगटन।** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित एवं अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिमी कार्टर का निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। कार्टर भारत की यात्रा करने वाले तीसरे अमेरिकी नेता थे और उनकी यात्रा के दौरान उनके सम्मान में हरियाणा के एक गांव का नाम उनके नाम पर कार्टरपुरी रखा गया था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति कार्टर ने 1977 से 1981 तक इस पद पर सेवाएं दी थीं। मूंगफली की खेती करने वाले कार्टर ने 'वाटरगेट' घोटाले और वियतनाम युद्ध के बाद राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था। वह 1977 से 1981 तक राष्ट्रपति रहे। कार्टर के निधन पर पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

### अभिनेता अल्लू अर्जुन की जमानत पर सुनवाई टली



**नई दिल्ली।** हैदराबाद के नामपल्ली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सोमवार को भगदड़ मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन की जमानत याचिका पर सुनवाई 3 जनवरी तक के लिए टाल दी। भगदड़ की घटना 4 दिसंबर को हुई, इसमें एक महिला की मौत हुई थी। उसका 8 साल का बेटा अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित परिवार को अब तक 2 करोड़ रुपए की सहायता मिल चुकी है।

### वितुल कुमार सीआरपीएफ के महानिदेशक नियुक्त



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आईपीएस अधिकारी वितुल कुमार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीआपीएफ का नया महानिदेशक नियुक्त किया है। वितुल उत्तर प्रदेश कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह वर्तमान डीजी अनीश दयाल सिंह की जगह लेंगे। गौरतलब है कि अनीश दयाल सिंह का कार्यकाल 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त हो रहा है।

### अन्ना यूनिवर्सिटी रेप मामले की जांच शुरू

**चेन्नई।** चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी रेप केस की जांच शुरू हो गई है। महिला आयोग की तरफ से गठित फैक्ट फाइंडिंग टीम सोमवार को विश्वविद्यालय पहुंची। टीम यूनिवर्सिटी के अधिकारियों, पीड़ित, उसके परिवार और गैर सरकारी संगठनों से बातचीत की। उधर, तमिलगा वेत्तरी कझगम पार्टी के चीफ और एक्टर विजय तमिलनाडु के गवर्नर सीटी रवि से मिले। उन्होंने घटना को दर्दनाक बताते हुए बताया कि पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- नगर परिषद अध्यक्ष की कुर्सी पर तैनाती को लेकर सस्पेंस बरकरार -पेज 2
- शिमला में अब पुरुष भी देंगे टॉयलेट टैक्स -पेज 3
- 2025 में होगा सरकारी स्कूलों का व्यवस्था परिवर्तन : शिक्षा मंत्री -पेज 10
- सेबी नौ कंपनियों की 23 संपत्तियों की करेगा नीलामी -पेज 13
- बुमराह साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में -पेज 14


# सुक्खू सरकार बीपीएल सूची में करेगी संशोधन

## पंचायतीराज विभाग को 5 जनवरी से पहले मापदंड तैयार करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि प्रदेश में अप्रैल 2025 में बीपीएल परिवारों की सूची में संशोधन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बीपीएल सूची में केवल पात्र परिवारों को ही सम्मिलित करना सुनिश्चित किया जाए और इस संबंध में नए मापदंड तैयार किए जाएं। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि इन मापदंडों को 5 जनवरी से पहले तैयार करना सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद मंत्रिमंडल से स्वीकृति ली जाएगी। नए दिशा-निर्देशों को जनवरी, 2025 में होने वाली ग्रामसभा में आम जनता के साथ साझा किया जाएगा।

**कहा- ग्राम सभा में जनता के साथ दिशा-निर्देश करें साझा**



ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### उपायुक्त और मंडलायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करें आपत्तियां

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि बीपीएल परिवारों की अंतिम सूची से संबंधित कोई भी आपत्ति संबंधित उपायुक्त और मंडलायुक्त को प्रस्तुत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों के विभिन्न उत्पादों के प्रदर्शन और होम डिलीवरी के लिए एक वेबसाइट भी शुरू की जाएगी। बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग राजेश शर्मा, निदेशक राघव शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### दो सदस्यीय समिति गठित करने को कहा

**सुक्खू** ने ग्रामसभा की ओर से अनुशंसित बीपीएल परिवारों की सूचियों का सत्यापन करने के लिए उपमंडल स्तर पर उपमंडलाधिकारी व खंड विकास अधिकारी की दो सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए, ताकि पूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो। उन्होंने पात्र बीपीएल परिवारों की पहचान करने के लिए एक मजबूत तंत्र बनाने पर बल दिया, ताकि इन परिवारों को लाभ से वंचित न होना पड़े।

# किसानों ने 9 घंटे बंद रखा पंजाब कई ट्रेनें रद्द, एग्जाम स्थगित

## शाम चार बजे बंद खुलते ही लोगों ने ली राहत की सांस



**एजेंसी, चंडीगढ़**

**हरियाणा**-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में सोमवार को किसानों ने पंजाब बंद रखा। सुबह 7 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक किसान 140 जगहों पर हाईवे और रेलवे ट्रैक पर बैठे। इस दौरान अमृतसर-जालंधर-पानीपत-दिल्ली व अमृतसर-जम्मू ट्रैक पर ट्रैफिक पूरी तरह से बंद रहा।

पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ समेत सभी यूनिवर्सिटी ने आज होने वाले एग्जाम स्थगित कर दिए थे। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि हमें किसी की जबरदस्ती दुकानें नहीं बंद करवानी पड़ी। व्यापार मंडल, आढ़ती एसोसिएशन, जत्थेबंदियों और यूनियनों का समर्थन मिला और करीब 270 जगह प्रदर्शन हुए।

### वंदे भारत समेत 163 ट्रेनें रद्द

**किसानों** के बंद की वजह से रेलवे ने वंदे भारत समेत 163 ट्रेनों को रद्द कर दिया। पुणे से जम्मू तवी जा रही झेलम एक्सप्रेस को जालंधर कैंट स्टेशन पर रोका गया। जालंधर, अमृतसर और लुधियाना के रेलवे स्टेशनों पर उत्तर प्रदेश, पुणे, बिहार और कोलकाता समेत दूसरे राज्यों के यात्री परेशान रहे। ट्रेन कैंसिल होने पर कई यात्रियों को होटल में रुकना पड़ा। पंजाब से 8 राज्यों के लिए 576 रूट पर चलने वाली बसें भी बंद रहीं। हरियाणा और हिमाचल समेत दूसरे राज्यों की बसें भी पंजाब में नहीं आईं। इसके अलावा, गैस और पेट्रोल पंप के साथ बाजार भी बंद किए गए। हालांकि, लुधियाना का मशहूर चौड़ा बाजार खुला रहा। यहां दुकान बंद कराने आए किसानों की दुकानदारों से बहस हुई।

### डल्लेवाल की हड़ताल जारी, सुप्रीम कोर्ट आज करेगा समीक्षा

**नई दिल्ली।** जगजीत सिंह डल्लेवाल की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल सोमवार को 35वें दिन भी जारी है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट 31 दिसंबर को बीमार किसान नेता को उपचार मुहैया कराने के लिए पंजाब सरकार की ओर से किए गए उपायों की समीक्षा करेगा। पंजाब सरकार के अधिकारियों की एक टीम ने 29 दिसंबर को 70 वर्षीय किसान नेता को इलाज कराने के लिए मनाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया, क्योंकि उन्हें डर था कि उन्हें प्रदर्शन स्थल से हटाने के लिए बल प्रयोग किया जाएगा। किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित कई मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

# हिमाचल सरकार ने 3 रुपए के हिसाब से शुरू की गोबर खरीद

## 100 किसानों से 378 क्विंटल गोबर खरीदा : चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**कृषि** मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपनी 10 गारंटियों में से गोबर खरीद की गारंटी को पूरा करते हुए 10 जिलों में गोबर खरीद शुरू कर दी है। 11 दिसंबर को सरकार के दो साल पूरा होने पर गोबर खरीद को हरी झंडी दिखाई थी।

सरकार ने अभी तक 100 किसानों से 378 क्विंटल खाद खरीद ली है। किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिले को छोड़कर दस जिलों में गोबर खरीद शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पांच और दस किलो के पैकेट में गोबर खरीद की जा रही है। ठेकेदार को पांच रुपए किलो के हिसाब से एकत्रित करने और ट्रांसपोर्ट के दिए जा रहे हैं। आगे सरकार 11 से 12 रुपए किलो के हिसाब से बेचेगी। हालांकि, सरकार ने दो रुपए किलो के हिसाब से गोबर खरीद की गारंटी दी थी। अब तीन रुपए किलो के हिसाब से खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान अब 5 से आठ रुपए किलो के हिसाब गोबर बेचने की बात कह रहे हैं। यदि गोबर खरीद का अच्छा रिस्पांस रहा तो रेट बढ़ाने के बारे में सोचेंगे।

**लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़ अन्य जिलों में शुरुआत**

# स्कॉलरशिप घोटाले से जुड़े ईडी के सहायक निदेशक के तार

## शैक्षणिक संस्थानों के मालिकों ने लगाए 25 करोड़ की रिश्वत मांगने के आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शैक्षणिक** संस्थानों के मालिकों ने ईडी के सहायक निदेशक विशाल दीप सिंह पर 25 करोड़ की रिश्वत मांगने के आरोप लगाए हैं।

शिमला में प्रेसवार्ता में शैक्षणिक संस्थान मालिक रजनीश बंसल ने कहा कि ईडी के सहायक निदेशक विशाल दीप सिंह के रिश्वत मामले के तार हिमाचल के बहुचर्चित स्कॉलरशिप घोटाले से जुड़े हुए हैं।

दरअसल 276 संस्थानों में से 29 शैक्षणिक संस्थानो पर एसी/एसटी और ओबीसी स्कॉलरशिप हड़पने की जांच चल रही है। अक्तूबर माह तक सब ठीक था। इसके बाद हर शैक्षणिक संस्थान से एक-एक करोड़ की मांग की थी। नवंबर माह में विशाल दीप सिंह ईडी का सहायक निदेशक बना। इसके बाद शैक्षणिक संस्थानों के मालिकों को ईडी ऑफिस बुलाकर तंग करना शुरू कर दिया और गिरफ्तारी का डर दिखाकर रिश्वत मांगना शुरू कर दिया। इससे तंग होकर मजबूरन सीबीआई को शिकायत करनी पड़ी और सीबीआई ने जाल बिछाकर संस्थानों की ओर से दी गई रिश्वत को आरोपी के ठिकानों से 55 लाख के रूप में रिकवर किया। हालांकि, आरोपी विशाल दीप अभी भी फरार चल रहा है। मालिकों का कहना है कि उन्हें ईडी दफ्तर बुलाकर दिनभर बिठाया जाता था और सबसे पैसे इकट्ठे कर 25 करोड़ की रिश्वत मांगी जाती थी। अंत में सीबीआई को शिकायत करनी पड़ी। शैक्षणिक संस्थानों के मालिकों ने मामले में ईडी के दो अन्य अधिकारियों नीरज गर्ग और सुनील कुमार पर भी आरोप लगाए गए हैं। शैक्षणिक संस्थानों के मालिक का कहना है कि 19 दिसंबर को उन्हें ईडी कार्यालय बुलाया था, जहां पर दो अधिकारियों ने रिश्वत की रकम तय हो गई और बाद में उच्चाधिकारी के पास भेज दिया, जिसने अलग से रिश्वत की मांग की। आरोपी रिश्वत की रकम लेने के लिए दो अलग-अलग वाहनों में आए थे, जिन्होंने पहले जीरकपुर और बाद में पंचकूला से रिश्वत की रकम ली और फरार हो गए।



शिमला में पत्रकार वार्ता करते शैक्षणिक संस्थानों के मालिक।

# 4 मार्च से 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं, शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मार्च, 2025 में होने वाली 10वीं-12वीं की वार्षिक परीक्षाएं चार मार्च से शुरू होंगी। शिक्षा बोर्ड ने मैट्रिक और जमा दो की नियमित एवं राज्य मुक्त विद्यालय की वार्षिक परीक्षा, कंपार्टमेंट, अतिरिक्त विषय, श्रेणी सुधार परीक्षा के लिए प्रस्तावित शेड्यूल जारी किया है। बोर्ड की ओर से जारी शेड्यूल के तहत 10वीं कक्षा की परीक्षाएं चार मार्च से शुरू होंगी और 19 मार्च को 10वीं कक्षा का अंतिम पेपर होगा। वहीं, जमा दो कक्षा की परीक्षाएं चार से 29 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बोर्ड ने वार्षिक परीक्षाएं का प्रस्तातिव शेड्यूल जारी किया है।

उन्होंने छात्रों, अभिभावकों, अध्यापकों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक वर्ग से इस प्रस्तावित शेड्यूल के संदर्भ में सुझाव मांगे हैं। उन्होंने कहा कि 10 दिन के भीतर प्राप्त होने वाले लोगों के सुझावों पर विचार किया जाएगा और अंतिम शेड्यूल को जारी किया जाएगा।

# तालिबान का पाकिस्तानी सेना की कई चौकियों पर कब्जे का दावा

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तानी** सेना और तहरीक-ए-तालिबान आतंकियों के बीच जारी लड़ाई में अब नया मोड़ आ गया है।

टीटीपी आतंकियों ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि उन्होंने पाकिस्तानी सेना की कई चौकियों पर कब्जा कर लिया है। वीडियो जारी कर दिखाया कि कैसे पाकिस्तानी सेना अपनी चौकी छोड़कर भाग गई। टीटीपी ने इस चौकी से पाकिस्तानी सेना का झंडा हटा दिया और अपना इस्लामिक झंडा लहराया। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान जारी करके कहा कि टीटीपी की ओर से बिना किसी उकसावे के भारी हथियारों से उनकी सीमा चौकियों पर हमला किया है। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने जवाबी हमला किया है और 15 आतंकी मार गिराए हैं। यही नहीं टीटीपी के लड़ाकुओं को भारी नुकसान पहुंचाने का भी दावा किया है। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि टीटीपी आतंकियों की इस घुसपैठ को अफगानिस्तान की तालिबानी सेना का भी समर्थन हासिल था।

**टीटीपी आतंकियों ने किया वीडियो जारी**



# प्रदेश में प्रचंड शीतलहर ताबो सबसे ज्यादा ठंडा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में फिर से 2 से 4 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। बर्फबारी के बाद प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मैदानी क्षेत्रों में भी शीतलहर का प्रकोप है।

अधिकांश जगहों पर न्यूनतम तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा। वहीं, प्रदेश में सबसे कम तापमान ताबो में दर्ज किया गया, जहां -12.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। ऊना में 20.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने दो और तीन जनवरी को कुछ जगहों पर और 4 जनवरी को राज्य के ऊंचाई और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। सप्ताह के अन्य दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अगले दो दिनों में 31 दिसंबर और 1 जनवरी को कुछ स्थानों पर शीतलहर की आशंका जताई है।

**दो से चार जनवरी तक बारिश-बर्फबारी होगी**

**गुड न्यूज** हिमाचल में 6 लाख से अधिक पर्यटकों के आने की उम्मीद, अतिरिक्त फोर्स की तैनात

# न्यू ईयर जश्न मनाने उमड़ेगा पर्यटकों का सैलाब

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में क्रिसमस के बाद नए साल के जश्न को लेकर पर्यटन स्थलों में भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। नए साल का जश्न मनाने के लिए हिमाचल में 6 लाख से अधिक पर्यटक आने की उम्मीद है। इस बार मनाली और शिमला में रात 12 बजे तक न्यू ईयर का जश्न चलेगा।

सीएम सुक्खू ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि पर्यटकों पर ज्यादा सख्ती न बरती जाए, अगर कोई पर्यटक झूम रहा है, तो उससे भी सुरक्षित जगह पहुंचना है। इन दिनों मनाली और शिमला के कुफरी में पर्यटक बर्फ देखने के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। इससे कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### होटलों में 90 फीसदी ऑक्यूपेंसी

**होटलों** में 90 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी पहुंच चुकी है। सुरक्षा को लेकर भी पुलिस ने कड़े इंतजाम किए है। पर्यटन स्थलों में जाम की काफी स्थिति देखने को मिल रही है। ऐसे में यहां पर अतिरिक्त फोर्स भी तैनात की गई है।



### 2024 में 5 लाख से ज्यादा पर्यटकों ने मनाया था जश्न

**वर्ष** 2024 में नए साल पर हिमाचल में 5 लाख से ज्यादा पर्यटकों ने जश्न मनाया था। शिमला-मनाली समेत कई इलाकों में एक लाख से ज्यादा गाड़ियां पहुंची थीं। साल 2022 और 2023 में पर्यटकों की संख्या बढ़ी थी और साल 2024 में भी यह बढ़ोतरी जारी रही। साल 2017 में 1,96,01,533 पर्यटक हिमाचल पहुंचे थे, जो अब तक का रिकॉर्ड है।

### चार जनवरी तक होटलों में एडवांस बुकिंग

**चार** जनवरी तक होटलों में कमरों की एडवांस बुकिंग चल रही है। शिमला, मनाली, धर्मशाला, खजियार, कसौली, चायल, कुफरी और नारकंडा सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद की है। क्रिसमस पर साढ़े तीन लाख पर्यटक हिमाचल पहुंचे थे।

> **न्यू** ईयर पर हिमाचल में भारी संख्या में पर्यटक के पहुंचने की उम्मीद है। शिमला, मनाली और धर्मशाला में 80 से 90 फीसदी तक एडवांस बुकिंग हो चुकी है। बर्फबारी होने की वजह से पिछले वर्ष के मुकाबले पर्यटकों का ज्यादा रुझान देखने को मिल रहा है। इस बार पर्यटन सीजन रिकॉर्ड तोड़ सकता है। एचपीटीडीसी की तरफ से पर्यटकों की मेहमानबाजी के सारे इंतजाम किए हैं।
>
> **-राजीव कुमार, एमडी, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम।**

# 2024-25 में जीडीपी 6.6 प्रतिशत रहेगी : आरबीआई

## अर्थव्यवस्था को ग्रामीण खपत में सुधार व मजबूत सेवा निर्यात से मिला समर्थन

**एजेंसी, मुंबई**




**भारतीय** अर्थव्यवस्था मजबूती और स्थिरता का प्रदर्शन कर रही है तथा चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में सोमवार को यह अनुमान जताया गया।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि अर्थव्यवस्था को ग्रामीण खपत में सुधार, सरकारी खपत और निवेश में तेजी तथा मजबूत सेवा निर्यात से समर्थन मिला है। रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) का दिसंबर, 2024 का अंक जारी किया है। रिपोर्ट भारतीय वित्तीय प्रणाली की जुझारू क्षमता और वित्तीय स्थिरता के जोखिमों पर वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उपसमिति के सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाती है। इसमें कहा गया कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) मुनाफा बढ़ने, गैर-निष्पादित आस्तियों में कमी, पर्याप्त पूंजी और नकदी भंडार के कारण अच्छी स्थिति में हैं। परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आरओए) और इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई) दशक के उच्चतम स्तर पर हैं, जबकि सकल गैर-निष्पादित आस्ति (जीएनपीए) अनुपात कई साल के निचले स्तर पर आ गया है। रिपोर्ट में कहा कि व्यापक दबाव परीक्षण से पता चलता है कि अधिकांश एससीबी के पास प्रतिकूल स्थिति में पर्याप्त मात्रा में अतिरिक्त पूंजी है।

## न्यूज ब्रीफ



### हिमाचल का कोर्फबॉल प्रतियोगिता में शानदार आगाज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उत्तराखंड के रुद्रपुर में शुरू हुई 29वीं राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम ने शानदार आगाज से उत्तर प्रदेश व जम्मू कश्मीर की टीम को एकतरफा मुकाबले में हराया है। हिमाचल प्रदेश की टीम के कोच एवं सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक देवदत्त प्रेमी और टीम मैनेजर बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 20 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में 5-5 राज्यों के चार पूल बनाए गए हैं। हिमाचल प्रदेश की टीम को ए पूल में रखा गया है। इसमें जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड राज्य शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश की टीम ने अपने पहले मैच में उत्तर प्रदेश की टीम को 15-2 के अंतर से पराजित करके पहली जीत से आगाज किया। दूसरे मैच में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए जम्मू कश्मीर राज्य की टीम को 9-5 गोल के अंतर से पराजित करके मैच को अपने नाम कर लिया। उधर, भारतीय टीम के कोच एवं अखिल भारतीय कोर्फबॉल संघ के कोषाध्यक्ष विनोद ठाकुर व महासचिव बीआर सुमन व प्रेस सचिव पवन रांगड़ा ने प्रदर्शन पर खुशी जताई है।

### हर्षोल्लास से मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपाल नगर में सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा अनेक प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं। इसमें वाद-विवाद, नारा लेखन, पेंटिंग, मॉडल व प्रश्नोत्तरी प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य रविंद्र पुरी ने सभी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की तथा राष्ट्रीय गणित दिवस की बधाई देते हुए गणित के महत्व के बारे में बताया।

### वॉलीबाल प्रतियोगिता की डोह टीम बनी विजेता



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत बजड़ौह में दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन परमार यूथ क्लब बजड़ौह के माध्यम से किया गया, जिसमें 20 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में डोह टीम रही विजेता व बगबाड़ा टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को 8100 रुपए व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 5100 रुपए व ट्रॉफी इनाम में दी गई। इस मौके पर क्लब के प्रधान यश ठाकुर, प्रफुल परमार उपप्रधान, सक्षम ठाकुर कोषाध्यक्ष, कार्यकारणी सदस्य में विक्की कुमार, राहिल परमार, गौरव ठाकुर व कुनाल ठाकुर, सदस्य में निखिल परमार, अभिषेक कतना, सौरव कतना, रिशव कुमार, अभिषेक कुमार, रमणीक ठाकुर, रितिक परमार, कार्तिक ठाकुर, राचिल परमार, अनिकेत ठाकुर इत्यादि उपस्थित रहे।

### महिला विकास एवं सशक्तिकरण योजनाएं बताईं



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला बाल विकास परियोजना हमीरपुर के सौजन्य से कार्यालय के सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा आशा वर्कर्स के लिए एकदिवसीय क्षमता निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी हमीरपुर संजय गर्ग ने की। सर्वप्रथम उपस्थित प्रतिभागियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में जानकारी दी गई जिसके अंतर्गत बाल लिंगानुपात में सुधार लाने तथा महिलाओं के सशक्तिकरण और बालिकाओं की रक्षा करते हुए लिंग आधारित असमानताओं को समाप्त करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। शिविर में बालिकाओं की शिक्षा और सामाजिक भागीदारी को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

### भोटा स्कूल में छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव



**अनंत ज्ञान, भोटा।** बच्चों को मानवाधिकार, राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) की विभिन्न योजनाओं, नशे की समस्या, एनडीपीएस एक्ट और अन्य महत्वपूर्ण अधिनियमों, नशे के पीड़ितों को कानूनी सहायता, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने कहा कि आम लोगों के लिए न्याय सुलभ बनाने के लिए नालसा ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं आरंभ की हैं। इनमें मुफ्त कानूनी सहायता योजना सबसे महत्वपूर्ण है। अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह और पुलिस चौकी भोटा के एसआई मनोज कुमार ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## डीसी कार्यालय परिसर की पार्किंग की निविदाएं अब 6 को

**हमीरपुर।** डीसी कार्यालय परिसर की पार्किंग को मासिक किराये के आधार पर आवंटित करने के लिए अब 6 जनवरी तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। उपायुक्त की सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने बताया कि कार पार्किंग के आवंटन के लिए पहले 30 दिसंबर तक निविदाएं आमंत्रित की गई थीं, लेकिन इस अवधि तक कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने बताया कि तय समय सीमा के उपरांत 3 निविदाएं प्राप्त हुईं। इस कारण उक्त प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है और अब 6 जनवरी सुबह साढ़े दस बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इस अवधि में प्राप्त होने वाली निविदाएं 6 जनवरी को ही सुबह 11 बजे खोल दी जाएंगी। सहायक आयुक्त ने इच्छुक लोगों से निर्धारित समय अवधि के भीतर आवेदन की अपील की है।

# नगर परिषद अध्यक्ष की कुर्सी पर तैनाती को लेकर सस्पेंस बरकरार

## नियमों के मुताबिक एक महीने के भीतर चुनाव बैठक जरूरी, बहुमत भाजपा के पक्ष में इसलिए होगी लेटलतीफी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री के गृह जिला मुख्यालय पर स्थित नगर परिषद में नो कॉन्फिडेंस मोशन के बाद खाली हुए अध्यक्ष के पद पर नई तैनाती अब ऊहापोह में फंस गई है। कारण यह है कि बहुमत भाजपा पार्षदों के पास है, इसलिए अध्यक्ष बनता है तो उन्हीं का बनेगा। हटाया भी उन्हीं ने ही है, इसलिए नई ताजपोशी के लिए न ही तो जिला प्रशासन और न ही सरकार फिलहाल ज्यादा संजीदा दिख रहे हैं।

नो कॉन्फिडेंस मोशन के बाद जब किसी अध्यक्ष को हटा दिया जाता है तो नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए अगली बैठक एक महीने के अंदर करवाई जानी अनिवार्य है। अब क्योंकि हमीरपुर नगर परिषद का यह अध्यक्ष का मामला पिछले कई महीनों से अजीबोगरीब मरहले में रहा है क्योंकि विधानसभा उपचुनाव से पहले भी 11 सदस्यों वाली इस नगर परिषद में भाजपा और कांग्रेस सभी ने अध्यक्ष को के खिलाफ एकजुट होकर नो कॉन्फिडेंस का मोशन दिया था, लेकिन बाद में उपचुनाव आ गए और मामला बीच में फंस गया। बाद में कोर्ट के आदेशों के बाद जो बैठक हुई, उसमें अध्यक्ष को हटाने में कुल मिलाकर काफी वक्त लग गया। (अनंत ज्ञान)




### राजनीतिक समीकरण बदलने के नहीं दिख रहे आसार

अब क्योंकि मौजूदा हाउस में 74 की रेसो है, इसलिए हालत कांग्रेस के लिए तो कहीं भी दिखते नहीं हैं। हां, कांग्रेस की सत्ता के दरमियान कोई उलटफेर हो जाए तो कहा नहीं जा सकता। राजनीतिक समीकरण बदल भी सकते हैं, लेकिन वैसे हालत फिलहाल नजर नहीं आ रहे क्योंकि दमदार नेतृत्व के बगैर यह संभव नहीं है।

### हर कोई बोलने से कर रहा परहेज

चुनाव के इस मसले पर कोई भी कुछ बोलने से फिलहाल गुरेज कर रहा है। एसडीएम संजीत कुमार पहले ही कह चुके हैं कि वह 'नो-कांफिडेंस' मोशन की रिपोर्ट बनाकर डीसी को देंगे। इसके बाद उसे कोर्ट में भेजा जाएगा।

### एक राय बनाना आसान नहीं

अब शुद्ध रूप में भाजपा के यहां सात पार्षद हैं। फिलहाल यदि चुनाव में देरी होती है, तो नगर परिषद के उपाध्यक्ष संदीप भारद्वाज ही नगर परिषद की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। हालांकि जब तकरीबन 4 साल पहले नगर परिषद के चुनाव हुए थे, उस समय भी वह अध्यक्ष बनने की चाहत रखते थे। अब हालात बदले हुए हैं, जिन लोगों ने हटाए गए अध्यक्ष मनोज मिन्हास के खिलाफ माहौल बनाया, उनमें मुख्य रूप से विनय कुमार की दिलचस्पी भी खास रही है, लेकिन इसमें अध्यक्ष को लेकर एक राय बनाना भाजपा पार्षदों के लिए कितना आसान नहीं है, ऐसे में कांग्रेस की प्रदेश सत्ता के दौरान इस चुनाव में लेटलतीफी होना हालात की परख की जाए, तो यही लगता है। अब नियम क्या बोलते हैं या फिर राजनीति किस करवट बैठेगी इसकी फिलहाल इंतजार करनी पड़ेगी।

# पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए खोला नौकरियों का पिटारा

## नए साल में भरे जाएंगे 1650 पद, हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष हमीरपुर ने जारी की अधिसूचना

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर में अभी तक नए पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है, लेकिन पूर्व सैनिक निदेशालय के रोजगार कक्ष हमीरपुर द्वारा वर्ष 2025 में भरे जाने वाले पदों की अधिसूचना जारी कर दी है। वर्ष 2025 में पूर्व सैनिक व उनके आश्रितों को सरकारी विभागों में नौकरी करने के अवसर प्रदान किए गए हैं।

पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष के उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय हमीरपुर में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के पदों के लिए साक्षात्कार 17 जनवरी से शुरू किए जा रहे हैं, जो 21 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर के विभिन्न विभागों में 1630 पद भरे जाने हैं,




जिसके लिए साक्षात्कार की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के पूर्व सैनिकों, विकलांग पूर्व सैनिकों तथा युद्ध में शहीद हुए सैनिकों विधवाओं और उनके आश्रितों तय तिथि के अनुसार इन साक्षात्कारों में भाग ले सकते हैं।

**किस तारीख को लिए जाएंगे विभिन्न पदों के साक्षात्कार :** शास्त्री के पदों के लिए सभी जिलों के सभी श्रेणियों के उम्मीदवार, भाषा अध्यापक, असिस्टेंट ऑक्शन रिकार्डर, फायरमैन, हवलदार इंस्ट्रक्टर, क्वार्टर मास्टर हवलदार, फिशिरी फील्ड असिस्टेंट, हॉर्टिकल्चर एक्सटेंशन ऑफिसर, पंचकर्म मसाजर पुरुष, पंचकर्म मसाजर महिला, सेरी कल्चर इंस्पेक्टर के पदो के साक्षात्कार 17 जनवरी को, आर्चीटेक्टुरल सीनियर ड्राफ्ट्समैन, जूनियर साइंटिफिक असिस्टेंट, वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर इलेक्ट्रॉनिक, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्निशियन ग्रेड-2, ओटीए, लैब टेक्निशियन, रेडियोग्राफर, फीमेल हेल्थ वर्कर, स्टाफ नर्स के पदो के साक्षात्कार 21 जनवरी को, जेई सिविल, सब स्टेशन अटेंडेंट, सर्वेयर, जूनियर ड्राफ्ट्समैन सिविल, माइनिंग इंस्पेक्टर के पदों के साक्षात्कार 24 जनवरी को, वेटरनरी फार्मासिस्ट, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, फार्मासिस्ट आयुर्वेद, के पदों के साक्षात्कार 28 जनवरी को आयोजित होंगे।

इसके अलावा इलेक्ट्रिशियन, फिटर, जेई इलैक्ट्रिकल, प्लांट ऑपरेटर के पदो के साक्षात्कार 31 जनवरी को आयोजित होंगे। इसके अलावा जेओए आईटी, स्टेनो टाइपिस्ट, जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर, कंप्यूटर असिस्टेंट, जेओए अकाउंट, अकाउंटेंट, जूनियर अकाउंटेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों के साक्षात्कार 7 फरवरी को होंगे। ड्राइंग मास्टर, टीजीटी मेडिकल, जेबीटी के पदों के साक्षात्कार 11 फरवरी को होंगे।

टीजीटी नॉन मेडिकल, टीजीटी आर्ट्स के पदों के साक्षात्कार 14 फरवरी को। पीजीटी कॉमर्स, पीजीटी ज्योग्राफी, पीजीटी इकोनॉमिक्स, पीजीटी मैथ, कंप्यूटर साइंस लैक्चर के 18 फरवरी को आयोजित किए जाएंगे।

पीजीटी फिजिक्स, पीजीटी केमिस्ट्री, पीजीटी बायोलॉजी, पीजीटी हिंदी, पीजीटी हिस्ट्री, पीजीटी पोल साइंस, पीजीटी इंग्लिश के पदों के साक्षात्कार 21 फरवरी को आयोजित किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### कौन-कौन से कागजात साथ लाएं अभ्यर्थी

**पूर्व** सैनिकों तथा आश्रितों को साक्षात्कार के समय अपने साथ डिस्चार्ज बुक, सैन्य सेवा विवरण, शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं तकनीकी योग्यता के सभी प्रमाण पत्र लाने होंगे। इसके अलावा विकलांग पूर्व सैनिकों के लिए सैन्य रिकॉर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त विकलांगता प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। इसके अलावा रोजगार कार्यालय द्वारा जारी किए गया नवीनतम एक्स-10 कार्ड जो नियमानुसार नवीनीकरण और कंप्यूटराइज्ड होना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि आपका पंजीकरण लैप्स हो चुका है तो आपको साक्षात्कार में शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिकों के लिए प्रवेश का समय सुबह 10 से 11 बजे और कागजातों के जांच का समय 11 से 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जितने भी पदो के साक्षात्कार लिए जाएंगे उनके लिए पैनल बनाए जाएंगे।

# मुख्याध्यापक ने मर्ज नहीं होने दिया बारीं का स्कूल

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

विकासखंड टौणी देवी के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला बारीं में जब अशोक कुमार शर्मा ने मुख्य शिक्षक के रूप में ज्वाइन किया तो स्कूल में केवल तीन छात्र पढ़ाई कर रहे थे। इसके अलावा स्कूल के आसपास दो निजी स्कूल चल रहे थे।



सरकारी स्कूल बंद होने के कगार पर था, लेकिन अशोक कुमार ने सरकारी स्कूल में शिक्षा की लौ को जलाए रखने के लिए प्रण लिया। उन्होंने अपनी आधी से भी ज्यादा सैलरी स्कूल में लगा दी। आज स्कूल में 18 विद्यार्थी हैं और सभी छात्र प्रवासी गरीब परिवारों से संबंध रखते हैं। मुख्य शिक्षक अशोक कुमार 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन स्कूल के प्रति उनके त्याग को स्थानीय लोग लंबे समय तक याद रखेंगे। स्कूली बच्चों को बढ़िया कॉपियां, बैग, वर्दियां, स्वेटर व अन्य सामान पर अशोक शर्मा अपने वेतन से खर्च कर देते आ रहे हैं।

स्कूल में अध्यापकों की कमी थी तो शिक्षा विभाग से मंजूरी लेकर उन्होंने दो अध्यापक स्कूली बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए रखे। उनका मानदेय भी अशोक शर्मा ही देते रहे। तीन साल तक अशोक कुमार ने स्कूल को अन्य स्कूल में मर्ज होने से बचाया हुआ है। अब सेवानिवृत्ति के बाद स्कूल और बच्चों का भविष्य क्या होगा, इसकी भी चिंता उन्हें सता रही है। अशोक कुमार ने बताया कि सरकारी स्कूलों में गरीब परिवारों से बच्चे पढ़ते हैं।

मां-बाप दिहाड़ी मजदूरी करते हैं और वह एक-एक पैसे की कदर करते हैं। ऐसी स्थिति में उन्होंने प्रण लिया कि वह राजकीय प्राथमिक विद्यालय बारीं को मर्ज नहीं होने देंगे और तय छात्र संख्या को बनाए रखेंगे। मिड-डे मील में भी बच्चों को बढ़िया पौष्टिक आहार देने में कमी नहीं रखी गई। वह बेशक 31 दिसंबर को रिटायर हो जाएंगे, लेकिन स्कूल और बच्चों के भविष्य के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। सरकारी स्कूलों में मुख्य शिक्षक अशोक कुमार जैसे अध्यापकों की निहायत जरूरत हो जो विद्या के मंदिर में सच में शिक्षा की लौ जलाने में कभी पीछे नहीं हटे।

इस बारे में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि मुख्य शिक्षक की सेवानिवृत्ति के कार्यक्रम संपन्न होने से पहले स्कूल में नया अध्यापक लगा दिया जाएगा।

### मिसाल : अपनी आधी सैलरी से रखे अध्यापक और बढ़ाई छात्रों की संख्या

# नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले दोषी पिता को 25 वर्ष का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश हमीरपुर ने अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी पिता को दोषी ठहराया है। पीड़िता बच्ची की शिकायत पर महिला थाना, हमीरपुर में आरोपी के विरुद्ध करीब डेढ़ साल पहले आईपीसी और धारा 6 पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

दोषी पीड़िता बच्ची का पिता था और ड्राइवर के पद पर कार्यरत था। आरोपी पिता के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने के बाद मुकदमा संदीप अग्निहोत्री, विशेष लोक अभियोजक हमीरपुर द्वारा चलाया गया और आरोपी के विरुद्ध आरोपों के समर्थन में 20 गवाहों की जांच की गई। न्यायालय ने दोषी को धारा 6 पोक्सो अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध के लिए 25 वर्ष के कठोर कारावास तथा 1,00,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है तथा जुर्माना अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा सुनाई है। इसके अतिरिक्त न्यायालय ने पीड़ित लड़की को 5,00,000 रुपए का मुआवजा भी दिलवाया है।

### एक लाख रुपए जुर्माने की भी सुनाई सजा

## अधिकारी ने बाबा बालक नाथ मंदिर की जांची व्यवस्था

**एसके ठाकुर, बड़सर।** नववर्ष के उपलक्ष्य में बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को मद्देनजर रखते हुए मंदिर अधिकारी संदीप चंदेल ने ऊपरी बाजार से लेकर लोअर बाजार तक स्थिति का जयाजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई कर्मचारियों और दुकानदारों को कड़े निर्देश दिए और सरायों में शौचालयों और पीने के पानी तथा अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। मंदिर अधिकारी ने वेरियर नंबर 1 के पास बने शौचालय का भी निरीक्षण किया तथा बंद पड़े शौचालय को भी दोबारा जल्द से जल्द चालू किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



## धनेटा कॉलेज में जांचा 100 लोगों का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि स्वरूप जिला चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर व खंड चिकित्सा अधिकारी नादौन की सहायता से एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इसमें 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस शिविर का उद्घाटन राजकीय महाविद्यालय धनेटा के प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ. शिवानी, नरेंद्र सिंह, हेल्थ सुपरवाइजर, पब्लिक हेल्थ सेंटर धनेटा, तनुज बाला, एएनएम किरण बाला, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सुश्री विद्या देवी, आशा वर्कर ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

## सांसद खेल महाकुंभ से युवाओं ने बनाई पहचान : उषा बिरला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान में हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा संचालित सांसद खेल महाकुंभ का हजारों युवा लाभ ले चुके हैं। अब तक इस महाकुंभ के दो चरण आयोजित किया जा चुके हैं जिसमें हजारों युवाओं ने भाग लेकर अपनी पहचान बनाई है। तीसरे चरण का आयोजन भी 2025 में किया जा रहा है जिसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया 5 जनवरी 2025 तक होगी। यह बात जिला भाजपा उपाध्यक्ष उषा बिरला ने कही।



**अनदेखी** अढ़ाई साल से परेशान लोग, लापरवाह निर्माण कंपनी पर कोई नहीं कस रहा नकेल

# हमीरपुर-आवाहदेवी एनएच पर सड़क बनी तालाब

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

करीब अढ़ाई साल से बन रहे नेशनल हाईवे नंबर 3 की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। पिछले दो दिन की बारिश ने लोगों की दिक्कतें और बढ़ा दी है। हमीरपुर से लेकर आवाहदेवी तक जगह-जगह कीचड़ फैल गया है। कई जगह पानी के तालाब बने हुए हैं। लापरवाह निर्माण कंपनी पर नकेल कसने वाला कोई नहीं है।

लोग पिछले अढ़ाई साल से परेशान हैं, लेकिन सड़क निर्माण को लेकर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। लोगों ने तो अब लोकल जन प्रतिनिधियों की चुप्पी को लेकर भी अंगुलियां उठाना शुरू कर दी हैं। लोगों की जुबां पर अब सिर्फ यही प्रश्न है कि कब समस्या से निजात मिलेगी। ग्रामीणों देशराज, भूमि राज, दलजीत, राजेश, राकेश, बलवंत चौहान, हंसराज, अनूप कुमार, संजीव कुमार इत्यादि ने सड़क मार्ग को युद्धस्तर पर कार्य कर पूर्ण करने की मांग की है।



हमीरपुर-आवाहदेवी खस्ताहाल सड़क, जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

### यहां हैं सबसे ज्यादा खराब हालात

हमीरपुर से लेकर आवाहदेवी तक सबसे खराब हालात कोट, ठाणा, दरकोटी, टौणी देवी बाजार, बारी मंदिर की चढ़ाई, कोल्हू सिद्ध, बराड़ा, पंजोत, समीरपुर और अवाहदेवी बाईपास के पास के बने हुए हैं। बारी मंदिर और कोल्हू सिद्ध में तो बड़ी गाड़ियां निकालना रिस्की बना हुआ है। दरकोटी, टौणी देवी बाईपास और संगरोह बाईपास अभी भी अधूरे पड़े हुए हैं।

**गावर को ठेका, सूर्य कंपनी कर रही निर्माण :** नेशनल हाईवे नंबर 3 के खंड 141 किलोमीटर से लेकर 181 किलोमीटर तक का कुल 40 किलोमीटर जो कि हमीरपुर से करनोहल तक है, का ठेका मैसर्स गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी को 22 जून, 2022 को अवार्ड हुआ जिसकी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस 223.272 करोड़ रुपए है। ईपीसी पद्धति से विश्व बैंक की ऋण सहायता से हरित राजमार्ग गलियारा परियोजना तहत यह कार्य 20 दिसंबर, 2024 को पूरा होना था तथा इसके अगले 5 साल तक सड़क का रखरखाव कंपनी ने करना था।

यह ठेका सूर्य कंस्ट्रक्शन कंपनी को सबलेट हुआ, जिस पर पहले से ही कई सवाल उठ रहे हैं। इस निर्माणाधीन नेशनल हाईवे की ऑथोरिटी इंजीनियर एजेंसी जो कि एलएन मालवीय इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से है, पिछले अढ़ाई साल से कहीं नजर नहीं आई। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस बारे में एनएचएआई के साइट इंजीनियर सुशील कुमार ने बताया कि निर्माण कंपनी को तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने के आदेश दिए गए है। डेंजर साइट्स को जल्द ठीक किया जा रहा है। वहीं, निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत ने बताया कि टौणी देवी, बारी मंदिर और बराड़ा में जल्द ही सड़क की स्थिति सुधारी जा रही है।

# सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के लिए ऋण में न हो देरी : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जिले के सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत प्रायोजित किए गए ऋण एवं सब्सिडी के मामलों को लंबित न रखें और इन्हें तुरंत मंजूरी प्रदान करें। अगर किसी मामले में कोई कमी है तो उसके बारे में भी अतिशीघ्र निर्णय लें।

हमीर भवन में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी बैंक आम लोगों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण प्रदान करें। इससे बैंकों का अपना करोबार बढ़ेगा और जिले की सीडी रेशो यानि ऋण-जमा अनुपात में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर को समाप्त हुई दूसरी तिमाही तक जिले में सभी बैंकों की कुल जमा राशि लगभग 15200.73 करोड़ रुपए रही, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1279.85 करोड़ अधिक है। इस दौरान जिला का ऋण-जमा अनुपात 23.37 प्रतिशत रहा। सरकार की प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर विशेष रूप से फोकस किया जाना चाहिए। 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना के लगभग 2097.67 करोड़ रुपए के लक्ष्य के तहत दो तिमाही में जिला में विभिन्न बैंकों के माध्यम से 1375.56 करोड़ रुपए के ऋण आवंटित किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि जिले के 43,243 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए जा चुके हैं। इस अवसर पर मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक टशी नमग्याल ने विभिन्न योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। पीएनबी आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने संस्थान की गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत करवाया। बैठक में विभिन्न बैंकों और विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 4 जनवरी तक बिजली बिल जमा करवाएं हमीरपुर-1 के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले गांव सलासी, झनियारी, खग्गल, दड़ूही, कुठेड़ा, नाल्टी, बाड़ी, फरनोल, मसियाणा, डुढाणा, ब्राहलड़ी, धनेड़ और आसपास के गांवों के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 4 जनवरी तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुनील कुमार ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 4 जनवरी से पहले उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें, अन्यथा बिजली के कनेक्शन सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

**मैं, वेद प्रकाश शर्मा** पुत्र स्वर्गीय तुलसीराम गांव खरीगण डाकघर भरेड़ी तहसील भोरंज जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र लक्ष्य शर्मा व उसकी धर्मपत्नी प्रियंका शर्मा मेरे कहने सुनने से बाहर है। अत: में इन दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके साथ लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. मनमोहन सिंह की स्मृति में उमंग का रक्तदान शिविर कल

**शिमला।** उमंग फाउंडेशन पहली जनवरी को नववर्ष पर ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्य स्मृति में विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन करेगा। इस अवसर पर प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह मुख्यातिथि होंगे। शिमला के विधायक हरीश जनारथा और पद्मश्री डॉ. ओमेश भारती विशिष्ट अतिथि होंगे। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि भीषण ठंड के मौसम में शिमला के अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से यह रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक की टीम शिविर में रक्त संग्रह करेगी।

### जरूरतमंदों को विश्वास एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी ने बांटे वस्त्र



**शिमला।** विश्वास एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी द्वारा विभिन्न स्थानों पर जरूरत मंद लोगो को वस्त्र वितरित किए गए। सोसायटी के चेयरमैन अनिल गोयल ने कहा कि जितना संभव होगा जरूरत मंद लोगो की मदद करते रहेंगे। उन्होंने सभी लोगों से आवाहन किया कि इस ठंड के मौसम में जितना संभव हो सके ऐसे लोगों की सहायता के लिए मिल-जुल कर आगे आए, जो सही मायने में इस सहायता के हकदार है। गोयल ने कहा कि सरकार झुगी झोपडी में रहने वाली के लिए स्थाई निवास का बंदोबस्त करे ताकि उन्हें ठंड मेंठिठुरना न पड़े।

### प्रदेश वॉलीबॉल टीम के चयन पर विवाद, लगे भेदभाव के आरोप

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश वॉलीबॉल टीम के चयन पर विवाद खड़ा हो गया है। खिलाड़ियों ने भेदभाव के आरोप लगाए हैं और कहा है कि कोच ने अपने बेटे को टीम में शामिल करने के लिए कई खिलाड़ियों को प्रदेश स्तरीय टीम से बाहर कर दिया है। खिलाड़ियों का कहना है राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल कैंप में शामिल हो चुके खिलाड़ी और पिछले कई सालों से हिमाचल बॉलीबाल टीम में खेल रहे खिलाड़ियों को भी टीम से बाहर कर दिया गया है। खिलाड़ियों ने सोमवार को सीएम सुक्खू के मीडिया एडवाइजर नरेश चौहान से मिलकर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इसके बाद नरेश चौहान ने खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री से मिलवाया। मुख्यमंत्री ने खेल विभाग के निर्देशक को तुरंत प्रभाव से जांच करने और दोबारा ट्रॉयल करवाने के निर्देश दिए। हालांकि, खिलाड़ियों को निर्देशक द्वारा कमेटी बनाने का आश्वासन दिया गया है, लेकिन वे अभी भी निराश हैं। वहीं इस मामले पर खेल मंत्री यादवेंद्र सिंह गोमा ने कहा कि इस पर विभाग द्वारा जांच की जा रही है। अगर कुछ अनुचित पाया गया तो उसके खिलाफ कारवाई की जाएगी।

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर करेंगे नशे के खिलाफ जागरूक

**शिमला।** शिमला जिला के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ उपायुक्त अनुपम कश्यप ने विशेष बैठक आयोजित की । जिला की आम जनता को नशे के खिलाफ सोशल मीडिया इन्फलुएंसर जागरूक करेंगे। इस बैठक में दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला में नशे के प्रति आम जनता को जागरूक करने में सोशल मीडिया बड़ी भूमिका है। ऐसे में जिला के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस मौके पर एडीएम प्रोटोकॉल ज्योति राणा, शिवानी ठाकुर, पवन द्राग्टा, गुर इकबाल सिंह, सुंधाशु गर्ग, लक्की गर्ग और हरविंद्र मौजूद रहे।

### चौपाल-देहा मार्ग पर दो दिन बाद फिर दौड़ने लगे वाहन

**चौपाल/नेरवा।** शुक्रवार-शनिवार को दिसंबर माह में हुई तीसरी बर्फवारी के चलते चौपाल-शिमला मार्ग देहा और चौपाल के बीच बंद हो गया था। इस मार्ग पर दो दिन के बाद एक बार फिर से छोटे-बड़े सभी वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है, जबकि इसके अतिरिक्त बंद हुए कुछेक लोकल रूटों पर भी यातायात सामान्य हो गया है। इन सड़कों पर शुक्रवार से रविवार दोपहर तक यातायात बंद रहा, जबकि रविवार को लोक निर्माण विभाग ने चौपाल शिमला सहित लोकल रुट की अधिकांश सड़कों को वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया है। अड्डा इंचार्ज चौपाल हीरा लाल ने बताया कि सोमवार को चौपाल से सरांह-शिमला,लाणी बमटा-शिमला,रास्त-शिमला और कुटांगण-शिमला बसें शिमला के लिए भेजी गईहै, जबकि शिमला से भी उपरोक्त सभी रूटों की बसें नेरवा और चौपाल के लिए रवाना हो चुकी है, जिनके अपने अपने समय पर निर्धारित स्थानों पर पंहुचने की आशा है।



**शिमला।** हिमाचल युवा कांग्रेस के हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में नव निर्वाचित युवा कांग्रेस जुब्बल-नावर-कोटखाई की कार्यकारिणी ने सचिवालय में हिमाचल प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात की। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी निर्वाचित युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को बधाई दी।

# शिमला में अब पुरुष भी देंगे टॉयलेट टैक्स

## नगर निगम ने महिलाओं की तर्ज पर शुल्क के रूप में पांच रुपए वसूलने का लिया फैसला

**रवींद्र जस्टा, शिमला**

नगर निगम शिमला की मासिक बैठक सोमवार को आयोजित की गई, जिसमें नगर निगम शिमला ने लोगों को नए साल पर टॉयलेट टैक्स का तोहफा दिया है। बैठक में यह तय किया गया है कि अब सभी को पेशाब करने के 5 रुपए देने होंगे। महिलाओं के लिए यह नियम पहले से ही थे। नगर निगम मेयर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि नगर निगम शिमला के तहत 130 शौचालय आते हैं।

फिलहाल 25 से 30 शौचायलयों पर यूजर चार्ज लगाने की तैयारी की जा रही है। आपको बता दें कि नगर निगम शिमला की परिधि में आने वाले टॉयलेट में अब पुरुषों को भी टॉयलेट इस्तेमाल करने के लिए शुल्क चुकाना पड़ेगा। नगर निगम शिमला ने 30 टॉयलेट को चिन्हित किया है, जहां फुटफॉल अधिक है। नगर निगम का कहना है कि हाईकोर्ट ने नगर निगम से पूछा था कि महिलाओं से शुल्क लिया जाता है, तो पुरुषों से शुल्क क्यों नहीं लिया जाता।

इसी बात का स्पष्टीकरण देने के लिए अब नगर निगम शिमला की परिधि में आने वाले कुछ टॉयलेट में कार्ड बनाए जाएंगे, जिनमें मासिक तौर पर लोगों को 100 से 150 रुपए तक चुकाने होंगे।



नगर निगम शिमला वेस्ट टू वंडर पार्क का निर्माण करने जा रहा है। इसे बनाने के लिए स्क्रैप का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके निर्माण कार्य पर करीब 60 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। नगर निगम की मासिक बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। शहर के रिज मैदान के साथ बने पदम देव परिसर से लेकर रिज स्थिरिकरण संरचना और रिवॉली से पुराना लक्कड़ बाजार बस स्टैंड तक क्षेत्र का विस्तारीकरण किया जाएगा। इस पार्क को अपशिष्ट सामग्री का इस्तेमाल कर सुंदर संरचनाएं बनाई जाएंगी।

ऐसे में यह पार्क पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। नगर निगम द्वारा शहर की विभिन्न जगहों पर इकट्ठा किए गए स्क्रैप की ऑक्शन की जानी थी, लेकिन अब निगम प्रशासन इस स्क्रैप को पार्क बनाने के लिए इस्तेमाल करेगा। यहां एक फ्लाईओवर का निर्माण भी किया जाएगा।

इसे भी स्क्रैप की मदद से बनाया जाएगा। इससे शहर का यह क्षेत्र काफी आकर्षक लगेगा। इसके लिए नगर निगम जल्द ही प्रस्ताव तैयार करेगा। इसके निर्माण के लिए प्रदेश सरकार से बजट की मांग की जाएगी। नगर निगम ने पार्क बनाने के लिए एक साल की समय अवधि रखी है।

शिमला के कार्ट रोड़ पर नगर निगम द्वारा बहुउद्देश्यीय मॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके बनने से नगर निगम कार्यालय के छत के नीचे होगा। यह मॉल कार्ट रोड से सब्जी मंडी, लोअर बाज़ार, मालरोड तक क्षेत्र में बनाया जाएगा।

इसके निर्माण कार्य पर करीब 300 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इसके लिए निगम प्रशासन प्रदेश सरकार से बजट की मांग करेगा। इस बहुउद्देश्यीय मॉल में लोगं को विभिन्न प्रकार की दुकानों, मल्टीप्लेक्स और मनोरंजन केंद्र, फूड कोर्ट और कैफे, अंडरग्राउंड पार्किंग सुविधा मिलेगी। इसकी डीपीआर लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की जाएगी। नगर निगम कार्यालय इस भवन में शिफ्ट होने से शहरवासियों को काफी फायदा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

# बजट में घोषित आदर्श स्वास्थ्य संस्थाओं का क्या हुआ : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सीएम सुक्खू से पूछा कि पहले बजट के दौरान प्रदेश के लोगों से आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोलने का जो वादा सरकार द्वारा किया गया था उसका क्या हाल है? क्या प्रदेश में 69 आदर्श संस्थान बन गए? उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो गई?

मुख्यमंत्री ने अपने पहले बजट स्पीच के पृष्ठ संख्या 13 पैरा नंबर 37 में सदन के भीतर प्रदेश के लोगों से यह वादा किया था कि उनकी व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार प्रदेश में 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाएगी, जिसमें हर प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध रहेगी। 2 साल पहले बजट के दौरान की गई घोषणा में सरकार एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाई हैं। अपने दूसरे बजट में मुख्यमंत्री ने झूठ की एक और सीमा पार की और उन्होंने कहा की प्रदेश के जिला अस्पताल में चयनित आदर्श स्वास्थ्य केंद्रों पर 'कैंसर डे केयर सेंटर' भी बनाया जाएगा वहां पर पल्लेटिव केयर यूनिट भी चलाई जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अपने बजट भाषण में मुख्यमंत्री ने कहा था कि घोषित किए गए 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्य विभिन्न चरणों में है और 2024-25 में इनमें से अधिकांश को पूरा कर लिया जाएगा। नया बजट आने में अब लगभग दो महीनें का समय ही शेष है, ऐसे में मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि उनके बजट भाषण के दौरान की गई इन घोषणाओं का क्या हुआ?

जयराम ठाकुर ने कहा जमीनी स्तर पर मैंने विभिन्न क्षेत्रों में इसकी पड़ताल की। स्थानीय लोगों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रदेश के आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों का हाल जाना। हकीकत हैरानी भरी है। लगता है सरकार अपने बजट भाषण में किए गए वादों को ही चुनावीं भाषण की तरह भूल गई है।

# न्यू ईयर पर चप्पे-चप्पे पर रहेगा पुलिस का पहरा, हुड़दंगबाजियों की खैर नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी में न्यू इयर को लेकर जहां पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं अब पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अपनी कमर कस ली है। न्यू इयर में सुरक्षा का जिंमा महिला पुलिस सहित 300 से अधिक जवानों को सौंप दिया हैं। पुलिस ने इन सभी जवानों की ड्यूटियां लगा दी हैं।

शहर को पुलिस ने 5 सेक्टरों में बांटा है। शोघी से लेकर फागू तक प्रत्येक सेक्टर में एक बड़ा अधिकारी तैनात किया है। न्यू इयर के दिन सबसे ज्यादा रिज व मालरोड पर शाम के समय में पुलिस का पहरा रहेगा, ताकि शरारती तत्व किसी भी प्रकार की कोई हरकत न कर सके।



**तीसरी आंख से भी रहेगी नजर**

**रिज** व माल रोड पर सबसे ज्यादा लोग जश्न मनाते है। ऐसे में अतिरिक्त पुलिस की जरूरत भी यहीं पर पड़ती है, लेकिन सबसे बड़े फायदेमंद की बात तो यह होगी की यहां पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं।

**शहर में वाहनों की हो रही चेकिंग**

**शिमला** शहर में आने वाले वाहनों की पुलिस ने चेकिंग करना शुरू कर दी है। पुलिस को शक है कि शहर के अंदर कोई शरारती तत्व किसी भी तरह की गुंडगर्दी न करे।

## विधानसभा अध्यक्ष से भेंट



शिमला। जाईका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक समीर रस्तोगी, परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नंद शर्मा तथा परियोजना के अन्य अधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नव वर्ष 2025 का कैलेंडर भेंट किया। यह परियोजना हिमाचल प्रदेश सरकार की वन परिस्थितिकी तंत्र, प्रबंधन और आजीविका में सुधार के लिए चलाई जा रही है तथा जापान व भारत सरकार के संयुक्त तत्वधान में यह परियोजना कार्य कर रही है।

# शिमला-मनाली के साथ अन्य पर्यटन स्थल भी विकसित करे सरकार : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन पूरे जोर पर है। शिमला में एक लाख गाड़ियां पहुंच गई, होटलों में जगह नहीं। कुछ पर्यटक भयंकर सर्दी में बाहर सोने पर मजबूर, अखबार में एसी फोटो छपी है। उन्होंने कहा कि शिमला और मनाली ही हिमाचल नहीं है।

प्रदेश में और भी अति सुंदर पर्यटक स्थान है। सरकार वहां जाने के लिए भी पयटकों को प्रेरित करे।



शांता कुमार ने कहा अटल बिहारी वाजपाई जब विदेश मंत्री थे। एक कार्यक्रम में मैं उनको कुल्लू से ला रहा था। धौलाधार बर्फ से ढकी हुई यी, नजर पड़ते ही अटल जी उछल पड़े, जोर से कहा रोको-रोका, कार से उतर का बहुत देर बर्फ से ढकी धौलाधार को देखते रहे और फिर कहा, 'मैं विदेश मंत्री हूं पूरी दुनिया घूमता हूं परन्तु बर्फ से ढकी हुई धौलाधार का इतने निकट से ऐसा दृश्य विश्व में बहुत कम है।'

उन्होंने कहा कि पालमपुर के स्वास्थ्य केंद्र कायाकल्प में भारत ही नहीं विदेशों से हजारों लोग आते है। कई बार कुछ लोगों ने कहा कि हम स्वास्थ्य लाभ के लिए ही नहीं बर्फ से ढकी धौलाधार को देखने के लिए भी आते है।

## मकर संक्रांति मेले को लेकर प्रशासन सुस्त : बाबू राम

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** तत्तापानी में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में 13 व 14 जनवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मकर संक्रांति मेले को लेकर प्रशासन सुस्त रवैया अपना रहा है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री एवं तत्तापानी पंचायत के पूर्व उपप्रधान बाबू राम शर्मा ने कहा गया कि मेले को महज 12 दिन शेष बच्चे है, लेकिन आज तलक प्रशासन मेला कमेटियां गठित करने में नाकामयाब रही है।



उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर बाहरी राज्यों के अस्थायी व्यापारियों ने अपनी दुकानों सजनी आरंभ कर दी है, लेकिन प्रशासन अभी तक मेले संचालन हेतु कमेटियां गठित नहीं कर पाए है।

उन्होंने कहा कि बीते वर्ष प्रशासन द्वारा मेले के दौरान भारी अनियमितता बरती, आज भी बीते दो वर्ष पूर्व की देनदारियां अभी शेष है। तत्तापानी बस ठहराव पर बने शौचालय पर भी ताला लटका है । तत्तापानी स्थित शौचालय बीते मेले के दौरान महज एक महीना भी नहीं चल पाया। (अनंत ज्ञान)

# सुन्नी कॉलेज में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**



शिविर के समापन के दौरान प्रस्तुति देते स्वयंसेवक।

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर अंजली चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। दीप प्रज्वलन व स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस गीत से कार्यक्रम का आगाज हुआ। कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति शबनम द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय एकता पर दमदार भाषण रहा।

तत्पश्चात नुक्कड़ नाटक द्वारा साइबर क्राइम और ड्रग एब्यूज पर प्रकाश डाला। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा सोशल साइट्स द्वारा साइबर ठगों द्वारा खाइम को दिए जा रहे अंजाम के तौर तरीकों को बखूबी दर्शाया और साइबर क्राइम को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे कदमों तथा उपायों को भी दर्शाया। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा युवाओं में लगातार बढ़ रही नशे की आदतों बारे भी नाटक के माध्यम से जागरूक किया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों से समाज में एक संदेश दिया उसके लिए सभी स्वयंसेवक और कार्यक्रम अधिकारी बधाई के पात्र है। एनएसएस की गतिविधियों ने समाज में एक अमिट छाप छोड़ी है। स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित सामाजिक गतिविधियों से आमजन भी जागरूक हुआ है। इस अवसर पर एनएसएस इकाई अध्यक्ष सूर्य प्रकाश ने शिविर के दौरान आयोजित गतिविधियों बारे रिपोर्ट प्रस्तुत की और उपस्थित अतिथियों को स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित गतिविधियों बारे अवगत करवाया।

कार्यक्रम के अंत ने स्वयंसेवकों द्वारा हिमाचली नाटी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनमोहन ने कार्यक्रम में मौजूद अथिति गणों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रोफेसर सुष्मिता सहित समस्त कॉलेज स्टाफ भी मौजूद रहा। (अनंत ज्ञान)

# वन भूमि से कब्जा हटाने में बाधा बन रहे अतिक्रमणकारी

**दशमी रावत, रोहड़ू**

वन भूमि पर से कब्जा हटाना वन विभाग के लिए टेडी खीर बनता जा रहा है। उच्च न्यायालयों के आदेशों से वन विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने का कार्य तो कर रही है, लेकिन विभागीय कर्मचारियों को ऐसा करने से रोका जा रहा है। ऐसे ही एक मामले में विभाग की ओर से पुलिस में एफआईआर भी दर्ज की गई है। रोहड़ू वन मंडल क्षेत्र में 800 हेक्टेयर(10 हजार बीघा) भूमि पर अतिक्रमण है।

अतिक्रमण के 2500 मामले दर्ज है। अतिक्रमण के करीब 50 ऐसे मामले है, जिन पर बेदखली के आदेश उच्च न्यायालय ने दे दिए हैं। इस पर वन विभाग द्वारा कार्यवाही अमल में भी लाई जा रही है।

वनमंडलाधिकारी रोहड़ू रवि शंकर शर्मा ने बताया कि किसान सभा के बैनर तले कुछ अतिक्रमणकारी विभाग पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे है, जबकि उच्च न्यायालय के आदेशनुसार कार्रवाही अमल में लाई जा रही है। बेदखली से पहले भूमि की पहचान के लिए अधिकृत राजस्व अधिकारियों द्वारा निशानदेही की जाती है।वन और राजस्व अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा निशानदेही की जा रही है। निशानदेही के बाद पहचान की गई भूमि को ही बेदखल किया जा रहा है।

# फर्जी सीबीआई और ईडी के नाम पर लाखों की ठगी के मामले में एक और गिरफ्तारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन पुलिस ने फर्जी सीबीआई और ईडी के नाम पर परवाणू के एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर करीब 18 लाख ठगने के मामले में राजस्थान से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसे आज कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अभियोग की आगामी जांच जारी है।

बता दें कि एक शिकायतकर्ता निवासी मुंबई ने पुलिस थाना परवाणू में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि गत 7 अक्तूबर को इन्हें मोबाइल नं. 97382-92415 से अजीत राव नामक व्यक्ति, जिसने अपने आपको डीएचएल कोरियर सर्विस से बताया, की कॉल आई।

अजीत राव ने बताया कि इनके आधार कार्ड का उपयोग चीन को पार्सल भेजने के लिए किया गया है, जिसमें अवैध ड्रग्स व कुछ



अन्य संदिग्ध सामान शामिल है तथा उपरोक्त पार्सल अब कस्टम विभाग की कस्टडी में है।

इसके उपरांत अजित राव नामक उपरोक्त व्यक्ति ने इस मामले की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाने के लिए शिकायतकर्ता की विनय कुमार नामक फर्जी सीबीआई अधिकारी से कॉल ट्रांसफर करके बात करवाई।

फर्जी सीबीआई अधिकारी ने इन्हें कहा कि वे इसके आधार नंबर के गलत इस्तेमाल की जांच के लिए एजेंसी को भी शामिल करेंगे, जिसने इन्हें बताया कि इस आधार कार्ड का इस्तेमाल मनी लांड्रिंग मामले में भी किया गया है, इन लोगों की धमकी व दबाव के कारण उन्होंने किश्तों में कुल 18,65,000 रुपए इनके बैंक खाता में ट्रांसफर कर दिए। इस पूरे प्रकरण के दौरान ये लोग इन्हें लगातार धमकियां दे रहे थे और यह दिनांक 7 अक्तूबर से 19 अक्तूबर की सुबह तक नजरबंद रहे। यह दिन-रात लगातार इनके साथ व्हाट्सएप वीडियो कॉलिंग पर थे। अभियोग की जांच में 3 आरोपियों को राजस्थान से पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है

इस अभियोग में अन्वेषण के दौरान पाया गया है कि ठगी के इस रैकेट के तार देश के कई अन्य राज्यों में भी फैले हैं। लिहाजा इस अभियोग के अन्वेषण की व्यापकता को देखते हुए पुलिस थाना परवाणू की टीम द्वारा अन्वेषण को आगे बढ़ाते हुए पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के बैंक खातों व मोबाइल फोनों का गहनता पूर्वक विश्लेषण किया गया है।

**परेशानी** — आईजीएमसी में करीब 37 विभाग, हर विभाग से 3 या 5 डाक्टर छुट्टी पर

# आईजीएमसी से आधे डॉक्टर छुट्टी पर, चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी में इन दिनों 50 फीसदी डॉक्टर छुट्टी पर जाने से स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई है, जिसके चलते मरीजों को अपना इलाज करवाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

सोमवार सुबह से ही ओपीडी में भीड़ लगी रही। यहां आधे से ज्यादा मरीजों का समय अनुसार चैकअप नहीं हो पाए। वहीं सबसे ज्यादा दिक्कतें तो उन मरीजों को हुई जिनका काफी समय पहले से एक ही डॉक्टर के पास इलाज चल रहा है। ऐसे में डॉक्टर के छुट्टी पर जाने से काफी सारे मरीज बिना चैकअप करवाएं ही वापस घर की ओर लौट गए, क्योंकि यह मरीज दूसरे डॉक्टर से इलाज नहीं करवाना चाहते है।

डॉक्टरों के छुट्टी पर जाने से पहला ही दिन था। आईजीएमसी में दो चरणों में डॉक्टर छुट्टी पर जा रहे हैं। पहले चरण में डॉक्टर छुट्टी पर चल रहे हैं। इनके वापस लौटने के उपरांत शेष 50 प्रतिशत डाक्टर अवकाश पर जाएंगे और छुट्टी से वापस लौटने वाले डाक्टर मरीजों को ओपीडी से लेकर ओटी तक सेवाएं देंगे। आईजीएमसी में करीब 37 विभाग है। हर विभाग से 3 या 5 डाक्टर छुट्टी पर गए हैं। डॉक्टरों का विंटर विकेशन हर साल होता है। ऐसे में अब स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों को छुट्टियों पर भेजा है। आईजीएमसी हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल होने के नाते यहां पर सैंकड़ों मरीज अपना उपचार करवाने आते हैं।



**पहले से एक ही डॉक्टर के पास चल रहे इलाज वाले मरीजों को हुई ज्यादा दिक्कतें**

स्वास्थ्य सुविधा की अगर बात की जाए तो प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधा देने के सब दावे खोखले नजर आ रहे हैं। यहां पर छुट्टियों का इसलिए भी फर्क पड़ रहा है कि पहले ही यहां पर डॉक्टरों की कमी चली हुई है। लोगों का यह तर्क है कि डॉक्टरों को छुट्टियां तो देनी चाहिए, लेकिन स्टाफ की कमी के चलते अगर तीन चरणों में छुट्टियां दी जाती तो बेहतर रहना था।


> आईजीएमसी में मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जा रही है। यहां परेशानी वाली कोई बात नहीं है। जनता को भली-भांती पता है कि डॉक्टर दिन-रात काम करते आ रहे हैं। डॉक्टर पर काम का भी काफी बोझ पड़ा होता है। ऐसे में डॉक्टर दो चरणों में छुट्टी पर हैं। पहले चरण में डॉक्टर छुट्टी पर चले गए हैं। जो डॉक्टर छुट्टी पर नहीं गए है वे उन डॉक्टरों का काम भी देख रहे है जो छुट्टी पर गए हैं। आईजीएमसी में मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कतें नहीं आने दी जाएगी।
>
> **-डॉ. सीता ठाकुर**
> **प्रिंसिपल आईजीएमसी।**

स घोषो धार्तराष्ट्राणां हृदयानि व्यदारयत्।
नभश्च पृथिवीं चैव तुमुलो व्यनुनादयन्।।

**भावार्थ :** और उन भयानक शब्द ने आकाश और पृथ्वी को भी गुंजाते हुए धार्तराष्ट्रों के अर्थात आपके पक्ष वालों के हृदय विदीर्ण कर दिए॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 31 दिसंबर 2024

# श्री नयना देवी मंदिर



**असुर** महाबली महिषासुर के उत्पात से देवताओं की रक्षा करने वाली माता श्री नयना देवी शक्तिपीठ लाखों हिंदुओं व सिखों की अटूट आस्था की प्रतीक है। हिमाचल प्रदेश व पंजाब के सीमावर्ती धार श्रीनयना देवी के त्रिशंकु आकार के ऊंचे शिखर पर स्थित माता का यह पावन स्थल 52 शक्तिपीठों में से एक है। लोकश्रुति के आनुसार कहलूर रियासत के संस्थापक राजा वीर चंद माता श्री नयना देवी जी के परम भक्त थे तथा वह माता के साथ चौसर खेलता था। सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह ने माता की कठोर उपासना करके मंदिर परिसर के हवन कुंड में सवा सौ मन का हवन किया था। माता ने प्रसन्न होकर उन्हें अलौकिक तलवार भेंट की थी। महिषासुर मर्दनी के नाम से विख्यात माता श्री नयना देवी का मंदिर बिलासपुर जिले के पश्चिमी छोर व आनंदपुर साहिब के ऊपर शिखर पर विराजमान है। समुद्र तल से शिखर की ऊंचाई 3590 फुट से अधिक है। नवरात्र के दिनों में मंदिर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जुटती है।

रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

## यहां सती के गिरे थे नयन

**माता** इस स्थान पर कैस प्रकट हई? इस बारे में तीन जनश्रुतियां प्रचलित हैं। बताया जाता है कि एक बार दक्ष प्रजापति ने विशाल यज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ में त्रिलोकीनाथ भगवान शिव के अलावा समस्त देवी-देवताओं को आमंत्रित किया था। सती पिता द्वारा पति का अपमान सहन नहीं कर पाई। वह पति से जिद्द करके अपने पिता द्वारा रचाए गए यज्ञ में चली गई। यज्ञशाला में सभी देवी-देवताओं के आसन लगे थे, लेकिन भोलेनाथ के लिए कोई स्थान नहीं था। इस दृश्य को देखकर वह अपना आपा खो गई तथा क्रोधित होकर नजदीक ही जल रहे हवनकुंड में छलांग लगा दी। वहां पहुंचे शिवगणों ने इस दर्दनाक घटना को देखकर खूब उत्पात मचाया तथा यज्ञ को विध्वंस कर दिया। अंतर्यामी भगवान शिव को इसका पूर्वानुमान था। घटना के घटित होने के साथ ही हवनकुंड के पास पहुंचे तथा सती के अधजले शरीर को कंधे पर उठायाकर तांडव शुरू कर दिया। भोलेनाथ के गुस्से से धरती कांपने लगी तथा आकाश डोलने लगा। इससे उपस्थित सभी देवी-देवता घबरा गए। भगवान शिव ने सती के अधजले शरीर को कंधे पर उठाकर हिमालय की ओर चल दिए। किसी अनिष्ट होने के भय से भगवान विष्णु उनके पीछे हो लिए तथा अपने सुदर्शन चक्र से सती के अधजले शरीर के एक-एक अंग काटना शुरू किया। जहां-जहां अंग गिरे वहां-वहां शक्ति पीठों की स्थापना हुई। धार्मिक मान्यता के अनुसार भारत उपमहाद्वीप में 52 शक्तिपीठ हैं। इनमें से श्री नयना देवी जी एक प्रमुख शक्तिपीठ ह। मान्यता है कि इस स्थान पर सती के नयन गिरे थे।

## महिषासुर मर्दिनी

**एक** अन्य जनश्रुति के अनुसार रंभ व करंभ नामक दो राक्षस थे। वर्षों तक उनके कोई संतान नहीं थी। इसके लिए दोनों दैत्यों ने भगवान ब्रह्मा की कठोर तपस्या की। उनके तप से देवराज इंद्र का सिंहासन डोलने लगा। देवराज ने छल करके करंभ को मार दिया, लेकिन रंभ ने पुत्र प्राप्ति का वरदान प्राप्त कर लिया। उससे महिषासुर नामक बलशाली राक्षस पैदा हुआ। महिषासूर ने भी कठोर तपस्या से यह वरदान पाया था कि उसे न कोई मानव न कोई दानव और न ही कोई जानवर मार सकेगा। उसकी मौत एक कन्या के हाथों होगी। इसलिए वह खुश था कि एक कन्या उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ पाएगी। वरदान प्राप्त करने के बाद महिषासुर तीनों लोकों में उत्पात मचाने लगा। इससे देवता भी मुश्किल में पड़ गए। अपनी व्यथा को लेकर देवगण भगवान ब्रह्मा के पास पहुंचे तथा महिषासुर के उत्पात से छुटकारा पाने के उपाय खोजने का आग्रह किया। ब्रह्मा जी की सलाह पर सभी देवताओं ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया। हवन करते समय हवनकुंड से एक कन्या की उत्पत्ति हुई। खुशी से उपस्थित सभी देवताओं ने जय श्री नयना का जयघोष किया। कन्या रूपी दुर्गा भवानी ने महिषासुर को मार कर उसका कपाल ब्रह्मा जी को भेंट किया। ब्रह्मा जी ने वहां निकट ही उसकी स्थापना कर दी। उस स्थान को कपाल कुंड के नाम से जाना जाता है। महिषासुर का वध करने के कारण ही मां को महिषासुर मर्दिनी के नाम से जाना जाने लगा।

## राजा वीरचंद से जुड़ी कहानी

**तीसरी** जनश्रुति के अनुसार मंदिर परिसर का यह स्थान कभी वीरान जंगल था। नजदीकी बस्ती का नयना नामक गुज्जर उस ओर अपने पशु चराने ले जाया करता था। उसकी एक बछड़ी जिसने बच्चे को जन्म नहीं दिया था, प्रतिदिन आंख झपकते ही पहाड़ी के शिखर पर जाती तथा अगले ही पल अन्य पशुओं में शामिल हो जाती। एक दिन नयना गुज्जर ने उस बछड़ी का पीछा किया। वहां जाकर उसने जो दृश्य देखा, उसे देख कर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। बछड़ी के स्तनों से अपने आप ही पत्थरनुमा एक पिंड़ी पर दूधधारा प्रवाहित हो रही थी। अगले ही पल बछड़ी फिर अन्य पशुओं के साथ चरने लगी। नयना गुज्जर तत्कालीन कहलूर के राजा के दरवार में पहुंचा तथा वहां सारी घटना सुनाई। वीरचंद उस पहाड़ी पर पहुंचा। वहां खुदाई करने के बाद दो आंखों वाली छोटी सी पत्थर की पिंडी मिली। राजा ने सफाई करवाने के बाद उस पिंडी को वहीं स्थापित करवा दिया। बाद में वहां भव्य मंदिर का निर्माण करवाया गया। शशिवंश विनोद के अनुसार कहलूर रियासत के संस्थापक राजा वीरचंद को माता श्री नयना देवी जी का विशेष आशीर्वाद रहा है। माता के मार्गदर्शन में वीरचंद ने नजदीक ही जंदबड़ी नामक स्थान पर अपनी राजधानी बनाई तथा आसपास के क्षेत्रों के रुंड शासकों को हराया।

# हर परेशानी का समाधान मिलेगा राजस्थान के इस शिव मंदिर में



**राजस्थान** के डूंगरपुर में मौजूद देव सोमनाथ मंदिर का इतिहास करीब 1000 हजार साल पुराना बताया जाता है। कहा जाता है कि इस भव्य मंदिर का निर्माण 12वीं सदी में राजा अमृतपाल देव ने करवाया था। देव सोमनाथ मंदिर के बारे में यह कहा जाता है कि समय-समय पर कई आक्रमणकारियों ने इस मंदिर पर हमला किया, लेकिन फिर भी उनसे यह मंदिर नहीं मिट सका। आज यह मंदिर करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र है।

## मंदिर की वास्तुकला

**देव** सोमनाथ मंदिर की खासियत के साथ-साथ इस मंदिर वास्तुकला भी सैलानियों को खूब आकर्षित करती है। एक हजार साल पुराने इस मंदिर का निर्माण करीब 108 खंभों का किया गया है। सोम नदी के किनारे स्थित देव सोमनाथ मंदिर का निर्माण सफेद पत्थर से किया गया है। मंदिर के गर्भगृह में एक ऊंचा गुंबद है। मंदिर के चारों साइड में खुला मैदान है, जहां भक्त लाइन लगाकर खड़े रहते हैं।

## देव सोमनाथ मंदिर की खासियत

**देव** सोमनाथ मंदिर की खासियत ही भक्तों को यहां आने पर मजबूर कर देती है। इस पवित्र मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां जो भी सच्चे मन से अपनी परेशानियों को लेकर आता है, वो खुशी-खुशी घर जाता है। महाशिवरात्रि के दिन यहां भारी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। सावन के महीने यहां देश के हर कोने से भक्त गंगा जल अर्पण करने के लिए पहुंचते हैं। इस मंदिर को दुखों का निवारण स्थल भी माना जाता है।

## दर्शन का समय

**देव** सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए प्रतिदिन सुबह लगभग 6.00 बजे से रात 9.00 बजे तक खुला रहता है। हालांकि, महाशिवरात्रि और सावन के महीने में यहां अधिक भीड़ होने के चलते समय में बदलाव भी हो जाता है।

## कैसे पहुंचें?

देव सोमनाथ मंदिर पहुंचना बहुत ही आसान है। अगर आप फ्लाइट से जाना चाहते हैं, तो सबसे पास में महाराणा प्रताप हवाई अड्डा, उदयपुर में मौजूद है, जो करीब 120 किमी दूर है। अगर आप ट्रेन से जाना चाहते हैं, तो देश के किसी भी हिस्से में उदयपुर पहुंचकर डूंगरपुर के लिए लोकल ट्रेन पकड़ सकते हैं। आपको बता दें कि डूंगरपुर देश के बड़े-बड़े शहरों से ट्रेन द्वारा नहीं जुड़ा हुआ है, इसलिए आपको उदयपुर पहुंचना होगा।

# भुंडा महायज्ञ

## हिमालय की गोद में आध्यात्मिकता और परंपरा के मिलन का पर्व



स्पैल वैली के दलगांव में देवता बकरालू महाराज का मंदिर।

आने वाले नववर्ष के प्रथम सप्ताह में हिमाचल प्रदेश में शिमला जिले की शांत और सुरम्य स्पैल घाटी (दलगांव, रोहड़ू) में एक अद्वितीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होने जा रहा है भुंडा महायज्ञ। यह केवल एक पर्व नहीं है, बल्कि यह परंपरा, भक्ति और समुदाय का एक भव्य और दुर्लभ संगम है, जो भारत के सबसे प्रसिद्ध आध्यात्मिक आयोजन कुंभ मेला की धार्मिक-आध्यात्मिक परंपरा को रोहड़ू की देवभूमि में प्रतिध्वनित करता है। जैसे कुंभ मेला पवित्र नदियों के पवित्र संगम पर भक्ति, श्रद्धा और एकता का संगम होता है, वैसे ही भुंडा महायज्ञ स्पैल घाटी के लोगों के लिए एक पवित्र संगम है, जहां



आध्यात्मिकता और परंपरा हिमालय की गोद में मिलती हैं। भुंडा महायज्ञ इस क्षेत्र के इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर में गहरे से जुड़ा हुआ है। जैसे कुंभ मेला हर 12 वर्षों में होता है, वैसे ही भुंडा महायज्ञ भी विरले अंतरालों पर आयोजित होता है। इसलिए यह स्थानीय समुदाय और इससे परे के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बन जाता है। अब करीबन चार दशक के बड़े अंतराल पर रोहड़ू की स्पैल घाटी में भुंडा महायज्ञ पुनः आयोजित हो रहा है। यह महायज्ञ एक आध्यात्मिक-धार्मिक-सामाजिक आयोजन है। जहां लोक समुदाय न केवल दैव परंपराओं को फलित पोषित करता है, बल्कि दिव्यता, पर्यावरण और साझी धरोहर के साथ अपने संबंधों का भी उत्सव मनाता है। इस आयोजन में क्षेत्रभर से श्रद्धालु आते हैं और यह सामूहिक भक्ति और सांस्कृतिक पहचान का एक अद्वितीय उत्सव है।

### 2 से 5 जनवरी तक होगा आयोजन

भुंडा महायज्ञ 2 से 5 जनवरी तक शांत भरी स्पैल घाटी में आयोजित होगा। यह एक जीवन में एक बार देखने योग्य अवसर है, जहां आप एक जीवित परंपरा को देख सकते हैं, जो हिमाचल प्रदेश के लोंगों की निरंतर भावना को प्रमाणित करती है।



### देवताओं का दिव्य संगम

जैसे कुंभ मेला भारत के विभिन्न हिस्सों से आने वाले भक्तों को एकत्र करता है, वैसे ही भुंडा महायज्ञ में विभिन्न स्थानीय देवताओं का संगम होता है। जो प्रत्येक गांव या क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस उत्सव का केंद्र देवता बकरालू (दलगांव) हैं, जो स्पैल घाटी के प्रमुख देवता हैं। उनके साथ देवता बोंद्रा (कुई), देवता महेश्वर (पुजारली) और देवता मोरीश/महर्षि भी आते हैं, जो कोटखाई और रंटाड़ी नामक क्षेत्रों से होते हैं। ये लोक देवता यहां की देवभूमि के रक्षक और संरक्षक माने जाते हैं और इनका आह्वान स्थानीय समुदाय को आशीर्वाद देने के लिए किया जाता है, ताकि यहां शांति और समृद्धि बनी रहे। इस प्रकार भुंडा महायज्ञ एक स्थानीय दिव्य संसद या दैव संसद की तरह है, जहां प्रत्येक लोक देवता अपने आशीर्वाद लेकर आता है और यहां की जनभूमि की भलाई में योगदान करता है। इसके साथ होने वाली पूजा, प्रार्थनाएं और लोक नाटी केवल भक्ति या धार्मिकता के ही कार्य नहीं होते, बल्कि यह उस गहरे संबंध की भी पुष्टि करते हैं, जो लोगों, दैव परंपराओं व प्रकृति के बीच है।

### बेड़ा अनुष्ठान

भुंडा महायज्ञ का प्रमुख आकर्षण इसके तीसरे दिन होने वाला बेड़ा अनुष्ठान है, जिसमें एक साहसी व्यक्ति, जिसे बेड़ा कहा जाता है, एक विशेष रूप से तैयार रस्सी (जिसे स्थानीय भाषा में बरुत कहा जाता है) पर चढ़ता है और एक ऊंची ढलान से नीचे की ओर फिसलता है। यह साहसिक कार्य लोक भूमि के शुद्धिकरण और नकारात्मक शक्तियों के नष्ट करने का प्रतीक है। ठीक वैसे जैसे कुंभ में पवित्र नदियों में स्नान किया जाता है। यह अनुष्ठान घाटी को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से शुद्ध करता है। यह सभी उपस्थित लोगों के लिए सामूहिक नवीनीकरण और शुद्धिकरण का एक अविस्मरणीय क्षण होता है।



प्रस्तुति : दशमी रावत
रोहड़ू, शिमला

# आध्यात्मिकता और शांति का प्रतीक मानसर झील

- झील के शांत जल में तैरने व प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लें।
- झील के आसपास के मंदिरों में करें पूजा-अर्चना।



**जम्मू-पठानकोट** राजमार्ग पर जम्मू से 64 किलोमीटर की दूरी पर स्थित और देवदार के जंगलों से घिरी पहाड़ियों से घिरी मानसर झील एक ऐसी जगह है, जहां किंवदंती, आध्यात्मिकता और शांति का मिलन होता है। लगभग एक मील लंबी और आधा मील चौड़ी झील का साफ पानी नौकायन के शौकीनों के लिए एक स्वर्ग है। यहां बड़ी संख्या में कछुए हैं, जो झील में एक अनोखा आकर्षण जोड़ते हैं। चाहे आप आध्यात्मिक यात्रा, पारिस्थितिक अन्वेषण या बस प्रकृति में एक शांतिपूर्ण वापसी की तलाश में हों, मानसर झील एक समृद्ध और संतोषजनक अनुभव का वादा करती है।

प्रस्तुति : अभिषेक शर्मा
जोगिंद्रनगर, मंडी

## मनमोहक सौंदर्य और सांस्कृतिक महत्व

**मानसर** झील का आकर्षण सिर्फ इसके खूबसूरत नजारों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व भी है। झील कई मंदिरों से घिरी हुई है, जिसमें उमापति महादेव, नरसिंह और दुर्गा के प्राचीन मंदिर शामिल हैं, जहां बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। पूर्वी तट पर शेषनाग को समर्पित एक मंदिर है, जिसे सर्पों का प्रतिनिधित्व करने वाली लोहे की जंजीरों से सजे एक पत्थर से चिह्नित किया गया है। एक अद्वितीय पारिस्थितिकी तंत्र मानसर झील पारिस्थितिकी दृष्टि से समृद्ध है, इसमें शैवाल की लगभग 207 प्रजातियां पाई जाती हैं और मछलियों और जलपक्षियों की कई प्रजातियों सहित विविध जीव-जंतु पाए जाते हैं। यह जैव विविधता इसे पारिस्थितिकी अध्ययन केंद्र के साथ-साथ प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग भी बनाती है।

## झील से जुड़ी पौराणिक कथाएं

मानसर झील का ऐतिहासिक महत्व महाकाव्य महाभारत में गहराई से निहित है। यह झील अर्जुन और राजकुमारी उल्पी के पुत्र बाबर वाहन की कहानी से जुड़ी हुई है। इस क्षेत्र के शासक बाबर वाहन ने अश्वमेघ यज्ञ के बाद अनजाने में अपने पिता अर्जुन को मार डाला था। यह जानने पर कि उसने अपने पिता को मार डाला है, बाबर वाहन ने शेषनाग से एक जादुई मणि प्राप्त करके उसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की। शेषनाग के साथ एक विजयी मुठभेड़ के बाद बाबर उस स्थान पर उभरा, जिसे अब मानसर झील के रूप में जाना जाता है। यह झील, अपने समकक्ष सुरिंसर के साथ, जिसका नाम बाबर वाहन द्वारा बनाई गई सुरंग 'सुरंगसर' के नाम पर रखा गया है, मानसरोवर झील के समान एक पौराणिक महत्व रखती है।

# टारना देवी मंदिर

मंडी का मंडी नगर के दर्शनीय स्थलों में यह मंदिर अपना विशेष स्थान रखता है। जिस स्थान व पहाड़ी पर यह मंदिर स्थित है, उसे टारना के नाम से ही जाना जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस समस्त क्षेत्र का नामकरण देवी माता टारना के नाम से ही हुआ है क्योंकि मंदिर देवी काली (तारा देवी) से संबंधित है और तिब्बती भाषा में तारा देवी को ही तारना या टारना कह कर पुकारा जाता है। मंडी क्षेत्र के प्राचीन मंदिर देवी माता व इसके आसपास के क्षेत्र को टारना नाम से पुकारा जाना मंडी के तिब्बत देश से संबंधों पर



भी प्रकाश पड़ता है। टारना मंदिर के निर्माण के संबंध में यहां के सेन शासक राजा शमशेर सेन के अमृतसर की जेल से छुटकारा पाए जाने के बाद करवाया गया बताया जाता है। गुंबद शैली के बने इस मंदिर से इस्लाम कला का प्रभाव स्पष्ट देखने को मिलता है। मुख्य बड़े गुंबद को नीचे बने गर्भ गृह को अंदर से सुंदर स्वर्ण रंगों द्वारा बेल-बूटों व दर्पण पट्टिकाओं से अंलकृत किया गया है। गर्भ गृह में अंदर प्रदेश द्वारा की वाईं ओर देवी काली की बड़ी सी त्रिमुखी प्रतिमा है।



प्रस्तुति : डॉ. के कमल प्यासा, लोअर समखेतर, मंडी

## न्यूज ब्रीफ

### चैलेंजर क्रिकेट ट्रॉफी के लिए यमुना राणा चयनित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 5 से 15 जनवरी तक चेन्नई में महिला सीनियर (वन डे) चैलेंजर ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन कर रहा है। इसमें हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) की ओर से यमुना राणा को टूर्नामेंट के लिए चुना गया है। एचपीसीए के सचिव अवनिश परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 9 बजे से शुरू होगा।

### टांडा फायरिंग रेंज में आज अभ्यास करेगी सेना

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने बताया कि टांडा आर्मी एरिया फायरिंग रेंज में आज 31 दिसंबर को भारतीय सेना द्वारा फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। भारतीय सेना का यह अभ्यास शाम 4:00 बजे से रात 9:00 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया इस दौरान निवासियों को पूर्व में किए गए अभ्यास कार्यक्रमों की तरह तय सीमा से अंदर आने की अनुमति नहीं होगी और सभी निवासियों से अनुरोध रहेगा की चेतावनी सीमा का किसी भी परिस्थिति में उल्लंघन न करें। उन्होंने बताया पंचायत कोहाला, खोली, कच्छियारी और घुरकड़ी के लोगों से इस दौरान फायरिंग रेंज में स्वयं न जाने और मवेशियों को भी नहीं भेजने की अपील की है।

### हरदीप चौहान एएसआई पद पर पदोन्नत



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डीजीपी डिस्क अवॉर्ड व उत्कृष्ट सेवा पदक विजेता गांव फलवाड़ा (जसवां-परागपुर) के हरदीप चौहान पुत्र व्योम प्रकाश को शिमला में एएसआई पद पर पदोन्नत मिली है। हरदीप चौहान वर्ष 2006 में हिमाचल पुलिस में शामिल हुए। उन्होंने आरटीसी में ऑल राउंड प्रथम स्थान प्राप्त किया और एसपी प्रशिक्षण में भी ऑल राउंड प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरदीप चौहान को वर्ष 2010 में डिस्क अवॉर्ड व 2022 में उत्कृष्ट सेवा पदक से नवाजा गया था।

### फतेहपुर में 532 किसानों ने बेची धान की फसल

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** अनाज मंडी फतेहपुर में खुले धान खरीद केंद्र में इस बार रिकॉर्डतोड़ धान की खरीद हुई है। इस बार केंद्र में 532 किसानों से विभाग ने 65 हजार 413 क्विंटल धान की खरीद की है। सोमवार को इस बारे केंद्र पर तैनात विभागीय कर्मचारी सुनील दत्त ने बताया कि उक्त खरीद केंद्र के लिए 532 किसानों ने टोकन बुक करवाया था। सभी 532 किसानों ने ही अपनी धान खरीद केंद्र पर पहुंच कर बेची है। 532 किसानों से 15 करोड़ 17 लाख रुपए की 65 हजार 413 क्विंटल धान की खरीद की है। खरीद केंद्र पर 31 दिसंबर तक ही खरीद होगी।

### आर्य कॉलेज में एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में सात दिवसीय वार्षिक एनएसएस शिविर का आरंभ किया गया। इस वर्ष सात दिवसीय वार्षिक एन एस एस शिविर का थीम यूथ फॉर माय भारत एंड यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। एनएसएस प्रभारी प्रो. सुजीत सिंह ने सात दिवसीय शिविर की कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवियों को आठ समूहों में बांटा गया है। इस शिविर में 50 स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी प्रासंगिकता पर जानकारी दी।

### टीबी हारेगी, तो देश जीतेगा : डॉ. अमन दुआ

**अनंत ज्ञान, जवाली।** राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान को सुदृढ़ बनाने के लिए सिविल अस्पताल जवाली के अंतर्गत टीबी की दवाई खा रहे रोगियों की सहायता के लिए निक्षय मित्र बनाने के लिए बीएमओ अमन दुआ नगरोटा सूरियां, जवाली ने 31 न्यूट्रिशन किटें बांटी। इसमें एक महीने का राशन टीबी रोगियों को मुफ्त दिया गया। यह न्यूट्रिशन किटें अशोका मेमोरियल हॉस्पिटल हरनोटा के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर विशाल भंडारी व उनके पिता मनोहर लाल भंडारी के सौजन्य से बीएमओ डॉक्टर अमन दुआ को उपलब्ध करवाई गईं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमन दुआ ने बताया कि इससे टीबी ग्रस्त गरीब रोगियों के स्वास्थ्य और मानसिकता पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि टीबी हारेगी तो ही देश जीतेगा। बीएमओ ने इन किटों का प्रबंध करने के लिए अशोका मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रबंधन की टीम का भी धन्यवाद किया।

### कबड्डी टूर्नामेंट में पुड़वा टीम बनी विजेता



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत थेलपुल में स्थानीय युवाओं द्वारा कबड्डी का टूर्नामेंट करवाया गया। इसमें क्षेत्र की दो दर्जन टीमों ने भाग लिया। इसका फाइनल मुकाबला पुड़वा और रक्कड़ की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें पुड़वा की टीम विजेता रही। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि स्थानीय समाजसेवी एवं व्यवसायी अनूप वालिया ने शिरकत की। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को समापन अवसर पर ईनाम वितरित किए। इसमें विजेता टीम और उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ नगद इनाम भी दिया गया।

### 'दावा शौर्य चक्र की आत्मकथा' पुस्तक का विमोचन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मैक्लोडगंज।** तिब्बती सेटलमेंट कार्यालय मैक्लोडगंज हॉल में 'दावा शौर्य चक्र की आत्मकथा' पुस्तक का विमोचन किया गया। दावा एक सम्मानित पूर्व सैन्य राजनीतिक नेता हैं, जिन्हें भारतीय सेना में दशकों की सेवा के दौरान विशेष रूप से बांग्लादेश मुक्ति युद्ध और ऑपरेशन मेघदूत के दौरान उनकी असाधारण बहादुरी और नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठित शौर्य चक्र और कई अन्य वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। अपने संबोधन में डिप्टी स्पीकर डोलमा त्सेरिंग ने तथा तिब्बतियों की उन बुजुर्ग पीढ़ियों के जीवन का दस्तावेजीकरण करने की दलाई लामा की सलाह को दोहराया, जिन्होंने विभिन्न तरीकों से तिब्बत के साझा हित में अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने दावा शौर्य चक्र की मठवासी जीवन के बारे में अंतर्दृष्टि भी साझा की तथा बताया कि किस तरह मठवासी समुदाय में उनके प्रवेश ने उनके अनुभवों को बहुआयामी तरीकों से समृद्ध किया।

### प्रदर्शन सुधार आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने मार्च 2025 में होने वाली मैट्रिक और प्लस टू कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा, कंपार्टमेंट, अतिरिक्त विषय (डिप्लोमा धारक सहित) केवल अंग्रेजी और प्रदर्शन सुधार के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। बोर्ड के अनुसार, आवेदक केवल संबंधित स्कूलों के माध्यम से ऑनलाइन किए जा सकते हैं, और इसके साथ ही निर्धारित परीक्षा शुल्क (लेट फीस सहित) जमा करना होगा। पहले जारी किए गए कार्यालय नोटिफिकेशन 2024-3477 के संदर्भ में यह निर्णय लिया गया है। अब आवेदन की गई अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2024 तक निर्धारित की गई है। इस निर्णय के तहत छात्रों को मैट्रिक और प्लस टू की विभिन्न श्रेणियों के लिए शुल्क जमा करना होगा, जिसमें पूर्ण विषय, कंपार्टमेंट, अतिरिक्त विषय और प्रदर्शन सुधार शामिल हैं। यह भी स्पष्ट किया गया है कि 31 दिसंबर 2024 के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस बदलाव से छात्रों को परीक्षा के लिए और अधिक समय मिल गया है, ताकि वे अपनी तैयारी सही तरीके से कर सकें।

### शाहपुर कॉलेज में दिए आपदा प्रबंधन के टिप्स

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में सोमवार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के सहयोग से आपदा प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा पर एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 213 विद्यार्थियों और 16 प्राध्यापकों ने भाग लिया और आपदा से बचाव व प्रतिक्रिया की महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर महेंद्र मनोहर के व्याख्यान से हुआ। उन्होंने आपदा, विशेष रूप से भूकंप, के खतरों और उनसे बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला।

# 80 प्रतिशत होटल पैक, नववर्ष पर 45 पुलिस कर्मी संभालेंगे व्यवस्था

## पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज नए साल के जश्न को तैयार, सैलानियों को विशेष पैकेज

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

नववर्ष 2025 के जश्न को लेकर पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज पूरी तरह से तैयार है। निगम के तथा निजी होटल पर्यटकों के लिए विशेष पैकज लेकर आए हैं। धर्मशाला व मैक्लोडगंज के होटलों में अभी तक 90 फीसदी बुकिंग हो चुकी है। पर्यटन विकास निगम नववर्ष की तैयारियों में जुट गया है।

एचपीटीडीसी की ओर से मैक्लोडगंज के होटल क्लब हाउस में कार्यक्रम का आयोजन होगा।, जहां 12 से 18 वर्ष के बच्चों की एंट्री फीस 1200 रहेगी, वहीं जोड़े के लिए 5 हजार रुपए एंट्री फीस रखी गई है। इसमें डीजे के साथ गाला डिनर की व्यवस्था भी एचपीटीडीसी की ओर से की गई है। नए साल के जश्न के लिए होटल पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं और सैलानियों को विशेष पैकेज भी दिए जा रहे हैं। पर्यटन कारोबारी को भी उम्मीद है कि अगर यहां पर बर्फबारी होती है, तो इससे मैक्लोडगंज, भागसुनाग, नड्डी, धर्मकोट, खनियारा व धर्मशाला के पर्यटन कारोबार को काफी फायदा होगा, क्योंकि क्षेत्र के होटलों में बुकिंग अभी तक जारी है। अधिकतर होटल पैक हो चुके हैं।

सरकारी गेस्ट हाउस से लेकर निजी होटलों में भी बुकिंग करवाना इस समय काफी कठिन भी हो गया है। होटलों में अब नववर्ष को लेकर तैयारियां की जा रही है ती पर्यटकों में पहले से ही बुकिंग भी करता रखी है। नए साल के सेलिब्रेशन को लेकर अभी से ही देश-विदेशों से भारी संख्या में पर्यटकों ने धर्मशाला का रुख करना शुरू कर दिया है, जिसको लेकर पुलिस ने भी व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। धर्मशाला और मैक्लोडगंज में काफी संख्या में वाहनों की आवाजाही होने के कारण जाम की समस्या बनती है, जिस पर धर्मशाला पुलिस ने अभी से कार्य करना शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

> **मैक्लोडगंज** में नए वर्ष के जश्न को लेकर 45 पुलिस जवानों को तैनात किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी तैनात किया जा सकता है। नववर्ष को लेकर कहीं हुड़दंगबाजी न हो, इस पर पुलिस की पूरी नजर रहेगी। साथ ही दूसरे प्रदेशों से आने वाले वाहनों के कारण जाम न लगे इसके लिए वनवे व्यवस्था को भी लागू किया गया है।
>
> **-हितेश लखनपाल, एएसपी, जिला कांगड़ा।**

> नए साल को लेकर निगम के होटलों में पर्यटकों के लिए तैयारियों को जा रही हैं। पर्यटकों को स्वागत हिमाचली संस्कृति के साथ होगा। स्थानीय कलाकारों को भी नए साल में पर्यटकों को लुभाने के लिए न्योता दिया गया है। निगम के होटलों में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।
>
> **-विनय धीमान, जिला पर्यटन अधिकारी।**

### स्कूली बच्चों ने सीखे आपदा प्रबंधन के टिप्स

**धर्मशाला।** राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंड तथा घन्यारा सिद्धपुर के बच्चों को आपदा से निपटने के गुर भी सिखाए गए। इसमें करीब तीन सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह जानकारी एसडीआरएफ के डीएसपी सुनील राणा ने देते हुए बताया कि एसडीआरएफ की ओर से आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षण को लेकर विभिन्न स्कूलों में जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है ताकि बच्चे आपदा प्रबंधन में दक्ष हो सकें। उन्होंने कहा कि फस्ट्रों को प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआरए खोज एवं बचाव, पट्टी बांधने की तकनीक, रस्सी में गांठ लगाना तथा विविध बचाव तरीके और अग्निशमन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को आपदा प्रबंधन की जानकारी होना अत्यंत जरूरी है ताकि वे अपने अपने क्षेत्रों के आपदा प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण बच्चों में जिम्मेदारी की भावना, लचीलापन और आपात स्थिति के दौरान निर्णायक रूप से कार्य करने की क्षमता को बढ़ावा देकर उन्हें सशक्त बनाता है।

## हैप्पी बर्थडे



नेरचौक की ईशानी शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



शारदा पालमपुरी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### पात्र सफाई कर्मियों को आवास बनाने के लिए मिलेगी वित्तीय मदद

## राज्य सरकार के प्रयासों से वंचित वर्गों के जीवन स्तर में हुआ सुधार : आरएस बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और उनके सम्मानजनक जीवन के लिए कई कल्याणकारी पहल की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 'महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना' शुरू करने को मंजूरी दी। इस योजना का उद्देश्य वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मचारियों को तीन लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत 2.5 लाख रुपए से कम वार्षिक आय और आवासीय सुविधा से वंचित लोग पात्र होंगे। योजना की जानकारी और आवेदन के लिए लोग संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कल्याणकारी कदम उठाते हुए 'मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना' के तहत वित्तीय सहायता में भी वृद्धि की है। योजना के तहत अब विधवा और एकल महिलाओं को मकान बनाने के लिए सहायता राशि 1.5 लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपए कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और सरकार बेघर परिवारों को आश्रय प्रदान कर उनके जीवन स्तर में सुधार ला रही है। योजना के अंतर्गत बनाए गए घरों में पानी और बिजली कनेक्शन प्रदान करने को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत महिलाओं को भी मकान के निर्माण के लिए चार लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी जिसमें घर के लिए तीन लाख और रसोई, शौचालय और बाथरूम जैसी आवश्यक सुविधाओं के लिए दिए जाने वाले एक लाख रुपये शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल हिमाचल प्रदेश में कल्याणकारी योजनाओं से वंचित वर्गों का समग्र विकास सुनिश्चित करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के सरकार के प्रयासों को प्रदर्शित करती है।

## सरकार गरीबों के मुंह से निवाला छीनने का प्रयास कर रही : परमार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रभारी व विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रेस को जारी एक ब्यान में सुक्खू सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकारी डिपुओं में अनाज व अन्य सामान न मिलने से गरीबों के मुंह से निवाला छीनने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी डिपुओं में तेल, दालें आटा आदि न मिलने से राशन कार्ड धारक अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार ऐसा गरीब से रोटियां छीनने का काम कर रही है। विपिन परमार ने कहा कि लंबे अरसे से लोगों को डिपुओं में सस्ता राशन नहीं मिल रहा है। प्रदेश में चल रहे करीब 4,500 राशन डिपुओं में इस माह तेल और दालों का कोटा ही नहीं है। इसके चलते उपभोक्ताओं को तेल और दालों के बिना ही डिपुओं से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। डिपुओं में आटा, चावल व नमक ही मिल रहा है। हालांकि, कुछ जगह उपभोक्ताओं को पुराने स्टॉक से बची दाल चना दी गई है। तीन तरह की दालें और तेल डिपुओं में न आने से लोगों को बाजार का रुख करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सर्दीयों के इन दिनों में भी अभी तक उपभोक्ताओं को तेल व दालें नहीं मिल पाई हैं। उपभोक्ता रोजाना डिपुओं के चक्कर काट-काटकर थक चुके हैं। परमार ने कहा कि राशन के डिपुओं में सरसों के तेल पर संकट छा गया है। डिपुओं में उपभोक्ताओं को बीते 2 महीनों से तेल नहीं मिल रहा है, वहीं कई डिपुओं में तो दालों का कोटा भी खत्म हो गया है।

### मिलखी राम ने हाईकोर्ट के कानूनी सलाहकार के समक्ष उठाए कई मसले

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने सोमवार को पत्नी में प्रेस वार्ता दौरान बताया कि उन्होंने हाईकोर्ट के कानूनी सलाहकार के समक्ष कुछ मुद्दे रखें हैं। उन्होंने कहा कि बताया बीते दोनों कोर्ट के कानूनी सलाहकार दिवेन खन्ना बर्ड सेंक्चुरी एरिया के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट में इस क्षेत्र में होने वाली अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने की बात कही है। उनके समक्ष बर्ड सेंक्चुरी एरिया में आने वाले गुज्जरों और कुछ विस्थापितों को मुख्बे व मिलने का मुद्दा भी रखा है जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया है कि वे उच्च न्यायालय में इन्हें हल करवाने का प्रयास करेंगे।



## सीयू में चल रहे पांच करोड़ रुपए से अधिक के 26 प्रोजेक्ट : प्रो. बंसल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए वित्त वर्ष उपलब्धियों भरा रहा है। एक तरह जहां विश्वविद्यालय को नैक की ग्रेडिंग में ए प्लस मिला, वहीं देश-विदेशों के शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर से विश्वविद्यालय शोध विश्वविद्यालय बनाने की ओर अग्रसर रहा। वित्त वर्ष 23-24 में 20 से अधिक और इस साल दिसंबर तक 9 से अधिक पेटेंट हुए हैं। मौजूदा समय में विश्वविद्यालय में 5 करोड़ से अधिक के 26 से अधिक प्रोजेक्ट चल रहे हैं। पीएचडी की 78 डिग्री अवार्ड हुई हैं। 32 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। भारत वर्ष के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल की अगुवाई में वोल्वरहैम्पटन विश्वविद्यालय इंग्लैंड में 2 से 6 अक्तूबर तक इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी कांग्रेस के 15वें अधिवेशन में भाग लिया। उन्होंने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और कैंब्रिज विश्वविद्यालय का दौरा किया। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल के अनुसार यह साल विवि के लिए उपलब्धियों भरा रहा है।

## पठानकोट-मंडी फोरलेन निर्माण की धीमी रफ्तार से लोग परेशान : सुदर्शन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



कंडवाल से जसूर तक पठानकोट मंडी-154 राष्ट्रीय उच्च मार्ग फोरलेन का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, लेकिन प्रोग्रेस के नाम पर करीब तीन वर्ष से आम जनमानस कष्ट जेल रहा है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग का जिम्मा राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण को दिया है। इसका संचालन पूर्णतयः केंद्र सरकार के नियंत्रण में है। निर्माण कंपनी द्वारा निर्माण कार्य में लेटलतीफी के कारण जसूर बाजार का बंटाधार हुआ है। क्या जरूरत थी जसूर बाजार के बीचों बीच फ्लाईओवर निर्माण की ? प्रदेश की सबसे बड़ी अनाज मंडी डमटाल के उपरांत जसूर में ही सबसे अधिक करियाना, मेडिसिन, हार्डवेयर की आपूर्ति प्रदेश के तमाम जिलों में की जाती है, लेकिन फ्लाईओवर के कारण जसूर बाजार अपने सौंदर्य पर आंसू बहा रहा है। सुदर्शन ने सरकार से आग्रह है कि कंडवाल से जसूर व जसूर से सिहुंता तक के निर्माण कार्य को भी रानीताल जैसे निर्माण कार्य की तर्ज पर तेजी से निपटाया जाए।

### आदर्श स्कूल तियारा ने मनाया वार्षिक समारोह



**अनंत ज्ञान, गगल।** आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सुभाष ठ्लैरिया, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने समारोह के मुख्यातिथि कांगड़ा विधानसभा के विधायक पवन काजल का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने नृत्य और गायन से शमां बांधा। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति युवा ही सशक्त और स्वस्थ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं उन्होंने युवाओं से न केवल खेलकूद सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेने, बल्कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। काजल ने स्कूल के होनहार बच्चों को स्मृति चिह्न और मेडल देकर सम्मानित किया इसके अतिरिक्त वर्ष भर में सभी गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों को मेडलों से नवाजा।

### एयरपोर्ट पर सुरक्षा जवानों की संख्या पर्याप्त नहीं

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट पर त्रैमासिक जिला प्रशासन व एयरपोर्ट अथॉरिटी की बैठक एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई अहम मुद्दों पर बात की गई, जो एयरपोर्ट सिक्योरिटी से रिलेटेड थे। एयरपोर्ट के निदेशक ने कहा कि इस समय कांगड़ा एयरपोर्ट पर 77 पुलिस के जवान मोर्चा संभाले हुए हैं। लेकिन सिक्योरिटी के एंगल में देखा जाए तो यह बहुत कम है। क्योंकि जब भी जिला प्रशासन की बैठक होती है तो एयरपोर्ट समय-समय पर प्रशासन से जवानों की संख्या बढ़ाने की बात करता है। निदेशक ने कहा कि इस समय गगल एयरपोर्ट में कम से कम 97 पुलिस जवान चाहिए जबकि इस समय 77 ही पुलिस जवान अपने मोर्चा संभाले हुए हैं निदेशक ने कहा कि जिस भी जवान की तैनाती गगल एयरपोर्ट पर होती है तो उसे कम से कम 3 वर्ष तक एयरपोर्ट के भीतर ही सेवाएं देनी होंगी। क्योंकि जब इन जवानों को एयरपोर्ट से रिलेटेड कई प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं और उसके बाद उस जवान को एयरपोर्ट से स्थानांतर किया जाता है तो उसको प्रशिक्षण देने का क्या फायदा। इसलिए जो भी जवान गगल एयरपोर्ट पर तैनात होता है तो उस जवान को कम से कम 3 वर्ष तक एयरपोर्ट पर ही सेवाएं देनी होंगी। इतना ही नहीं निदेशक ने कहा है कि इस वक्त एयरपोर्ट अथॉरिटी दिल्ली से बम निरोधक दस्ता हमारे पास है जो हमने पुलिस जवानों को सौंपने है। परंतु बिना ट्रेनिंग जवानों को हम इन संयंत्रों को नहीं सौंप सकते।

## विद्यार्थियों ने देखीं चंबा की ऐतिहासिक धरोहर

**भूषण शर्मा, नूरपुर**



राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर के हिंदी विभाग और राजनीति शास्त्र विभाग ने सामूहिक रूप से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने चंबा की ऐतिहासिक धरोहर के बारे में जाना और समझा। भ्रमण के अंतर्गत सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने चंबा के प्रमुख पर्यटक स्थल जोत पर बर्फबारी का आनंद लिया। इसके बाद चंबा की तरफ अपनी यात्रा शुरू की। लगभग 1 बजे चंबा पहुंचते ही सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में दर्शन किए और उसके ऐतिहासिक महत्व को समझने का प्रयास किया। विद्यार्थियों ने मन की उत्सुकता के कारण मंदिर के पुजारी से भी अनेक प्रश्न किये। उनके प्रश्नों का जवाब मंदिर के पुजारी ने बड़ी उत्सुकता से दिया और प्रत्येक बच्चे की मन की जिज्ञासा को पूर्ण रूप से शांत किया। मंदिर के दर्शन करने के बाद विद्यार्थियों चंबा की ऐतिहासिक धरोहर और प्रसिद्ध पर्यटक स्थल राजमहल पहुंचकर बड़े-बड़े भवनों देखा। (अनंत ज्ञान)

### नप नगरोटा 2 से शुरू करेगी स्वच्छता अभियान

**नगरोटा बगवां।** नगर परिषद नगरोटा बगवां की ओर से 2 जनवरी से 14 फरवरी तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी कंचन बाला ने बताया कि परिषद 18 फरवरी से शहरी समृद्धि उत्सव की भी शुरुआत करने जा रही है। सभी क्षेत्रवासियों से अनुरोध है कि वे इस अभियान में अपनी भागीदारी निभाना सुनिश्चित करें, ताकि आपके सहयोग से नगर परिषद नगरोटा बगवां शहर को साफ-सुथरा रख सके।

**राजभाषा**

### राष्ट्रीय फैशन संस्थान छेब में हिंदी की उपयोगिता पर कार्यशाला आयोजित

## 'हिंदी' देश की एकता और अखंडता की कड़ी: रांगड़ा


**आशीष दमीर, कांगड़ा**



राष्ट्रीय फैशन संस्थान छेब कांगड़ा में राजभाषा के रूप में हिंदी की उपयोगिता की उपयोगिता को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ राष्ट्रीय फैशन संस्थान छेब के संयुक्त निदेशक दिनेश रांगड़ा ने करते हुए कहा कि राजभाषा के रूप में हिंदी को अपनाना सब के लिए अत्यंत जरूरी है, हमारी राजभाषा हिन्दी एकता एवं अखंडता की कड़ी है, जो संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है। उन्होंने कहा कि सूचना क्रांति के दौर में लगभग सभी कार्यालयों में हिंदी उपलब्ध होने के कारण इसकी व्यापकता ग्रामीण स्तर तक पहुंच चुकी है। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता जिला लोक संपर्क अधिकारी विनय शर्मा ने कहा कि हिंदी एक विश्व भाषा के रूप में उभरी है।

हिंदी भाषी लोगों की वैश्विक उपयोगिता बढ़ चुकी है एवं विदेशों में भी रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। विश्व में हिंदी के प्रति बढ़ती रूचि के कारण विश्व के अधिकांश विकसित राष्ट्र भारतीय भाषा के अध्ययन के प्रति आकृष्ट हुए हैं। दुनिया के लगभग 50 से भी ज्यादा देशों में हिंदी भाषा के पठन-पाठन की सुविधा उपलब्ध है। सूचना क्रांति के कारण हिंदी भाषा का काफी विस्तार हुआ है। शिक्षा, रोजगार, साहित्य, पर्यटन एवं तकनीकी के क्षेत्र में हम आत्मनिर्भर हो रहे हैं एवं आर्थिक दृष्टिकोण से हिंदी भाषा के प्रभाव के कारण विदेशों के साथ व्यापारिक रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। भारत को ग्लोबल बाजार बनाने की भूमिका में हिंदी की सक्रिय भागीदारी है। वर्तमान परिवेश में हिंदी राजनीतिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से सुदृढ़ हो चुकी है। विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों में हिंदी का अध्ययन एवं अध्यापन का कार्य चल रहा है। संचार के इस युग में हिंदी को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल चुकी है। हिंदी भाषा के व्यापक प्रसार के कारण विश्व की अनेक वेबसाइट हिंदी अपना चुकी हैं। ई-मेल, ई-कॉमर्स, इंटरनेट एवं वेब जगत में भी हिंदी की उपलब्धता है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, आईबीएम तथा ओरेकल जैसे कंपनियां भी हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार हिंदी सामग्री की खपत करीब 94 प्रतिशत तक बढ़ी है। (अनंत ज्ञान)

### सुक्खू सरकार ने जनता को बेवकूफ बनाया : राकेश



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला महामंत्री राकेश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के दो साल सरकार व उनके विधायकों का काम हिमाचल की जनता को बेवकूफ बनाने में और भाजपा को कोसने में गुजर गया। वहीं सरकार का दो साल का कार्यकाल अपने मित्रों को अपने परिवारों को अपनी पत्नी को विधायक बनाने विधायकों के परिवारों की व्यवस्था सुधारने में ही गुजर गया। उन्होंने कहा कि आज डिपो में राशन के लाले पड़े हैं। महिलाओं को 1500 रुपए देने में सरकार नाकाम रही। बेरोजगार युवा सड़कों पर उतर रहे हैं। हिमाचल का युवा नशे की चपेट में आ गया है। हिमाचल में दिन प्रतिदिन क्राइम बढ़ता जा रहा है। कानून व्यवस्था खराब हो चुकी है। पंचायत और नगर पंचायतों में काम बंद पड़े हैं। उन्होंने कहा सरकार के पास पैसा नहीं हो नगर पंचायत को जबरदस्ती टैक्स लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के ऊपर जबरदस्ती टैक्स थोपे जा रहे हैं। राकेश चौहान ने कहा कि सरकार अपनी पीठ खुद थपथपा रही है और केंद्रीय योजनाओं के सहारे सरकार चली हुई है।

### जंगली जानवरों का शिकार किया तो कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद मैदानों की ओर रुख करने वाले जंगली जानवरों के शिकार को रोकने के लिए वन विभाग ने पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। वन वृत धर्मशाला के तहत आते तीन वनमंडलों धर्मशाला, पालमपुर और नूरपुर में से वनमंडल धर्मशाला और पालमपुर वनमंडलों के 20 से भी अधिक ऐसे स्थान हैं, जहां पर जंगली जानवरों का शिकार ज्यादा होता है। इसीलिए ऐसे स्थानों पर विशेष तौर टीमों को अलर्ट रहने की हिदायत जारी की गई है। ब्लॉक अधिकारियों के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है, ताकि यदि कोई शिकार करता पकड़ा जाए, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों ने किया शोध-पत्रों का शानदार प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के नौ होनहार एमएससी भौतिक विज्ञान के छात्रों ने 18 से 22 दिसंबर, 2024 तक मुंबई, महाराष्ट्र में डीएई सम्मेलन केंद्र में आयोजित प्रतिष्ठित 68 वें डीएई-ठोस अवस्था भौतिकी संगोष्ठी (डीएई-एसएसपीएस) में अपनी शोध क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। ठोस अवस्था भौतिकी के शोधकर्ताओं के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में, इस संगोष्ठी ने इन युवा वैज्ञानिकों को अपने अभिनव शोध निष्कर्षों को प्रस्तुत करने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया। छात्रों ने सामग्री विज्ञान और संघनित पदार्थ भौतिकी में अत्याधुनिक विषयों को शामिल करते हुए पांच शोध पत्र प्रस्तुत किए। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य डॉ. पीएस कुटवाल ने छात्रों की उपलब्धियों पर कहा कि यह हमारे संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### झंडूता कॉलेज में एनएसएस शिविर का समापन



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूत्ता में एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का समापन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने की। इस शिविर के दौरान एनएसएस प्रभारी प्रो. प्रतीक देसवाल द्वारा 7 दिनों में की गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिनमें स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण रैली, नशा निवारण जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रम शिविर के दौरान किए गए। शिविर के समापन में मुख्य अतिथि पूर्व अपर निदेशक डॉ. राकेश भारद्वाज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. वसुंधरा भारद्वाज उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों ने महाविद्यालय के लिए 10,000 रुपए की सहयोग राशि भी प्रदान की। इस शिविर में एनएसएस के 30 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त अध्यापक वर्ग भी उपस्थित रहा।

### मरम्मत के चलते आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उप-मंडल-।। रविंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसम्बर 2024 को पेड़ो की कांट-छांट व लाइनों की आवश्यक मरम्मत हेतु, रौडा अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों थाना सदर तथा अप्पर निहाल व उसके साथ लगते क्षत्रों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अतः उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील है। उन्होंने बताया कि शटडाउन मौसम की स्तिथि पर निर्भर रहेगा।

### सड़क की मरम्मत करवाने को लेकर सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के तहत आने वाले गांव दरोला, राहैंन के लोगों द्वारा उपमंडलीय अधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी को पिछले करीब दो सालों से क्षतिग्रस्त हुई सड़क की मरम्मत करवाने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत का कार्य करवाने की अपील की है। सोमवार को उपमंडलीय अधिकारी के कार्यालय में पहुंचे गांव के लोगों द्वारा ज्ञापन में बताया गया के पिपलूघाट से राहैंन-मिहुन सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2010 में निकली गयी थी। इस सड़क से दरोला, राहैंन व मिहुन गांव के सैकड़ों लोग सड़क सुविधा प्राप्त कर रहे है। लेकिन वर्ष 2023 को भारी बरसात होने के फल स्वरुप यह सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है । इस कारण क्षतिग्रस्त स्थान से बस ठहराव की दूरी लगभग 700 मीटर की है वहां पर मिहुन गांव के 6 से 7 परिवारों के घर है जो सड़क धंसने के कारण वाहन सुविधा से पूर्ण रूप से वंचित हो चुके हैं। लोगों की शिकायत है कि लोक निर्माण विभाग इस सड़क की मरम्मत व रखरखाव का कार्य इतनी लंबी अवधि से नहीं कर पा रहा है ।इस सड़क में प्रयुक्त भूमि के किसी भी भूमि मालिक ने किसी भी प्रकार का कोई एतराज विभाग के पास नहीं किया है। सभी लोगों ने कार्यालय पहुंचकर उप मंडलीय अधिकारी से निवेदन किया कि उपरोक्त लिखित क्षतिगत सड़क का डंगा व मरम्मत कार्य शीघ्र अति शीघ्र करवाया जाए ताकि जनता सड़क का पूर्ण लाभ प्राप्त कर सकें।

### राजेश धर्माणी ने किया आईटीआई बरठीं का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** हिमाचल प्रदेश सरकार के नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री श्री राजेश धर्मानी ने सोमवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बरठीं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण सुविधाओं, पाठ्यक्रमों और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं का विस्तृत निरीक्षण किया। मंत्री ने ड्रेस मेकिंग वयवसाय में प्रशिक्षण ले रही महिला प्रशिक्षुओं से बातचीत की और उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को देखा। उन्होंने सुझाव दिया कि ये उत्पाद मल्टीनेशनल कंपनियों की तर्ज पर तैयार किए जाएं, ताकि उनकी गुणवत्ता में सुधार हो और बाजार में उनकी मांग बढ़ सके। मंत्री ने प्रशिक्षुओं को उद्यमिता और बाजार की बदलती जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण लेने का भी परामर्श दिया। इसके बाद, मंत्री ने इलेक्ट्रिकल ट्रेड के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोपा, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक , वेल्डिंग ट्रेडों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों को तकनीकी कौशल को निखारने और रोजगारोन्मुखी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संस्थान के इस प्रयास की सराहना की और प्रशिक्षनार्थियों को नौकरी के साथ-साथ अपने व्यवसाय शुरू करने के लिए भी प्रेरित किया।



# फोरलेन पर स्थापित होंगे पुलिस असिस्टेंट रूम

## मंडी, भराड़ी, बलोह व गड़ामोड़ा स्थान को बिलासपुर पुलिस ने किया चिन्हित

अनंत ज्ञान खास खबर

**शुभम राही, बिलासपुर**

कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर बिलासपुर पुलिस अब जल्द ही पुलिस असिस्टेंट रूम स्थापित करने जा रही है। जिसमें बिलासपुर जिला के गड़ामोड़ा, मंडी भराड़ी व बलोह टोल प्लाजा के समीप स्थान को चिन्हित किया गया है।

इन स्थानों पर 24 घंटे पुलिस की तैनाती रहेगी और इस रूम में पुलिस को सभी प्रकार की सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी। मंडी भराड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा पुलिस असिस्टेंट रूम होगा, जिसमें पुलिस के लिए एक रेस्ट रूम व बाहर पुलिस कर्मचारी तैनात रहेंगे। ऐसे में यहां पर 24 घंटे पुलिस कर्मचारी यहां से आने-जाने वाले वाहनों की चैकिंग करेंगे और लोगों को टैफिक रूल्स के बारे में भी जागरूक करेंगे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 लाख रुपए की लागत से यह रूम तैयार किए जा रहे है। वहीं, खास बात यह रहेगी कि यह सभी रूम सोलर सिस्टम तकनीक से लैस होंगे। यहां पर बिजली का प्रयोग सोलर सिस्टम से होगा। वहीं, प्रत्येक रूम की छत पर एलईडी लगाई जाएंगी, जिसमें स्पीड लिमिट से लेकर टैफिक रूल्स के बारे में पर्यटकों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही यहां पर पुलिस के कर्मचारी दिन-रात अपनी ड्यूटी देंगे। बिलासपुर पुलिस कप्तान संदीप धवल के प्रयासों से यह सब सफल हो पाया है। एसपी का कहना है कि इन दिनों बिलासपुर जिला में ठंड का काफी प्रकोप है। ऐसे में दिन-रात फोरलेन एरिया पर ड्यूटी दे रहे पुलिस कर्मचारियों को रात्रि के समय काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते इन फोरलेन एरिया में पुलिस असिस्टेंट रूम स्थापित करने की प्लानिंग तैयार की गई है।



**सोलर पावर तकनीक से लैस होंगे यह रूम, जल्द टेंडर प्रक्रिया होगी शुरू**

इस कार्य के लिए जल्द ही बिलासपुर पुलिस टेंडर करने जा रही है और टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद यहां पर कार्य शुरू हो जाएगा। बिलासपुर पुलिस का कहना है कि फोरलेन शुरू होने के बाद इस एरिया में वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। जिसके चलते यहां पर अलग से टैफिक विंग भी शुरू किया गया है, जो 24 घंटे अपनी ड्यूटी दे रहा है। यहीं नहीं, ओहर क्षेत्र में ट्रैफिक टूरिस्ट पुलिस स्टेशन भी स्थापित किया गया है। पुलिस कर्मचारियों को बेहतर सुविधा देने के लिए यह सब निर्णय लिए जा रहे हैं।( अनंत ज्ञान)

### गड़ामोड़ा में लगेंगे जिग-जैग बैरिकेड्स

**बिलासपुर** एसपी संदीप धवल का कहना है कि इसी के साथ हिमाचल-पंजाब की बॉउडरी गड़ामोड़ा में एक जिग-जैग बैरिकेड्स भी लगाए जाएंगे। ताकि अंतिम सीमा पर प्रत्येक वाहनों की सही जांच की जा सकें। यहां पर वाहन को आते समय अपनी स्पीड कम करनी ही पड़ेगी और पुलिस जांच के बाद ही वाहनों को यहां से जाने दिया जाएगा। बिलासपुर जिला की अंतिम सीमा गड़ामोड़ा हिमाचल की भी अंतिम सीमा है। ऐसे में इन सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस का अधिक फोकस रहना चाहिए।

> 25 लाख रुपए की लागत से पुलिस असिस्टेंट रूम फोरलेन एरिया में बनाए जाएंगे। यह रूम सोलर सिस्टम तकनीक से लैस होंगे। मंडी भराड़ी, बलोह व गड़ामोड़ा में यह रूम बनाए जाएंगे। इसके लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है और जल्द ही यह कार्य शुरू हो जाएगा।
> –संदीप धवल, एसपी बिलासपुर।

# बिलासपुर पुलिस ने इस साल नशे के व्यापारियों पर की कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला में पुलिस की मुस्तैदी के चलते नशे के व्यापार पर अंकुश लगा है। बिलासपुर जिला में पिछले वर्ष के मुकाबले कम केस दर्ज किए गए हैं, वहीं मादक पदार्थों की संख्या में कमी आई है। बिलासपुर जिला में वर्ष 2023 में जहां 208 मामले दर्ज किए गए थे वहीं वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 196 तक सिमट गया है। बिलासपुर जिला में पिछले और इस वर्ष के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो जिला में चिट्टे का व्यापार भी कम हुआ है। इसके अलावा पिछले वर्ष के मुकाबले चरस की बरामदगी में कमी आई है। हालांकि इस वर्ष पिछले वर्ष के मुकाबले अफीम की मात्रा अधिक पकड़ी गई है ।

बिलासपुर जिला में इस वर्ष अफीम के पौधे भी बरामद किए गए हैं। बिलासपुर जिला में इस वर्ष पुलिस ने पांच लाख रुपए से अधिक की राशि भी बरामद की है। बता दें कि बिलासपुर जिले में पुलिस ने अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर तथा वाहनों की चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया है।

- पुलिस की मुस्तैदी से नशे के व्यापार पर लगा अंकुश
- इस वर्ष पांच लाख रुपए से अधिक की राशि बरामद

### आंकड़े वर्ष 2024

1. कुल केस : 196
2. चरस : 33.653.34 ग्राम
3. अफीम : 1.437.54 किलोग्राम
4. चुरा पोस्त : 13.654 किलोग्राम
5. चिट्टा : 1.096.71 किलोग्राम
6. अफीम के पौधे : 661
7. टेबलेट : 30
8. नगदी : 5 लाख 26 हजार रुपए।

> बिलासपुर जिला में पिछले वर्ष के मुकाबले में नशा तस्करों पर अंकुश लगाया गया है। बिलासपुर जिला में पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष कम मामले दर्ज किए गए हैं। यह अभियान आने वाले समय में भी जारी रहेगा। बिलासपुर में 208 मामले दर्ज किए गए थे जबकि इस वर्ष 196 मामले दर्ज किए गए हैं।
> –संदीप धवल, पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर।

# झंडूता पेंशन वेलफेयर एसो. ने पेंशनर्स किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन झंडूता खंड के प्रधान बीरबल सिंह धीमान व झंडूता इकाई के प्रधान गोरख राम मन्हास ने 80 वर्ष पूर्ण होने पर भांति देवी पत्नी स्वर्गीय लेख राम करतार सिंह चंदेल जोध सिंह धीमान गांव झंडू (झंडूता) और 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमर सिंह जमवाल गांव शेर प्रसिनो देवी पत्नी स्व. भक्त राम गांव अमरोहा रोशनी देवी पत्नी स्वर्गीय भोपाल सिंह गांव बड़ी बिल्लौर को उनके निवास स्थान पर सम्मानित किया। झंडूता खंड के महासचिव इंद्र सिंह डटवलिया ने सभी पेंशनरों को बधाई दी और भगवान से उनकी दीर्घायु की कामना की।

इस दौरान गोरख राम प्रधान इकाई झंडूता के साथ राज्य के संयुक्त सचिव लेखराम कौंडल वित्त सचिव करतार सिंह चंदेल सचिव सोहन सिंह शकुंतला देवी डी आर शर्मा कश्मीर सिंह गोरख सिंह चंदेल सुरजीत सिंह व अन्य पेंशनर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### ब्रोहा से कोहिना सड़क 27 जनवरी तक बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के अंतर्गत आने वाली ब्रोहा से कोहिना सड़क पर निर्माण कार्य के सुचारू संचालन हेतु सड़क को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। यह निर्णय लोक निर्माण विभाग झंडुत्ता डिवीजन के अधिशाषी अभियंता के अनुरोध पर लिया है। जिला मजिस्ट्रेट, बिलासपुर अबिद हुसैन सादिक ने प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, 27 जनवरी 2025 तक सड़क बंद करने और यातायात को वैकल्पिक मार्ग पर डायवर्ट करने की अनुमति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि सड़क बंद अवधि के दौरान, यातायात को स्लैब कनवर्ट गेहडवीं से टिहीरी-पंजीण-रछेड़ा रोड़ के माध्यम से डायवर्ट किया गया है। यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

# पार्किंग व्यवस्था न होने से भराड़ी में लग रहा जाम

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के भराड़ी कस्बे में जाम की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सड़क किनारे ब तरतीब खड़े किए जा रहे वाहन जाम का कारण बन रहे हैं। ऐसे में यहां पैदल गुजरने वाले राहगीर किसी हादसे का शिकार हो सकते हैं। ज्यादातर जाम की स्थिति उपतहसील कार्यलय के वाहर होती है। रोजाना सैकड़ों लोग अपने कार्य करवाने के लिए यहां पहुंचते हैं। लेकिन पार्किंग न होने के चलते मजबूरीवश लोगों को अपने वाहन सड़क के किनारे खड़े करने पड़ते हैं। दधोल से लदरौर के लिए यह सड़क बेहद व्यस्त रहती है।

भराड़ी में दर्जनों दुकाने होने के चलते आस पास के कई गांव के लोग यहां खरीदारी करने पहुंचते हैं।

- पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध करवाने की उठाई मांग

स्कूल, आईटीआई, विद्युत विभाग का कार्यालय, जल शक्ति विभाग का कार्यालय, निजी शिक्षण संस्थान होने के चलते दिन भर भीड़ रहती है। ऐसे में आड़े तिरछे खड़े वाहन जाम का कारण बनते हैं।

बेतरतीव खड़े वाहनों से राहगीरों व सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को कठिनाई पेश आती है। कई बार इस विषय को प्रशासन के समक्ष भी रखा गया है परतुं फिर भी कोई उचित कदम इस बारे नही उठाए गए। ऐसे में दिनों दिन यह समस्या बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भराड़ी में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। साथ ही उचित पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाए ताकि यहां भीड़भाड़ वाले कस्बे में जाम की समस्या से निजात मिल सके।

थाना प्रभारी भराड़ी देवानंद ने कहा कि पार्किंग को लेकर जो समस्या पैदा हुई है ,उसका समाधान जल्द किया जाएगा। सड़क किनारे बेतरतीब वाहन खड़े न हों इसके लिए व्यवस्था बनाई जाएगी ताकि आमजन को किसी प्रकार की समस्या न हो।( अनंत ज्ञान)

### वुड कटर का वन विभाग के पास पंजीकरण हुआ अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमाचल प्रदेश में चेन सॉ कटर यानि चेन आरा कटर (वुड कटर) का संबंधित फॉरेस्ट गार्ड के पास पंजीकरण करवाना होगा। इसको लेकर वन विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। राज्य में अवैध कटान पर रोक लगाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि किसी के पास बिना पंजीकरण के यह कटर पाया गया तो उसे विभाग द्वारा जब्त कर लिया जाएगा साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

अवैध कटान को रोकने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वन विभाग ने सभी चेन सॉ कटर को रोकने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत विभाग ने सभी डीएफओ को निर्देश जारी किए हैं। इस पर रेंज आफिसर झंडूता देशराज संख्यान ने बताया कि जैसा कि वन विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा आदेश हुए हैं कि पावर चेन कटर होने पर पंजीकरण करवाने के आदेश हुए हैं लेकिन अभी तक 121 व्यक्तियों ने पंजीकरण करवाया है, इसलिए अन्य लोग भी पंजीकरण करवाएं।

# श्री नयना देवी में 70 से अधिक पुलिस बल तैनात

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**

नववर्ष को लेकर बिलासपुर पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। नववर्ष पर विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इन दो दिनों को मंदिर में मेले के तरह मनाया जाता है। नववर्ष के लिए मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से व्यवस्था कर दी है। जहां पर मंदिर की सजावट का कार्य शुरू हो चुका है। नववर्ष के उपलक्ष्य पर मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों फूलों से सजाया जा रहा है। मंदिर की सजावट का कार्य पंजाब के समाज सेवी संस्था के श्रद्धालुओं के द्वारा किया जा रहा है।



जानकारी के मुताबिक सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने मंदिर से लेकर पूरे नयना देवी क्षेत्र को विभिन्न नौ सेक्टरों में विभाजित कर किया है। इन नौ सेक्टरों की सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 70 से अधिक अतिरिक्त पुलिस जवान बस्सी बटालियन से तैनात किए हैं। प्रत्येक सेक्टर में मेला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी तैनात रहेगा। मंदिर के सहायक सुरक्षा इंचार्ज महेंद्र सिंह का कहना है कि इस बार भी मेला के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रहेगी। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट सुबह चार बजे से खोल दिए जाएंगे।

इस दौरान कतारों में ही श्रद्धालुओं को मंदिर भेजा जाएगा। नववर्ष के दो दिनों के दौरान मंदिर में श्रद्धा का काफी सैलाव उमड़ता है। पिछले तीन चार सालों के आंकड़ों की बात की जाए तो नववर्ष पर 50 से 55 हजार श्रद्धालु दो दिनों में मंदिर आकर नववर्ष पर पूजा करते हैं। इस बार प्रशासन को इससे अधिक श्रद्धालु होने की उम्मीद है।

एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि मंदिर व आसपास क्षेत्र में नियमित सुरक्षा के अलावा पुलिस की तीन रिजर्व तैनात कर दी हैं। सेक्टरों का विभाजन भी कर दिया है। पुलिस की ओर से सभी तैयारियां पूरी की ली हैं।

# सूखे कूड़े का तुरंत समाधान करने के आदेश

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

उपमंडलीय अधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी ने शहर में पिछले दो महीनों से चल रही कूड़े की समस्या पर कड़ा संज्ञान लिया है। उपमंडल अधिकारी द्वारा नगर परिषद घुमारवीं को शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा लोगों को सूखे कूड़े को लेकर आ रही समस्या का तुरंत समाधान करने के आदेश जारी किए हैं। बताते चले कि नगर परिषद घुमारवीं के तहत शहर के लोग पिछले करीब 2 महीनों से कूड़े की समस्या से जूझ रहे हैं, पिछले करीब 2 माह से नगर परिषद घुमारवीं लोगों के घरों से सूखा कूड़ा नहीं उठा पा रही है।

वहीं अब लोगों द्वारा नगर परिषद की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। क्योंकि एक तरफ तो नगर परिषद ने खुले में कूड़ा फेंकने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना रखा है । वहीं दूसरी तरफ खुद कूड़ा लेने से इनकार कर रहा है। ऐसे में लोग असमंजस में है कि पिछले दो महीनों से घरों में रखे सूखे कूड़े के लगे ढेरों का वह क्या करें। लोगों के लिए कूड़े को लेकर स्थिति बेहद खराब होती जा रही है। क्योंकि लोगों के घरों में सुख कूड़ा इतना हो चुका है कि लोगों के लिए अब उसे घर में रखना मुश्किल होता जा रहा है। हालांकि अब शहर में कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगा शुरू हो चुके हैं।

- कूड़े की समस्या पर एसडीएम ने लिया संज्ञान



अनंत ज्ञान फॉलोअप

नगर परिषद घुमारवीं द्वारा पिछले चार-पांच साल से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की योजना शुरू की थी, लेकिन अब यह योजना पूरी तरह से हाफ गई है। लोगों का कहना है कि पिछले 2 महीनों से नगर परिषद का कोई भी कर्मचारी सूखा कूड़ा लेने नहीं आ रहा है। सूखा कूड़ा लोगों के साथ-साथ नगर परिषद के लिए भी आफत बन गया है।

नगर परिषद पिछले दो महीनों से कूड़े को एकत्रित करने के लिए बड़े-बड़े बोरे मंगाने के बहाने बना रहा है जिसमें कूड़ा इकट्ठा करके रखा जा सके, लेकिन नगर परिषद ना तो बोरे खरीद पा रहा है और ना ही लोगों से कूड़ा ले रहा है। यही कारण है कि नगर परिषद के लिए गले की फांस बन चुका सूखा कूड़ा अब लोगों के लिए भी सिर दर्द बन गया है ।

### पांच दिन के भीतर समस्या का हो समाधान

**उपमंडलीय** अधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी ने बताया कि पिछले काफी इस समय से सूखे कूड़े को लेकर लोगों की शिकायतें आ रहे हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए नगर परिषद को जल्द से जल्द कूड़े की व्यवस्था को सुचारु करने के आदेश जारी किए हैं। नगर परिषद को पांच दिनों का भीतर इस समस्या से निपटने को कहा गया है, ताकि लोगों को आ रही समस्या से छुटकारा मिल सके।

**समस्या** लोगों को दशकों बाद भी आधुनिक सीवरेज प्रणाली की नहीं मिल पाई सुविधा

# सीवरेज समस्या पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का रवैया सख्त

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के लोगों को दशकों बाद भी आधुनिक सीवरेज प्रणाली की सुविधा नहीं मिल पाई है। लंबा समय बीत जाने के बाद बिलासपुर शहर में सीवरेज लीकेज की समस्या आए दिन बढ़ती जा रही है। कई जगह पर सीवरेज लीकेज के चलते लोगों को समस्या झेलनी पड़ी है। वहीं, इस समस्या को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी सख्त रवैया अपनाया है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इस समस्या के समाधान को लेकर जल शक्ति विभाग को पत्र लिखा है और इस समस्या के समाधान को लेकर निर्देश दिए हैं। बिलासपुर शहर में दशकों पुरानी सीवरेज प्रणाली में अभी तक कोई खास सुधार नहीं हो पाया है। हालांकि बिलासपुर शहर में करीब 100 करोड़ लागत की आधुनिक सीवरेज प्रणाली स्थापित करने को लेकर कवायद भी शुरू की गई है। लेकिन यह प्रयास सिरे नहीं चढ़ पा रहे हैं। संबंधित विभाग को कई जगह पर लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा है।



फाइल फोटो

- प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने समाधान को लेकर आईपीएच को लिखा पत्र

बताया जा रहा है कि आधुनिक सीवरेज प्रणाली को लेकर टेंडर प्रक्रिया के तहत आगामी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जल्द ही इस प्रोजेक्ट का कार्य शुरू होने की संभावना है। लेकिन विभाग की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं कि जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को सिरे चढ़ाया जाए।

बता दें कि बिलासपुर शहर की सीवरेज ट्रीटमेंट परियोजना को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहले हिस्से में सीवरेज नेटवर्क का निर्माण होगा। जबकि दूसरे हिस्से में ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना होगी। नेटवर्क के लिए 63 करोड़ रुपए का टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है, जबकि ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 40 करोड़ रुपये का टेंडर जारी हो चुका है।

यह परियोजना बिलासपुर शहर की सीवरेज व्यवस्था को आधुनिक बनाने, शहर के लोगों को बेहतर स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक अहम कदम साबित होगा।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जल्द करेगा निरीक्षण

**उधर,** इस बारे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि बिलासपुर शहर में सीवरेज लीकेज की समस्या के समाधान को लेकर जल शक्ति विभाग को पत्र लिखा गया है। इस व्यवस्था में सुधार के लिए कहा गया है, ताकि लोगों को किसी तरह की समस्या न झेलनी पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जल्द ही निरीक्षण भी किया जाएगा।

### संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने फेरी वालों से अभद्र व्यवहार करने पर की निंदा


**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने घुमारवीं में फेरी वालों से अभद्र व्यवहार की घटना की निंदा की है। मोर्चा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मामले में कार्रवाई की मांग की।

प्रेस बयान में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला महामंत्री आचार्य नंद लाल ने कहा कि प्रवासी फेरी वालों के साथ ऐसा करना निंदनीय है। देश में हर नागरिक को अधिकार है कि वह किसी भी राज्य में जाकर रोजी-रोटी कमा सकता है। कुछ व्यक्ति प्रदेश में भी इस प्रकार का माहौल पैदा करना चाहते हैं और धर्म विशेष के लोगों को इस बाबत टारगेट किया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था बिगाड़ रहा है तो कानून उस पर कार्रवाई करता है। किसी व्यक्ति को केवल इस कारण लक्षित कर प्रताड़ित किया जाना कि वह धर्म विशेष से है तो यह संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसे व्यापार से जोड़कर बयान दे रहे हैं।


उन्होंने कहा कि कर उगाही का काम सरकार का है। इसके लिए विभाग हैं। कर चोरी करने वालों के खिलाफ जुर्माना और दंड का प्रावधान भी संविधान के नियम के तहत है।

ऐसे में किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं है। मुख्यमंत्री को इस बात में हस्तक्षेप कर संज्ञान लेते हुए मामले की निष्पक्षता से जांच कर उचित कार्रवाई करनी चाहिए।



# न्यूज ब्रीफ

## विस अध्यक्ष कल रखेंगे टुंडी स्कूल के भवन की नींव



**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भटियात विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के लिए 31 दिसंबर को सायं सिहुन्ता पहुंचेंगे। पठानिया 1 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टुंडी के भवन निर्माण की आधारशिला रखने के पश्चात जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष 2 जनवरी को दोपहर 12 बजे सिहुंता में पुलिस स्टेशन का शुभारंभ करने के पश्चात दोपहर 2 बजे चुवाड़ी में उप मंडलीय पुलिस कार्यालय का भी शुभारंभ करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 3 जनवरी को सुबह 11:30 बजे बनेट-मोरठु खड्ड संपर्क मार्ग का शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात वह दोपहर 1:30 बजे संपर्क मार्ग से सेराला दा बासा गांव के संपर्क मार्ग का शिलान्यास तथा दोपहर बाद 3:30 बजे संपर्क मार्ग से सामु के लिए संपर्क मार्ग का भी शिलान्यास करेंगे। पठानिया 4 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे हिमालयन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। 5 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे अपर बकाण गांव के लिए संपर्क मार्ग का शिलान्यास करेंगे।

## चंबा-जोत-चुवाड़ी सड़क छोटे वाहनों के लिए बहाल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा-जोत-चुवाड़ी सड़क सोमवार को छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दी गई है। इसकी जानकारी देते हुए एसडीएम भटियात ने कहा है कि छोटे वाहनों के लिए यह सड़क खुल गई है और बड़े वाहनों की आवाजाही भी अगले एक-दो दिनों में शुरू हो जाएगी। गौरतलब है पिछले दिनों हुई भारी बर्फबारी के चलते यहां पर भारी हिमपात हुआ था जिसके चलते यह सड़क सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दी गई थी, लेकिन विभाग ने कड़ी में मशक्कत के बाद दो दिनों के भीतर ही इस सड़क को छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया है। हालांकि प्रशासन ने इस सड़क पर चलने के लिए वाहन चालकों से ऐतिहात बरतने की अपील की है। क्योंकि सुबह-शाम यहां पर अत्यधिक ठंड होने के चलते सड़क पर अत्यधिक फिसलन रहती है। इसके कारण कभी भी कोई भी बड़ा हादसा घट सकता है।

## नौरा कॉलेज में एआई पर सेमिनार आयोजित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में सोमवार को प्राचार्य राजेश कुमार और करियर गाइडेंस इकाई के समन्वयक प्रो. प्रदीप सिंह, प्रो. गगन जग्गी की अध्यक्षता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल मार्केटिंग पर एक दिवसीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें जतिन शर्मा (सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ ) मुख्य वक्ता रहे। सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को एआई के उपयोग से डिजिटल मार्केटिंग रणनीतियों में क्रांति लाने के बारे में जागरूक करना था। जतिन शर्मा ने एआई-आधारित उपकरणों, उपभोक्ता व्यवहार विश्लेषण, और उभरते हुए मार्केटिंग ट्रेंड्स पर अपने विचार साझा किए। इंटरैक्टिव सत्र में केस स्टडीज और प्रश्नोत्तर शामिल थे, जिससे व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। छात्रों ने एआई के माध्यम से मार्केटिंग क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों को गहराई से समझा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ और बीसीए विभाग के फैकल्टी सदस्य प्रो. राहुल शर्मा, प्रो. रुची जग्गी, प्रो. नीरज और प्रो. अतुल भी उपस्थित रहे।

## मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब को बनाएं कार्यशील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट 2006 की प्रभावी अनुपालना को लेकर जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में किया गया। मुकेश रेपसवाल ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के लिहाज से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए। उन्होंने खाद्य मानकों को सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं और जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन पर भी जोर दिया। मुकेश रेपसवाल ने विभाग के पास उपलब्ध मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब को कार्यशील बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को ज़िला में शराब विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य लाइसेंस बनवाने को कहा। उन्होंने बिना लाइसेंस मिड डे मील परोसने वाले स्कूलों को भी प्राथमिकता के आधार पर पंजीकृत करने को निर्देशित किया।

# खड़ामुख-भरमौर एनएच तीसरे दिन भी नहीं हो पाया बहाल

## फिसलन होने के चलते लाहल से आगे नहीं जा रहे वाहन

**ओपी शर्मा, भरमौर**

खड़ामुख-भरमौर नेशनल हाईवे बर्फबारी के तीसरे दिन भी वाहनों की आवाजाही के लिए भरमौर तक बहाल नहीं हो पाया है। सड़क पर भारी बर्फबारी और फिसलन होने के चलते वाहन लाहल से आगे नहीं जा रहे हैं। वहीं, बड़े वाहन व गाड़ियां खड़ामुख तक ही पहुंच पा रही हैं। सड़क बहाल न होने के कारण यात्रियों को आने-जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि विभाग द्वारा सड़क को खोलने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है यहां पर मशीनरी भी पूरी तरह से तैनात की हुई है। उधर, खड़ामुख से लेकर होली तक भी बड़े वाहनों की आवाजाही बंद है। भरमौर से बाहर जाने के लिए



यात्रियों को पैदल चलकर कई किलोमीटर दूर बस पकड़नी पड़ रही है। सोमवार तक पीडब्ल्यूडी ने अधिकतर संपर्क मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिए हैं, लेकिन अभी तक भी एक दर्जन से अधिक संपर्क मार्ग ऐसे हैं, जहां पर वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हो पाई है। ऐसे में कई जगह लोग जबरदस्ती गाड़ियों को भारी बर्फबारी के बीच चलाकर एक जगह से दूसरी जगह पर पहुंचा रहे हैं। खड़ामुख से आगे सड़क पर बर्फबारी होने के चलते बसें भी खड़ामुख तक ही पहुंच पा रही हैं।

हालांकि सोमवार को बिजली विभाग ने अधिकतर जगह बिजली की सप्लाई बहाल कर दी है, लेकिन पिछले दिनों हुई भारी बर्फबारी के कारण यहां फिसलन बढ़ गई है। बर्फ के कारण रास्ते में भारी फिसलन होने के चलते लोगों को आने-जाने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

## लक्कड़ मंडी-खजियार मार्ग जल्द होगा बहाल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** लोक निर्माण विभाग डलहौजी मंडल के तहत आने वाले सभी रास्तों को बहाल कर दिया गया है, सिवाय लक्कड़ मंडी से खजियार मार्ग जो भारी बर्फबारी के चलते हैं अभी भी अवरुद्ध है। इस बारे में अधीक्षक अभियंता अतुल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही मौसम साफ हुआ था, वैसे ही मुख्य मार्ग की बहाली हेतु जेसीबी मशीन तथा लेबर को रवाना कर दिया गया था और मंगलवार तक लक्कड़ मंडी से खजियार मुख्य मार्ग पूर्ण रूप से बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपमंडल के तहत छोटे बड़े संपर्क मार्ग तथा मुख्य मार्ग जो थे उन्हें साथ के साथ मशीन तथा लेबर को भेज कर बहाल कर दिया गया, किंतु लक्कड़ मंडी से खजियार मार्ग पर डेढ़ से 2 फुट और कहीं इससे भी ज्यादा बर्फबारी दर्ज की गई है, जहां विभाग मुख्य मार्ग की बहाली हेतु डटा हुआ है।

# तीन दिन के रिमांड पर भेजा रिश्वत लेते पकड़ा आरोपी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंबा की अदालत ने 18 हजार रुपए रिश्वत के मामले में आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। विजिलेंस की टीम ने आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया। विजिलेंस की टीम अब आरोपी से पैसों के लेन-देन के अलावा अन्य राज भी खुलवाने के लिए गहनता से छानबीन कर सकती है। भारत सरकार की ओर से ऐतिहासिक रंगमहल स्थित हैंडलूम/हैंडीक्राफ्ट कारपोरेशन चंबा में बीते दिनों अल्प अवधि तीन माह का प्रशिक्षण चला। इसमें मास्टर ट्रेनर को प्रति माह लगभग 30 हजार रुपए मेहनताना दिए जाने का प्रावधान रहा। मामले में मास्टर ट्रेनर अंकित वर्मा ने विजिलेंस विभाग चंबा को शिकायत सौंपी कि हैंडलूम/हैंडीक्राफ्ट कारपोरेशन चंबा का इंचार्ज उससे तीन माह के मेहनताने के रूप में 18 हजार रुपए की डिमांड कर रहा है। विजिलेंस की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से मास्टर ट्रेनर से मिल कर उसे कैफे में बुला कर रंगे हाथ दबोच लिया। आरोपी को विजिलेंस की टीम ने शनिवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। विजिलेंस टीम अब मामले को लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करेंगी। इतना ही नहीं, विजिलेंस की टीम कड़ी से कड़ी मिला कर अब मामले की जांच में जुट गई है। आगामी दिनों में टीम हैंडलूम/ हैंडीक्राफ्ट कारपोरेशन के चंबा कार्यालय में रिकॉर्ड की जांच करने के अलावा कर्मचारियों, प्रशिक्षुओं से भी पूछताछ कर सकती है। उधर, विजिलेंस विभाग चंबा के एसपी अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि रिश्वत मामले में पकड़े गए हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट कारपोरेशन के प्रभारी को न्यायालय से तीन दिन की पुलिस रिमांड मिला है।

# बनीखेत का पद्दर मैदान खेल विभाग की उपेक्षा का शिकार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

युवा सर्विस एवं खेल विभाग चंबा के अंतर्गत पद्दर मैदान बनीखेत इन दिनों खेल विभाग की उपेक्षा का शिकार हो रहा है। आलम यह है कि मैदान के चारों तरफ गंदगी ही गंदगी फैली दिखाई दे रही है, जिससे यहां आने वाले बाहरी लोगों पर इसका नकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। बीते कुछ सालों से यूथ सर्विस एवं खेल मंत्रालय विभाग चंबा द्वारा पद्दर मैदान की तरफ जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इसकी देखरेख के लिए एक चौकीदार रखा गया था, किंतु उसकी मृत्यु के पश्चात इसकी देखरेख या तो स्थानीय यूथ क्लब के सदस्यों द्वारा या फिर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों द्वारा की जा रही है, लेकिन खेल विभाग की ओर से इस मैदान को रामभरोसे ही छोड़ गया है। इस बारे में जब खेल अधिकारी युवा सर्विस एवं खेल विभाग चंबा रुपेश से बात की गई तो उन्होंने इस सारे मामले से पल्ला झाड़ते हुए



कहा कि उन्होंने पद्दर खेल मैदान के रखरखाव और एक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु आलाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है तथा मैदान की रिपेयर मेंटेनेंस हेतु जल्द ही इसका टेंडर प्रक्रिया को भी अंजाम दिया जाएगा। वहीं, स्थानीय लोगों का खेल मैदान की हालत को लेकर खेल विभाग के लिए भारी रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वह खेल विभाग कार्यालय चंबा का घेराव करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी और अंजुमन इस्लामिया ने सीएम को भेजा ज्ञापन

# मुस्लिम समुदाय पर आधारहीन आरोप लगा रहा गिलानी

**अनंत ज्ञान, चंबा/डलहौजी**

मुस्लिम समुदाय ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी और अंजुमन इस्लामिया चंबा ने सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को जिलाधीश चंबा के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा है। वहीं एसपी को भी एक शिकायत पत्र सौंपा। ज्ञापन में एसएनए गिलानी नामक एक शख्स पर मुस्लिम समुदाय पर आधारहीन आरोप लगाने व मस्जिदों को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को लेकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है।

ज्ञापन में कहा गया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें उक्त शख्स अपना नाम एसएनए गिलानी बता रहा है। उक्त शख्स अपने आपको हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण परिषद का अध्यक्ष बताता है। वीडियो में गिलानी मुस्लिम समुदाय के लोगों के प्रति कई तरह की आधारहीन बयानबाजी करते हुए सुना व देखा जा सकता है। ज्ञापन देने



वालों में ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी जिला चंबा के अध्यक्ष लतीफ मोहम्मद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष परवेज अली बट्ट, सलाहकार पीर मोहम्मद, सचिव सलीम मोहम्मद, संयुक्त सचिव शाकिर अली शाह, युवा समन्वयक अब्दुल मजीद, सदर, अंजुमन इस्लामिया चंबा के डॉ. अली शाह, जिला परिषद मेयर लियायक अली, गुलाम रसूल और हासमद्दीन आदि थे। उन्होंने कहा कि गिलानी द्वारा झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं कि मुस्लिम समुदाय के लोगों से प्रदेश के हिंदुओं की बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा हिंदुओं की हजारों बेटियों को हिमाचल से दूसरे राज्यों में ले जाया गया। वहीं, गिलानी यह भी आरोप लगा रहे हैं कि मुस्लिम लोग मस्जिदों और कब्रिस्तानों के जरिए हिमाचल का माहौल खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गिलानी के ये सारे आरोप झूठे हैं और जब हमने तहकीकात की तो उसने खुद धर्मपुर मस्जिद के नजदीक वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी पर कब्जा कर रखा है। गिलानी ये झूठे आरोप लगाकर प्रदेश का सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा है। दोनों संस्थाओं ने पुलिस से गिलानी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग भी की।

# डॉ. कांता को कविताओं के माध्यम से किया याद

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

शिक्षक, कवयित्री व जानी मानी साहित्यकार स्वर्गीय डा. कांता शर्मा की जयंती पर उनके गांव लांगणी में उनके पति नागेंद्र शर्मा ने कांता शर्मा की एक कविता सुनाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा-मेरे बाद जब कभी तुम हंसते हुए फूलों को देखोगे, तुम्हें याद हो उठेगा मेरा मुखड़ा, तुम सोचोगे वह भी तो फूलों की तरह हंसती थी।

इस अवसर पर लोक गायिका कृष्णा ठाकुर ने मंच संचालन के साथ-साथ कुल्लवी गीत सुनाया-हुंदे पांखड़ू आंदा लोभा ने हो मेरी झूरिये। उन्होंने मंच संचालन के दौरान बीच-बीच में डॉक्टर कांता शर्मा की रचनाओं व संस्मरणों का वचन कर गोष्ठी को आकर्षक बनाया। वरिष्ठ साहित्यकार मुरारी



डॉ. कांता शर्मा की याद में आयोजित गोष्ठी में मौजूद साहित्यकार।

शर्मा ने कहा- कवि तुम्हारे जाने के बाद उदास है पहाड़, हम मिलेंगे...जब धरती पर आएगा लोकगीतों का बंसत...।

वहीं पर वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया ने अपनी कविता कुछ यूं सुनाई-जैसे मुस्कुराते हैं अंगारे चूल्हे में। वरिष्ठ कवयित्री हरिप्रिया शर्मा ने मंडयाली में कविता में कहा-जे ता तोते नी हुंदे,ता रटी-रटी नी पौंदे, ता ये आजादी रा रंग नीं हुंदा। वरिष्ठ साहित्यकार रूपेश्ववरी शर्मा ने-मैं महानदी, बहते जाना नियति है मेरी, विचलित हिमखंडों से जन्मी मैं बूंद-बूंद सहेजती पथ खोजती।

सुरेंद्र मिश्रा ने लंबी कविता सुनाई, कहा-आज आपाधापी के इस जीवन में कितने अंदर से खुश होंगे, जीवन का मजा अधूरा है अगर जीवन में मानसिक शांति नहीं। कवि उत्तम चंद शर्मा ने कहा-मत सोचो दर्द पराया है हमें क्या महसूस करो कभी दर्द पराया भी। (अनंत ज्ञान)

## डॉ. कांता की रचनाओं व दस्तावेजों का होगा संकलन व प्रकाशन

स्व. डा. कांता शर्मा का स्मरण करते हुए गांव लांगणी (साऊली खड्डु) में साहित्यिक विचार व कवि गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर उनकी रचनाओं व दस्तावेजों के संकलन व प्रकाशन बारे भी उपस्थित साहित्यकारों ने चर्चा की। वहीं पर हिमाचल गौरव बीरबल शर्मा ने कांता शर्मा के साहित्यिक योगदान को याद करते हुए उनकी रचनाओं के दस्तावेजीकरण की बात की। तय किया गया कि स्व. कांता शर्मा की अप्रकाशित रचनाओं का संकलन के अलावा कृतित्व और व्यक्तित्व पर स्मारिका या पुस्तक का प्रकाशन परिवार के सहयोग से प्रयास किया जाएगा।

## बैजनाथ-सांडापत्तन से संधोल चलेगी बस

**मंडी।** लंबे इंतजार के बाद लडभड़ोल से धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र का संधोल सीधी बस सेवा से जुड़ गया है। बैजनाथ से चलने वाली बस का रूट लडभड़ोल-सांडापत्तन से बढ़ाकर संधोल तक कर दिया है। इससे क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। बस सेवा के शुरू होने से ग्रामीण सीधे संधोल जा सकेंगे।

सांडापत्तन पुल को बने दो साल से ज्यादा का समय हो गया था, लेकिन अभी तक बस सेवा शुरू नहीं हो पाई थी। बैजनाथ से यह बस दोपहर 12:30 बजे चलेगी। दो बजे लडभडोल पहुंचेगी और तीन बजे सांडापत्तन से संधोल के लिए रवाना होगी। वापसी में संधोल से शाम 4:10 बजे चलेगी।

# 'शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सोमवार को डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में चल रहे दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन हुआ। नेल्सन मंडेला के अनुसार, शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। डीएवी सीपीएस, मंडी में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का दूसरा दिन शिक्षण अधिगम को सार्थक तरीके से सीखने और हर पहलू पर चिंतन करने के साथ संपन्न हुआ। इस दिन प्रारंभिक सत्र का नेतृत्व दिव्यांशु शंगारी और गौरव ओबेरॉय ने किया।

दोनों विशेषज्ञों ने छात्रों की वर्तमान मानसिक स्थिति और संज्ञानात्मक सेट-अप को संबोधित



कार्यशाला के दौरान संबोधन देते हुए प्राचार्य केएस गुलेरिया

### डीएवी सीपीएस में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन

करने के लिए रणनीतिक प्रबंधन उपकरणों पर अध्यापकों का ध्यान केंद्रित किया। उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण ने प्रतिभागी अध्यापकों को छात्रों को प्रभावी ढंग से समझने और मार्गदर्शन करने के लिए अभिप्रेरित करते हुए अनेक तकनीकों से अवगत करवाया। यह कार्यशाला पर्यवेक्षक प्रधानाचार्यों द्वारा साझा की गई मूल्यवान अंतर्दृष्टि और प्रतिभागी अध्यापकों से रचनात्मक प्रतिक्रिया के उत्तम प्रदर्शन के साथ समाप्त हुई।

क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी एचपी जोन सी व प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने प्रतिभागी अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि इन दो दिनों में जो आप यहां से सीख कर जा रहे हैं, इन सभी तकनीकों को अपने शिक्षण अधिगम का हिस्सा बनाएंगे ।

## सूडोकु 0032 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0031 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# बेसहारा गोवंश के लिए चारे की व्यवस्था करना सभा का उद्देश्य: सुरेंद्र

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

कोटखाई सर्वहितकारी ब्राह्मण सभा की प्रेसवार्ता में कार्यकारिणी अध्यक्ष सुरेंद्र शास्त्री ने कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों व ब्राह्म्ण समाज के बुद्धिजीवी लोगों की उपस्थिति में अपने संबोधन में ब्राह्मण सभा के उद्देश्य व संगठन की आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान संगठन द्वारा समाज की भलाई व सड़कों पर भटक रहे आवारा पशुओं के लिए घास इत्यादि की व्यवस्था व समाज के



सभा के पदाधिकारी जानकारी देते हुए।

असहाय परिवार के पितृकर्म इत्यादि की व्यवस्था व सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए संगठन की कार्ययोजना आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

वार्ता में जल संरक्षण व वृक्षारोपण जैसे मुद्दों पर भी बात करते हुए सर्वहितकारी ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष ने बताया कि संगठन इस दिशा में भी अपनी भूमिका निभाएगा और उनके संरक्षण के महत्व के लिए स्थानीय समाज को जागरूक करने का प्रयास करता रहेगा। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष ने जन कल्याण हेतु निष्काम भावना से यज्ञादि करते रहने के ब्राह्मण समाज के उद्देश्य का भी उल्लेख किया।

वहीं गुरुकुल व्यवस्था आरंभ करने व क्षेत्र में संस्कृत कालेज की मांग रखने की दिशा में प्रयास करने का संकल्प दोहराया है।

# जोनल अस्पताल मंडी में चोरी करते धरे दो युवक

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जोनल अस्पताल मंडी में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। शातिरों ने सोमवार दोपहर बाद करीब पौने दो बजे जोनल अस्पताल मंडी के ऑक्सीजन प्लांट में लगी तांबे के पाइप चुराने का प्रयास किया।

आरोपियों को सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मचारियों ने धर दबोचा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों युवक नशेड़ी बताए जा रहे हैं। सोमवार को दोनों को अस्पताल की सुरक्षा में तैनात कर्मी नारायण सिंह, भूमे राम और ज्ञान चंद ने रंगे हाथ दबोच लिया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान पैलेस वार्ड निवासी साजन और भ्यूली निवासी दाउद के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आज का राशिफल

अनंत ज्ञान

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** मेष राशि वालों के कार्यों में विघ्न आने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में कुछ उथल-पुथल की स्थिति रहेगी। मन अस्थिरता से भरा रहने का योग है।

**वृषभ:** आज की गई यात्रा से आपको लाभ के अवसर मिलेंगे। विरोधी परास्त होंगे। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का साथ मिलेगा। रुके हुए कार्य भी पूर्ण होने के योग हैं।

**मिथुन:** जीवन में उतार-चढ़ाव और बाधाओं के बावजूद भी धनलाभ होने का योग है। आज जो कार्य करेंगे, उसका प्रतिफल आने वाले समय में मिलेगा।

**कर्क:** आज आपके प्रभाव और कार्यक्षेत्र में मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि का योग बन रहा है। विशिष्ट लोगों से संपर्क बनने के भी अवसर सामने आएंगे।

**सिंह:** यात्रा सोच-समझकर ही करें। अन्यथा हो सकता है कि असुविधा का सामना करना पड़े। खानपान में भी आज सावधानी बरतने की जरूरत है।

**कन्या :** मन में सकारात्मक विचार आएंगे। इससे प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होने का योग बन रहा है। मित्र और परिवार के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला:** कार्यक्षेत्र के चलते आस-पास की यात्रा करना पड़े। यह आपके लिए सुखद भी हो सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा इससे आप प्रसन्नता का अनुभव करें।

**वृश्चिक:** प्रेम संबंधों में निराशा लगने के आसार हैं। इसके अलावा हो सकता है कि आपको किसी वजह से निराशा हो। लेकिन मन को शांत रखें।

**धनु :** शुभ समाचार के मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने का भी योग है। इसके अलावा नए अवसरों की संभावनाएं भी दस्तक दे रही हैं।

**मकर :** आज आपके कार्यक्षेत्र में वृद्धि होने के योग हैं। आज आप जो भी कार्य सोचेंगे वह पूरा कर सकते हैं। लेकिन जरूरी है कि कार्य को पूरी मेहनत और लगन से करें।

**कुंभ :** वाद-विवाद करने से बचें। अन्यथा खुद का ही नुकसान कर बैठेंगे। इसके अलावा आज व्यय अधिक और आय कम की भी स्थिति नजर आ रही है।

**मीन :** सफलता और विफलता दोनों का ही सामना करना पड़ सकता है। लेकिन परेशान न हों, ईश्वर और माता-पिता का स्मरण करें, सफलता मिलेगी।

## आज का पंचांग

31 दिसंबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** प्रतिपदा (03:24): **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा (00:04), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** ध्रुव (06:58) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:03-12:45), **राहुकाल** (02:59 -04:17)।

## विशेष दिन

- 31 दिसंबर 2024 : बैरवा जयंती आज।
- 31 दिसंबर 2024 : नववर्ष की पूर्व संध्या आज।

**बयानबाजी** सलापड़-तत्तापानी मार्ग का धीमी गति से चल रहे निर्माण पर प्रदेश हाईकोर्ट ने लिया कड़ा संज्ञान

# सुस्त कार्य को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने

**उमेश, सुंदरनगर**

सलापड़-तत्तापानी सड़क मार्ग का निर्माण के सुस्त कार्य को लेकर एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गई हैं। प्रदेश हाईकोर्ट ने जहां इस सड़क मार्ग के सुस्त निर्माण कार्य को लेकर कड़ा संज्ञान लिया है। वहीं मामले पर अब प्रदेश भाजपा भी सुक्खू सरकार पर हमलावर हो गई है। भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक सुंदरनगर राकेश जंवाल ने कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही सभी विकास कार्यों पर रोक लग गई है। इससे सलापड़-तत्तापानी सड़क का निर्माण भी धीमा पड़ गया है। भारत सरकार ने सीआरएफ के तहत इस सड़क के लिए पैसा मंजूर किया है और प्रदेश सरकार को सिर्फ इस निर्माण कार्य को पूरा करवाना है, लेकिन सरकार और स्थानीय कांग्रेस नेता नए कार्य शुरू करने के बजाए पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए महत्वपूर्ण कार्यों की गति को रोकने का कार्य कर रहे हैं।

अब हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मामले पर कड़ा संज्ञान लेते हुए निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों की सूची कोर्ट को उपलब्ध कराने के आदेश जारी किए हैं।(अनंत ज्ञान)

## सड़क निर्माण की गति में कमी आने की भाजपा जिम्मेदार : सोहन लाल

**पूर्व** सीपीएस एवं विधायक सोहन लाल ठाकुर ने भाजपा के आरोपों पर कहा कि सलापड़-तत्तापानी सड़क के निर्माण के लिए पूर्व में कांग्रेस सरकार के समय धनराशि मंजूर करवाई थी। कांग्रेस सरकार के प्रयासों से ही इस सड़क मार्ग का कार्य को वर्ष 2017 में शुरू किया था। उन्होंने कहा कि सलापड़-तत्तापानी सड़क कांग्रेस पार्टी द्वारा दी गई सड़क है। पूर्व की भाजपा सरकार ने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में इस सड़क मार्ग को लेकर औपचारिकताओं को पूरा नहीं करवा पाई थी। सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि सलापड़-तत्तापानी सड़क निर्माण कार्य की गति में कमी आने की जिम्मेदार पूर्व की भाजपा सरकार है। प्रदेश वन और लोक निर्माण विभाग ने एफसीए परमिशन की आपत्तियों को दूर कर दिया है और जल्द ही कार्य को लेकर परमिशन प्राप्त हो जाएगी।

## 44 वर्ष बाद भी नहीं हो पाया कार्य

**बता** दें कि वर्ष 1980 से प्रस्तावित सलापड़-तत्तापानी सड़क का निर्माण कार्य प्रदेश सरकार और विभागीय उदासीनता के कारण 44 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज दिन तक पूरा नहीं हो पाया है। इस सड़क मार्ग के धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य को लेकर हाइकोर्ट ने सरकार को कई बार फटकार भी लगाई है। वर्तमान में सलापड़ से तत्तापानी के बीच की दूरी 150 किलोमीटर है। इस डबल लेन सड़क मार्ग के बनने से यह दूरी मात्र 40 किलोमीटर के करीब रह जाएगी। इससे शिमला, मंडी, बिलासपुर और किन्नौर जिला के लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। इस सड़क मार्ग से हर मौसम में वाहनों की आवाजाही रहेगी और टूरिज्म व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा। अभी यह सड़क सिंगल लेन है और इसे डबल लेन करने के लिए केंद्र सरकार ने 219 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। तत्तापानी और सलापड़ से सिंगल लेन सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

**शांत** दिमाग आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास लाता है, इसलिए यह अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। -दलाई लामा

संपादकीय

## शिक्षा की गुणवत्ता

शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। हिमाचल सरकार छात्रों की शिक्षा पर फोकस कर रही है, जो अच्छी बात है। वर्तमान सुक्खू सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई तरह की पहल की है। इनमें से एक महत्वपूर्ण योजना है मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, जिसका उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और विकलांग बच्चों के अभिभावकों को उनके बच्चों की शिक्षा और कल्याण को सक्षम करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 53.21 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसके अलावा, सरकार ने माई स्कूल-माई प्राइड अभियान भी शुरू किया है, जो सरकारी स्कूलों में शिक्षा में सुधार लाने और समग्र छात्र विकास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। इन पहलों के अलावा, सरकार ने मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना भी शुरू की है, जो राज्य में स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करती है।

ये सभी पहलें हिमाचल प्रदेश सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। दरअसल, शिक्षा एक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति को ज्ञान, कौशल और मूल्यों को सिखाया जाता है जिसके चलते आगे चलकर विद्यार्थी अपना भविष्य संवारते हैं तथा उन्हें अपने जीवन में सफल और सार्थक बनाने में मदद मिलती है। शिक्षा से जहां ज्ञान की प्राप्ति होती है वहीं, विद्यार्थियों में और समझ विकसित होती है। शिक्षा व्यक्ति को विभिन्न विषयों में ज्ञान और समझ प्रदान करती है। शिक्षा व्यक्ति को तरह तरह के कौशलों जैसे कि संचार, समस्या-समाधान और नेतृत्व कौशल को विकसित करने में मदद करती है, जो आगे चलकर विद्यार्थियों के रोजगार का साधन बनती है। कौशल के बिना आजकल कहीं पर भी नौकरी पाना असंभव सा प्रतीत होता है। आज कोई भी विद्यार्थी या बेरोजगार नौकरी पाने जाता है तो उससे सबसे पहले यही पूछा जाता है कि वह अपने काम में कितना प्रवीण है यानी उसमें काम करने का जज्बा तथा कौशल कितना है। इसके बाद बात होती है उसके अनुभव की। बस यहीं से ही साक्षात्कार लेने वाला अधिकारी उसकी नौकरी तय करता है। वह यह समझ जाता है कि उक्त व्यक्ति वाकई काबिल है या नहीं।

शिक्षा व्यक्ति को समाज में एक सक्रिय और उत्पादक सदस्य बनने में मदद करती है और आर्थिक विकास में योगदान करती है। शिक्षा व्यक्ति को नागरिक जिम्मेदारी के बारे में जागरूक करती है और उन्हें समाज में एक सकारात्मक योगदान करने में मदद करती है। अब जरूरत है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की। इसके लिए सरकार को चाहिए कि वह योग्य और अनुभवी शिक्षकों की नियुक्ति करे जो विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से सिखा सकें। आधुनिक और प्रासंगिक पाठ्यक्रम का विकास करना भी लाभदायक रहेगा जो विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान करने में मदद करे। साधन-समृद्ध वातावरण प्रदान करना चाहिए जिसमें विद्यार्थी सीखने और विकसित होने के लिए प्रेरित हों। विद्यार्थियों को व्यक्तिगत ध्यान देना जिससे वे अपनी आवश्यकताओं और रुचियों के अनुसार सीख सकें। नियमित मूल्यांकन और प्रतिक्रिया प्रदान करनी चाहिए जिससे विद्यार्थी अपनी प्रगति को समझ सकें और सुधार कर सकें। पैरेंट-टीचर एसोसिएशन का गठन करना तो अति आवश्यक है और हिमाचल में तकरीबन सारे ही स्कूलों में पैरेंट-टीचर एसोसिएशनें बनीं हैं। इन एसोसिएशनों के जरिए माता-पिता और शिक्षक विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करते हैं। समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करना भी श्रेयस्कर रहेगा, जिससे विद्यार्थी समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं को समझ सकें और उनका समाधान कर सकें।

निश्चित रूप से इन कदमों से शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक बदलाव आ सकता है। बस जरूरत इस बात की है कि सरकार जो भी योजना बनाए उसे तसल्ली से मूर्त रूप दे। यदि योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से होता रहेगा तो शिक्षा की गुणवत्ता दिन-ब-दिन सुधरती जाएगी। विद्यार्थियों को भी चाहिए कि वे शिक्षा की गुणवत्ता को कायम रखने में अपने शिक्षकों का साथ दें और अच्छे से पढ़ाई करें। वहीं, बच्चों के अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि उनका बच्चा जो स्कूल में सीखकर आ रहा है क्या वो उसे अपने जीवन में उतार रहा है या नहीं। यदि सब मिलजुलकर बेहतर प्रयास करेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी। ■

# खाद के दाम में बेतहाशा वृद्धि किसान विरोधी

केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में कृत्रिम उर्वरक रसायनिक खादों के दामों में बेतहाशा वृद्धि किए जाना किसान विरोधी है। देश में किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलित चल रहे हैं। इस बीच अचानक खादों के दाम 240 रुपए प्रति बोरी बढ़ाए जाना न्यायसंगत नहीं है। निरंतर कीटनाशक दवाइयों और स्प्रे किए जाने से मनुष्य के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर क्या विपरीत असर पड़ा रहा, बहुत कम जनता जागरूक है। हमारा खान-पान इस कदर विषेला बन चुका कि इसकी पौष्टिकता में अब कमी आई है। आम जनमानस आज भोजन से कहीं अधिक दवाइयां खाकर जीवन यापन करने को मजबूर है। स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त मिलने के कारण लोग अपने स्वास्थ्य प्रति चिंतित नहीं है। कीटनाशक दवाइयां और स्प्रे पर जिन यूरोपीय देशों ने प्रतिबंध लगा रखा, ठीक वही हमारी गली, मुहल्ले की दुकानों में आसानी से मिल जा रही हैं। फसलों की पैदावार अत्यधिक लिए जाने की सोचकर जमीनों में आंखें बंद करके डाली जा रही रसायनिक खादें नुकसानदायक भी साबित हो सकती कोई सोचने को तैयार नहीं। यही नहीं रसायनिक दवाओं और खाद के कारण भूमिगत जल में दूषित होने की गंभीर समस्याएं खड़ी हो रही हैं।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर



प्राकृतिक जल स्रोत विषैले होने से यूरेनियम की मात्रा बढ़ जाती जिसका असर लोगों की किडनियों पर पड़ता है। केवलमात्र भूमिगत जल के सहारे ही लोगों का जीवन यापन अब निर्भर है। किसानों, बागवानों द्वारा रसायनिक खादें, दवाइयां और कीटनाशक स्प्रे का लगातार इस्तेमाल करने से जमीनें बंजर बनती जा रही हैं। जमीनों में पोषक तत्वों की कमी दिनोंदिन बढ़ती जा रही, इसलिए फसलों की टहनियां तो बड़ी हो जाती, मगर अनाज के दानें उतने तैयार नहीं हो पाते हैं। जमीनों का इस तरह से हो रहे दोहन बारे सरकारों को अब और भी गौर करने की जरूरत है। महंगी रसायनिक खादों के उपयोग से फसलों की पैदावार किसानों की उपेक्षाओं के विपरीत हो रही है। नतीजतन आज का किसान खेतीबाड़ी करने से विमुख होता जा रहा है। हालात आज इस कदर बन चुके कि कुछेक किसानों ने जमीनों पर फसलें उगाना तक बंद कर दिया हुआ है। कृत्रिम उर्वरक रसायनिक खादें जमीन में खनिज लवणों को खत्म करती हैं। नाइट्रोजन के उपयोग से भूमि में प्राकृतिक रूप से उपलब्ध पोटाशियम गायब हो रहा है।

जमीन में पोटाशियम अभाव विटामिन सी और प्रोटीन की कमी आने से लोगों में कई बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। सुपर फास्फेट के कारण जमीन में तांबा और जस्ता खत्म होना शुरू हो जाता है। नाइट्रोजन और सुपर फास्फेट इस्तेमाल से गेहूं और मक्का की फसलों में प्रोटीन की कमी आ जाती है। रसायनिक खादों, दवाइयों और किटनाशक स्प्रे की आसमान छूती कीमतें किसानों की कमर दशकों पहले से तोड़ती आ रही हैं। रही सही कसर ट्रैक्टर की महंगी जुताई ने पूरी कर दी है। किसान आपसी देखा देखी में रसायनिक खादों का उपयोग आंखें बंद करके करते जा रहे हैं। अगर फसलों की पैदावार की तरफ नजर दौड़ाई जाए, तो उतनी भी नहीं निकल पा रही जितना एक किसान का कुल खर्चा होता है। जमीनों में नमी न होने की वजह से वह खुश्क बनकर रहती जा रही हैं। प्रकृति में अचानक बदलाव आने से बारिशें भी अब बेमौसमी होना शुरू हैं। रसायनिक खादों के सहारे उगाई जाने वाली फसलों को समय पर पानी से सिंचित करना पड़ता अन्यथा वह सुख जाती हैं। हजारों रुपए खर्च करने के बावजूद किसानों को न तो पर्याप्त अनाज मिल पा रहा और न ही पशुओं का चारा। रसायनिक खादों, दवाइयों और किटनाशक इस्तेमाल करने से मौसम में भी अत्यधिक गर्माहट का एहसास किया जा सकता है। रसायनिक खादें बनाने के लिए फैक्ट्रियों में कोयला जलाना पड़ता, जिसके चलते पर्यावरण प्रदूषण भी अब बढ़ता जा रहा है। पहाड़ी राज्य होने के बावजूद अब यहां के मौसम में भी जमीन आसमान का अंतर शायद तभी आया है। ऐसे हालात में पशुओं को खिलाए जाने वाली हरी घास भी किस कदर विषैली हो सकती खुद ही सोचने वाली बात है।

केंद्र सरकार ने गोवर्धन योजना चलाई, ताकि किसान सदियों पुरानी कृषि प्रणाली को बरकरार रख सके। पशुओं के गोवर, कूड़े कचरे से बनाई जाने वाली कंपोस्ट खाद से जमीनों की उर्वरक शक्ति कायम रखी जा सकती है। किसानों को गोवर और कूड़े, कचरे से कंपोस्ट खाद खुद बनाकर अपनी तकदीर बदलनी ही होगी। पहले किसान पशुओं का पालन पोषण किया करते थे। घरों में दुधारू पशु रखना हर किसान की मानों जरूरत हुआ करती थी। पशुओं के गोवर को जमीन में खोदें गए गड्ढे में डालकर उसकी कंपोस्ट खाद तैयार की जाती थी। अक्सर किसान पशुओं का गोवर वैसे भी खेतों में यह सोचकर डालते कि उनकी जमीनों में उपजाऊ शक्ति कहीं अधिक बढ़ जाएगी। छह महीने के बाद कंपोस्ट खाद को लोग अपने खेतों में बिछाते थे। उस समय फसलों की पैदावार बहुत अधिक होती और पशुओं का चारा भी किसानों को कभी खरीदना नहीं पड़ता था। बदलते सामाजिक परिवेश के चलते लोगों ने रहन, सहन, खान पान के तौर तरीके ही नहीं बदले अब आधुनिक खेती पर निर्भर होकर जहरीली फसलों की पैदावार करते जा रहे हैं। कंपोस्ट खाद से उत्पन्न की जाने वाली फसलें, सब्जियों और फलों का अपना एक अलग ही स्वाद हुआ करता था। रसायनिक खादों के प्रति किसानों के बढ़ते लगाव के चलते हम अपनी सदियों पुरानी खेतीबाड़ी की प्रणाली भी भूलते जा रहे हैं। औरतें अब पशु पालने का मतलब अपने आपको अति पिछड़ा हुआ मानने लगी हैं।

घरों की औरतें पशुओं का गोवर उठाना अब पसंद नहीं करती हैं। कहने को तो सभी आधुनिक किसान कहलाते, मगर पशु पालना ज्यादातर किसान छोड़ते जा रहे हैं। यही वजह है कि किसान अपने खेतों की जुताई भी ट्रैक्टरों से करवाकर अब अपने आपको किसान कहलाते जा रहे हैं। जमीनों के मालिक होने के बावजूद लोग अपने घरों में दुधारू पशु रखने की बजाए बाजार से महंगा दूध खरीदना अपनी आदत बना चुके हैं। अपनी पारंपरिक खेतीबाड़ी से मुंह मोड़ लेने वाले किसान क्या कभी कर्जे के बोझ से उभर भी सकते शायद नहीं। कृषि विभाग किसानों में जगरूकता बढ़ाने संबंधी किसान मेलों का आयोजन करवाता रहा है। किसानों को सस्ते दामों पर फसलों के बीज तक मुहैया करवाता। यही नहीं मुफ्त बीज भी कभी कभार किसानों को बांटे जाते रहे हैं। कृषि विभाग और बागवानी विभागों के अधिकारी अब गांवों में देखने तक को नहीं मिलते हैं। कृषि और बागवानी विकास अधिकारियों के वर्षों से खाली चल रहे पदों को भरने की जरूरत है। सरकारों को किसानों को कृषि और बागवानी में हर संभव मदद करनी चाहिए, ताकि किसान खुद आत्म निर्भर बनकर आर्थिक रूप से संपन्न बन सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# हमें जीने का तरीका सिखाती है प्रकृति की सीख

प्रकृति की गोद में हमारा बसेरा है, मानव का अस्तित्व प्रकृति से जुड़ा है, हरियाली की चादर में हमारा जीवन खिला है। प्रकृति की सुंदरता से हमारा मन मिला है। प्रकृति और मानव का संबंध बहुत गहरा है। प्रकृति हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक है।



लेखिका : वेदिका शर्मा
विद्यार्थी बी ए, एलएलबी ऑनर्स

प्रकृति हमारे जीवन को सुचारु बनाने में मदद करती है। यह हमें शुद्ध हवा, पानी और भोजन प्रदान करती है। प्रकृति के बिना हमारा अस्तित्व संभव नहीं है। जिस प्रकार नए फूल खिलते हैं, पौधों का विकास होता है, पेड़ों पर नए पत्ते आते हैं व उसका विकास होता है उसी प्रकार मनुष्य भी अपने जन्म के साथ अपनी जिंदगी के विकास की ओर बढ़ने लगता है। इस उदाहरण से हम यह कह सकते हैं कि प्रकृति और मनुष्य में काफी समानताएं हैं व ये एक दूसरे के पूरक हैं।

प्रगति के मार्ग पर बढ़ने के लिए हमें प्रकृति की सीख को अपनाने की जरूरत है। प्रकृति हमें सिखाती है कि हमें अपनी कमियों को स्वीकार करना चाहिए और उन्हें सुधारने का प्रयास करना चाहिए। हमें जीवन के उतार व चढ़ाव को स्वीकार कर उन्हें सुधारने की शक्ति प्राप्त करनी चाहिए। हमें दूसरों की देखभाल और सुरक्षा की जरूरत को समझना चाहिए और दूसरों के साथ जुड़ने के महत्व को सिखाना चाहिए। प्रगति के मार्ग पर यहां कुछ तरीके हैं जिनसे हम प्रकृति को अपनाकर प्रगति कर सकते हैं। आत्म सुधार की दिशा में कदम बढ़ाना। मनुष्य को प्रकृति से जुड़ कर आत्म चिंतन करना चाहिए व अपनी कमियों को जान कर उन्हें सुधारना चाहिए।



सभी मनुष्य का कोई न कोई उद्देश्य होता है, जिसे पूर्ण करने के लिए वह इस धरती पर जन्म लेता है। इसलिए हर मनुष्य को प्रकृति के साथ जुड़ कर शांति भरे वातावरण में अपने उद्देश्य पूर्ण करने की ओर बढ़ना चाहिए। जीवन के उतार-चढ़ावों को स्वीकार करना, जिस प्रकार प्रकृति में ऋतुएं एक जैसी नहीं होती, कभी गर्मी, कभी ठंडी, कभी धूप, कभी छांव उसी प्रकार मनुष्य के जीवन में भी उतार चढ़ाव का सिलसिला कायम है, परंतु जिस प्रकार अनेक जीव-जंतु हर प्रकार की ऋतुओं में खुद को ढाल लेते हैं। उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन के सुख-दु:ख को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए।

दूसरों की देखभाल और सुरक्षा की जरूरत को समझना, जिस प्रकार प्रकृति सभी प्राणियों की देखभाल करती है, जीवन जीने के हर साधन प्रदान करती है। जिस प्रकार जीव-जंतु शिकारी के घात लगाने पर एक दूसरे को खतरे का संकेत दे आगाह करते हैं। उसी प्रकार मनुष्य को भी मिल-जुल कर रहना चाहिए व एक दूसरे की सुरक्षा करनी चाहिए, हमें एक दूसरे के साथ जुड़ कर प्रगति की ओर बढ़ना चाहिए।

विभिन्न रंगों को स्वीकार करने की कला सीखना। जिस प्रकार प्रकृति के विभिन्न रंग हैं जिनका अपना एक महत्व व सुंदरता है उसी प्रकार मनुष्य भी एक-दूसरे से विभिन्न हैं। उनकी विभिन्नताओं का भी अपना एक महत्व है जिसका हर एक मनुष्य को आदर करना चाहिए व इन विभिन्नताओं को साथ लेकर ही मानव जीवन के विकास व प्रगति की ओर बढ़ना चाहिए। अंत में मैं यही कहना चाहूंगी कि प्रकृति की सीख हमें जीने का तरीका सिखाती है, साथ ही मानव को प्रेरणा देती है। इसलिए, आओ मिलकर प्रकृति की सुरक्षा करें और अपने जीवन को सुंदर व सफल बनाएं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अपनी बात

**नशे** का सेवन करने वालों को जेलों में भरकर तथा पुनर्वास केंद्रों में भेजकर भी इस विकराल समस्या का समाधान नहीं होने वाला है। समाज में लड़ाई-झगड़े, मारपीट, चोरी, डकैती, ठगी, अत्याचार, अनाचार, बलात्कार, हत्या तथा अपराधों की एक अनगिनत तथा लंबी कड़ी की शुरुआत होती है। नशे से आदमी का स्वास्थ्य, मानसिकता, बुद्धि तथा कार्य करने की ऊर्जा पर कुप्रभाव पड़ता है। नशे के खिलाफ सभी वर्गों को एक साथ चलने की आवश्यकता है। मेरे पड़ोस में एक जवान लड़के की चिट्टे की ओवरडोज से मौत हो गई है। एक ही एक बच्चा था अपने मां-बाप के। हमारे बच्चे बचपन में उसके साथ खेलते थे, बचपन में मैंने उसे मां की तरह पाला है। इस चिट्टे ने बर्बाद कर दिया।

**रविंद्र कुमार, भड़वाल**

# सिर्फ कर्म करना ही एकमात्र लक्ष्य हो, उसका फल हमें प्रभु से अवश्य मिलेगा

कुछ लोग तो अति व्यस्त रहने की शिकायत करते हैं कि वे काम के बोझ से दबे जा रहे हैं। प्राय: अच्छे काम का इनाम और अधिका काम होता है तथा खराब काम करने का इनाम काम न मिलना होता है, किंतु यह शिकायत की बात नहीं है। काम करने से न केवल मानव दक्ष होकर काम पर हावी हो जाता है, बल्कि अन्य लोग भी उसे दक्ष मानकर उससे सलाह लेते हैं और उसका सत्कार करते हैं। काम को बोझ मानने से वह कष्टप्रद एवं शक्तिशोषक हो जाता है तथा रुचि लेने पर वह सुखप्रद बन जाता है। सामान्यत: परिश्रम करके ही अथवा अपने हिस्से का काम करने पर ही आपको भोजन करने का अधिकार है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बिना काम किए हुए धन कमाना, भोजन करना, अनधिकार चेष्टा है। काम तो आपको ही करना है, फिर रोकर क्यों करें, हंसकर क्यों न करें ? अपने कार्य को तुच्छ अथवा छोटा मनाना और अपने-आपको कार्य की अपेक्षा बहुत बड़ा समझना चारित्रिक दोष है। काम को तुच्छ अथवा छोटा मानने से कर्तव्यपालन में शिथिलता आ जायगी जो मानव को निकृष्ट बना देगी।

प्रस्तुत लघु कार्य को ठीक प्रकार करने से बड़े काम भी स्वयं मिलेंगे और उन्नति का मार्ग स्वयं खुल जाएगा। लगन से काम करने वाले मानव को गहरा आत्म-संतोष तो सदा मिलता ही है। शक्ति देने वाला उस परमात्मा भगवान श्री राम या गुरु के आदर्शों पर चलना चाहिए आप सोचते होंगे कि किसी के कारण मुझे परेशान हो रही है, लेकिन मेरे हाथ में कुछ नहीं है अगर मेरे हाथ में कुछ होता तो मैं किसी को बचा लेता, जो नहीं होता है और वही परमात्मा सबका मालिक हैं। दु:ख और सुख जीवन के अविभाज्य अंग हैं और हमें निराशा, अपमान एवं दु:ख को जीवन का अपरिहार्य अंग मानकर स्वीकार करना पड़ेगा, अन्यथा हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं और शोकसंतप्त होकर विनष्ट हो जाएंगे। विवशता एवं असाध्यता के साथ समझौता कर लेना, उसे सहर्ष अपना लेना बुद्धिमत्ता है।



जीवन में यथार्थता को स्वीकार कर लेना और उसके साथ समायोजन (एडजस्टमेंट) करके संतोष धारण कर लेना सुख-शांति की दिशा में एक आवश्यक पग है। यह एक तथ्य है कि हम किसी भी व्यक्ति तथा किसी भी परिस्थिति में पूर्णत: संतुष्ट नहीं होते। समझौता तो पग-पग पर आवश्यक होता है।

सुखी एवं स्वस्थ जीवन अपने साथ, परिवार के साथ समझौतों की एक श्रृंखला है। यदि प्रयत्न करने पर भी किसी क्षेत्र में परिस्थिति न सुधरे अथवा प्राकृतिक आघात, दुर्घटना आदि के कारण कोई वास्तविक विवशता हो, तो उसे सहर्ष स्वीकार कर लेना चाहिए और उससे लज्जित अथवा दु:खी होना अव्यवहारिक है। हमें समझ लेना चाहिए कि जिंदगी की बेल के सभी अंगूर मीठे नहीं है। कुछ मीठे हैं और कुछ खट्टे भी हैं। मानव एक चलता फिरता पिंड है जो स्थूल है, संपूर्ण ब्रह्मांड का सहज प्रतिनिधि है और है वह एक सजग व्यवस्था। आत्मरूप में निराकार और संदेह साकार चेतन सत्ता का परम मूल्यवान जीवित प्रतिमा मानव ही तो है।

वह एक बौद्धिक समझदार जननायक है जो अपने नैतिक बलबूते समग्र सृष्टि को चरित्र की शिक्षा देता है। आध्यात्मिक संस्कारों से परम परिशुद्ध हो गया यह चित्त। समझौता और प्रेम ही इस पर लगे हुए अतीत के सारे लेप उतर सकते हैं। आगे कोई लेप लगने की आवश्यकता नहीं है,क्योंकि भविष्य के प्रति मन में अब कोई कामना ही नहीं रह गई। सारी तृष्णाएं जड़ से उखाड़कर फेंक दी गईं काम तृष्णा भी, भव तृष्णा भी, विभव तृष्णा भी। सिर्फ कर्म करना ही एकमात्र लक्ष्य हो उसका फल हमें अवश्य मिलेगा, संसार में कोई मनुष्य स्वभावत: किसी के लिए उदार, प्रिय या दुष्ट नहीं होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत की पर्वतारोही

**अंशु** जमसेन्पा भारत की पर्वतारोही हैं। अरुणाचल प्रदेश की निवासी अंशु जमसेन्पा ने 2017 में पांच दिन में दो बार माउंट एवरेस्ट की चोटी तक सफलतापूर्वक चढ़ाई करके विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। वह यह कीर्तिमान स्थापित करने वाली विश्व की पहली महिला हैं। उन्होंने 2011 से 2017 के बीच पांच बार एवरेस्ट फतेह किया है। भारत सरकार द्वारा उन्हें 'पद्मश्री' से भी नवाजा गया है। अंशु जमसेन्पा ने माउंटेनियरिंग की शुरुआत 2009 में की थी। उनके पिता इंडो तिब्बत बॉर्डर पर पुलिस ऑफिसर हैं और मां नर्स हैं। अंशु जमसेन्पा 'स्वच्छ भारत अभियान' की ब्रांड एंबेसडर भी रही हैं। अंशु जमसेन्पा दो बच्चों की मां हैं। उन्होंने कुल पांच बार एवरेस्ट की चढ़ाई की है। उनके पति त्सेरिंग वांग हैं। 19 मई को अंशु जमसेन्पा ने चढ़ाई शुरू की थी और रविवार सुबह 9.15 पर चढ़ाई पूरी की। उन्होंने नेपाल के पर्वतारोहक फूरी शेरपा के साथ यह चढ़ाई पूरी की। वह पहली भारतीय महिला हैं जिन्होंने पांचवीं बार एवरेस्ट फतह की है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2011 में 10 दिन के अंदर दो बार माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी की थी। अंशु जमसेन्पा ने इसके बाद नेपाल की तरफ से एवरेस्ट की चढ़ाई आरंभ की। उन्होंने 18 मई 2013 को तीसरी बार इसे फतह किया। एवरेस्ट पर लगातार दो बार चढ़ने जाने वालों को गुवाहाटी में दलाई लामा ने झंडी दिखाकर रवाना किया था। 2018 में अंशु जमसेन्पा को 'तेनजिंग नॉर्गे नेशनल एडवेंचर अवॉर्ड' से भी सम्मानित किया गया था। ■



अंशु जमसेन्पा
जन्म : 31 दिसंबर, 1979

कविता

## नए साल की उगती किरण



शिवालिक अवस्थी

*गजब रही रफ्तार समय की, चली भला यह चाल है कैसी।*
*पलक झपकते गुजर गए पल, दो दिन बीती बात हो जैसी।*
*लम्हा-लम्हा आस में बीता, पलकें बिछीं दीदार को।*
*उम्मीद भरी यह उगती किरण, रोशन से भरे नए साल को।*
*थे कुछ पल वो कड़वे मीठे, जिन्हें भुला न पाएंगे।*
*जब तक रहेगा साथ सभी का, जीवन जीते जाएंगे।*
*जो बीत गया वो अनुभव मानो, सीख यही अपनानी है।*
*नेक रहें मजबूत इरादे, सबकी अलग कहानी है।*
*बढ़ते रहना यही है सीखा, जीते हर मैदान को।*
*उम्मीद भरी यह उगती किरण, रोशन से भरे नए साल को।*
*वर्ष नए में नए रंग से, रंजित जीवन सजाएंगे।*
*बीती बातें छोड़ के हम सब, मन के भेद मिटाएंगे।*
*उज्ज्वल बने भविष्य सभी का, खुशियां बिखरें चौतरफा।*
*आशीष मिले बस प्रभु का हर पल, स्वस्थ सुखी हो हर बेला।*
*नए साल की नई तरंगें, मुबारक हो जी आपको।*
*उम्मीद भरी यह उगती किरण, रोशन से भरे नए साल को।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# पाठकों के पत्र...

**मैं** जिला ऊना के नारी ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। किसान होने के साथ-साथ गांव का उपप्रधान भी हूं। इस क्षेत्र में परिवहन सुविधा खासकर रेलवे स्टेशन पर समस्त गाड़ियों के ठहराव की व्यवस्था होनी चाहिए।



ऊना जिला मुख्यालय के समीप होने के कारण हमारा क्षेत्र मैदानी और समतल है। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर आधारित हैं। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते कोटला कलां, कुरियाला पहाड़ी क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गाय की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। बेरोजगारी भी समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए, तो बसाल, टक्का, रायसरी से झलेड़ा आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**लक्की कुमार**
**( नारी बसाल ऊना )**
**मो. 98053-32305**

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र ने बहुत कम समय में अपने आप को पाठकों की पसंद बनाया है। वास्तव में यह पत्र संपूर्ण अखबार है इसमें हिमाचल प्रदेश से जुड़ी खबरों का समावेश होने के साथ-साथ राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और खेल जगत की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा है। इसके अलावा धार्मिक स्वास्थ्य संबंधित पाठक की रोचक ताजानकारियां उपलब्ध है। अनंत ज्ञान समाचार के संपादकीय पन्ने रोज सामायिक विषयों को उजागर करता है। पाठकों को रोचक और पूरी जानकारी उपलब्ध करने के लिए अनंत ज्ञान समूह को ढेर सारी शुभकामनाएं।



**सुरेंद्र भट्टी**
**हिमाचल स्टूडियो सोलन**
**मो. 98160-82369**

**नगरोटा** बगवां (कांगड़ा) से प्रकाशित हो रहा हिंदी दैनिक 'अनंत ज्ञान' वाकई उम्दा समाचार पत्र है, जिसे प्रदेश के कई क्षेत्रों से जुड़े लोग खूब पसंद कर रहे हैं। इसका पता इस बात से चलता है कि 'अनंत ज्ञान' की वर्षगांठ के मौके पर प्रदेशभर में लगाए गए रक्तदान शिविरों में जहां अनंत ज्ञान ने सामाजिक सरोकारों को निभाया वहीं रक्तदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। धर्मशाला में विधानसभा सत्र के दौरान नेताओं यानी लोकतंत्र के प्रहरियों ने भी प्रेस परिसर का खुशी-खुशी भ्रमण कर पत्र का अवलोकन किया। 'अनंत ज्ञान' के प्रदेशभर में कवरेज देने में डटे संवाददाताओं की मेहनत का ही नतीजा है कि आज लोगों को प्रदेशभर की खबरें इस अखबार में पढ़ने को मिल रही हैं। प्रदेश के जिलों के खबरी पन्नों में फेरबदल करना मंडी जिले के लिए लाभदायक रहा। चंबा वाले पृष्ठ पर मंडी भी लिख दिया गया है, जिसका लाभ मंडी के लोगों को मिल रहा है। यूं तो इस पन्ने पर मंडी की खबरें पहले से ही छप रही थी, लेकिन अब ऐसा करने से कांगड़ा की भांति मंडी का भी डेढ़ पृष्ठ हो गया है। हर रोज रोजगार के अवसर के दृष्टिगत सामग्री छापें तो और भी अच्छा रहेगा। साथ ही रविवार को या किसी अन्य दिवस को अतिरिक्त कागज लगाकर विश्व साहित्य सहित नाना प्रकार की रुचिकर तथा शिक्षाप्रद जानकारी प्रकाशित करना भी श्रेयस्कर रहेगा ताकि वो सामग्री पठनीय व संग्रणीय बन सके।



**भीम बसेडू राजपूत**
**महादेव, सुंदरनगर**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. : 88945-21702***

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश के बाद दिन-रात छाई धुंध की चादर



भीम बसेड़ु, महादेव। बर्फ एवं वर्षा के मौसम के बाद पूर्व में रहे शुष्क मौसम की अपेक्षा अब धुंध की चादर रात दिन छाई है। सुंदरनगर शहर से सटी ग्राम पंचायत महादेव में सुबह-शाम धुंध छाई रहने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है यानी न्यूनतम तापमान नीचे गिरने से शीतलहर का बोलबाला हो गया है क्योंकि मौसम खराब रहने से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने एवं निचले इलाकों में वर्षा होने से शीतलहर में इजाफा हो गया है जिससे जनजीवन पर खासा असर पड़ा है, ऐसे में शहरी आदि क्षेत्रों की झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को कुछ ज्यादा ही कठोर जीवन यापन करना पड़ रहा है। बुद्धिजीवी लोगों ने प्रशासन तथा प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही इन आम जनमानस के लिए जो सर्दीले मौसम में ठिठुरने को मजबूर हैं के लिए रैन बसेरे बनाए जाएं।

### ईवीएम और वीवीपैट भंडार कक्ष का किया निरीक्षण



अनंत ज्ञान, मंडी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन द्वारा सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भ्यूली स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवी पैट के भण्डार कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां उपलब्ध सभी सुविधाओं की जांच कर संतुष्टि व्यक्त की। उपायुक्त ने ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदान की जा रही सुरक्षा व्यवस्था संबंधी सेवाओं का ब्यौरा प्राप्त किया और सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की ओर से संजय शर्मा तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि करणवीर सिंह कौंडल, निर्वाचन तहसीलदार राजेश शर्मा भी मौजूद रहे।

### जोगिंद्रनगर के सुख राम लापता, परिवारजन परेशान

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत बल्ह के गांव जोल के 56 वर्षीय सुख राम 26 दिसंबर की सुबह से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हैं। परिजनों के अनुसार, वे सुबह 6 बजे बिना किसी को बताए घर से निकले और तब से वापस नहीं लौटे। परिवारजनों ने रविवार को पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में सुख राम की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई है। बताया जा रहा है कि उसी दिन दोपहर को उन्हें जोगिंद्रनगर बस अड्डे के पास अखबार पढ़ते हुए देखा गया था। सुख राम सामान्य व्यक्ति की तुलना में कम बोलते हैं और कभी-कभी चीजों को समझने में कठिनाई महसूस करते हैं। परिजनों ने बताया कि सुख राम पहले भी बिना सूचना दिए घर से चले जाते थे, लेकिन हर बार एक-दो दिन में किसी रिश्तेदार के घर से लौट आते थे। चार दिन बीतने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल पाया है।

### लडभड़ोल के पत्रकार महेंद्र भारद्वाज की माता का निधन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। रविवार देर शाम लडभड़ोल तहसील के वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र भारद्वाज की माता शकुंतला भारद्वाज (83) का निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशानघाट में संपन्न हुआ। शकुंतला भारद्वाज के निधन पर लडभड़ोल प्रेस क्लब ने शोक व्यक्त किया। प्रेस क्लब के प्रधान जितेन शर्मा, उपप्रधान सुधीर शर्मा, प्रेस सचिव मनीष राजपूत, कोषाध्यक्ष लक्की शर्मा, राजेश शर्मा, प्रमोद धीमान और अनिमेष अवस्थी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। महेंद्र भारद्वाज और उनके परिवार के प्रति क्षेत्र के सामाजिक और पत्रकारिता जगत ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना करें सुनिश्चित



अनंत ज्ञान, पधर। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के दृष्टिगत विभिन्न विभागों के साथ कार्यवाहक एसडीएम एवं तहसीलदार पधर डॉ. भावना वर्मा की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय पधर में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए ताकि हर वर्ग को इनका लाभ मिल सके। उन्होंने बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित करना, ग्राम सभाओं, सोशल और पोस्टर के माध्यम से प्रचार करना, दूरदराज क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने तथा जागरूकता शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक विभाग को अपने स्तर पर प्रचार अभियान की प्रगति रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए और कहा कि इस अभियान को प्राथमिकता दी जाए, ताकि योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंच सके और जनभागीदारी सुनिश्चित हो।

### अतिक्रमण करने पर रेहड़ियां और सामान जब्त



अनंत ज्ञान, मंडी। नगर निगम मंडी की निरीक्षण टीम द्वारा सोमवार को दोपहर के समय फोरलेन का निरीक्षण किया गया। जिसके दौरान प्रवासियों द्वारा अनाधिकृत तरीके से फोरलेन के साथ लगाई गई रेहड़ियों को जब्त किया और कुछ स्थानीय लोगों को भी वहां से हटाया गया। उक्त लोगों की नगर आयुक्त कार्यालय में भी बहुत सी शिकायतें सुनने में आई जिसके दौरान टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फोरलेन के एक छोर में पहुंचकर यह कार्यवाही शुरू की। टीम के इस कार्यवाही को देखते हुए कुछ रेहड़ी-फड़ी वालों ने अपनी रेहड़ियों को झाड़ियों में छुपाने की कोशिश की परंतु नगर निगम की टीम ने उन्हें भी जब्त कर नगर निगम के कार्यालय में जमा कर लिया है।

### संधोल अस्पताल में लगाया मल्टी स्पेशलिस्ट कैंप



रिलेश, सरकाघाट। संधोल सिविल अस्पताल में सोमवार को मल्टी स्पेशलिस्ट कैंप का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र भारद्वाज ने किया। इस शिविर में जिले भर से करीब दर्जन भर विशेषज्ञ आए उन्होंने लोगों की विभिन्न बीमारियों की जांच की। इस दौरान यहां करीब 180 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। इस शिविर में मेडिसिन विभाग की डॉ. अनु, डॉ. मुनीश स्किन विशेषज्ञ, डॉक्टर चमन बाल विशेषज्ञ, डॉक्टर श्वेता आंख नाक विशेषज्ञ, डॉक्टर अंशिका महिला विशेषज्ञ, डॉक्टर अरविंद सर्जरी विशेषज्ञ, डॉक्टर वंदना हड्डी विशेषज्ञ सहित स्थानीय डॉक्टरों ने लोगों का उपचार किया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग 154 के निर्माण में कंपनी ने दिया था स्थानीय लोगों को रोजगार देने का आश्वासन

# रोजगार के लिए 9 दिन से धरने पर युवा

पुष्पराज, मंडी



टनल निर्माण कार्य स्थल पर धरना प्रदर्शन करते स्थानीय युवा।

मंडी शहर से नजदीक और सदर उपमंडल के पंचायत तुंग, तबेला स्कोर व अरड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग 154 के निर्माण कार्य के चलते ग्राम पंचायत व स्थानीय युवाओं ने बेरोजगार संघ ग्राम पंचायत तुंग के बैनर तले टनल निर्माण के स्थान पर बीते 9 दिनों से धरने पर बैठे है।

स्थानीय युवाओं का कहना है की कंपनी से कार्य शुरू होने से पहले ही स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात कही थी लेकिन कंपनी द्वारा कार्य किसी अन्य ठेकेदार को दे दिया गया। स्थानीय बेरोजगार संघ के अध्यक्ष एवं तुंग पंचायत के उपप्रधान योगराज ने बताया कि ग्राम सभा के माध्यम से कंपनी के जीएम को प्रस्ताव सौंपा था जिसमें स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन कंपनी द्वारा कार्य किसी अन्य ठेकेदार को सबलेट पर दे दिया है, जिसके खिलाफ शांति प्रिय तरीके से 22 तारीख से इस धरने पर बैठे है।

कंपनी द्वारा जो भी मदद मांगी गई उसे स्थानीय लोगों ने प्राथमिकता के तौर पर किया और कंपनी द्वारा यह आश्वासन भी दिया गया था की प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय लोगों को ही रोजगार दिया जाएगा लेकिन इस बात की कंपनी द्वारा पूर्ण रूप से अनदेखी की गई है। वहीं 22 तारीख को ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू कर दिया और 23 तारीख को कंपनी के अधिकारियों से मिले और उन्होंने फिर आश्वासन दिया कि हम कंपनी के उच्च अधिकारियों से बातचीत करते है।

योगराज ने बताया कि कंपनी द्वारा 26 तारीख का फिर बुलाया गया है और ठेकेदार द्वारा दबाव बनाया जा रहा है और सीएम के लगातार फोन आ रहे है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने उसके बाद घुटने टेक दिए और बताया कि हम अब कुछ नहीं कर सकते है और यदि स्थानीय लोगों से ठेकेदार को समझौता होता तो ठीक है नहीं तो कंपनी अपने तौर पर कार्य करेगी। योगराज ने कहा की मांगों को नहीं माना जाता है तो यह धरना आंदोलन का रूप ले लेगा और जब तक मांग पूरी न होने तक जारी रहेगा।( अनंत ज्ञान)

### ग्रामीण संयम से लें काम : आरसीएस रावत

भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी के जनरल मैनेजर आरसीएस रावत ने बताया कि टनल निर्माण के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस 20 तारीख को मिली थी और 22 तारीख को पी 2 टनल का कार्य शुरू करना था लेकिन ग्रामीण लोगों ने कार्य में रूकावट डाल कार्य खुद करने की मांग रखी। ग्रामीण लोगों को यह कहा गया है कि जहां तक संभव होगा वहां कार्य दिलाने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। कंपनी में 100 में से 90 अधिकारी कर्मचारी और वर्कर हिमाचल से ही है। उन्होंने संभव स्थिति में ग्रामीण लोगों रोजगार देने की बात कही और ग्रामीणों को संयम से काम लेने को कहा।

### स्थानीय लोगों को दिया जाए रोजगार : करतार

वहीं ग्राम पंचायत नसलोह के प्रधान करतार सिंह ने कहा की सर्वे के समय एनओसी कंपनी ने पंचायत से मांगी थी और उस दफा ग्राम सभा में लोगों ने यह बात कही गई थी की स्थानीय लोगों को ही रोजगार यहां पर दिया जाएगा, लेकिन आज जो देखने को मिल रहा है कि कंपनी अपने कहे से बिल्कुल विपरीत चल रही है जिस कारण स्थानीय युवाओं को धरने पर बैठना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि इस विषय पर विशेष ध्यान देकर स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया करवाए जा सके।

## योजना के तहत 393 लाभार्थियों को 1.27 करोड़ रुपए जारी : डीसी



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण एवं कल्याण समिति की बैठक का आयोजन**

मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत गठित जिला बाल संरक्षण एवं कल्याण समिति की बैठक सोमवार उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि जिला के निराश्रित बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया गया है तथा सुख-आश्रय योजना के तहत उनकी समुचित देखभाल सुनिश्चित की जा रही है। सुख-आश्रय योजना के तहत आश्रम में रह रहे बच्चों को प्राथमिक से उच्च स्तर की शिक्षा आश्रम में ही देने, शादी, जेब खर्च, घूमने-फिरने का खर्च तथा भूमिहीन को 3 बिस्वा जमीन देने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि मंडी जिला में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत 393 अनाथ व बेसहारा बच्चों तथा 27 वर्ष आयु तक के पात्र वयस्कों को सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिगत 30 नवंबर, 2024 तक 1,27,48,000 रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। आठ बाल देखभाल आश्रमों में रहने वाले 390 वासियों को भी 41,04,700 रुपए की राशि सामाजिक सुरक्षा के रूप में प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि 23 पात्र बच्चों को 13,07,587 रुपए की राशि उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की गई है। इनमें 14 बच्चों को उच्चतर शिक्षा, 6 को व्यावसायिक प्रशिक्षण, तीन वयस्कों को स्वरोजगार के लिए यह सहायता राशि प्रदान की गई है। उत्सव भत्ते के तहत बाल देखभाल आश्रमों के आवासियों को 10,28,500 रुपए तथा बाल आश्रमों को 3,50,000 रुपए की राशि प्रदान की गई है। उपायुक्त बताया कि मंडी जिला में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत पात्र बच्चों व वयस्कों को लाभान्वित किया जा रहा है।

## बगैर-रकतल की प्रधान ने फर्जी शिकायत पर लगाया षड्यंत्र का आरोप

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

बगैर-रकतल पंचायत की प्रधान आंचल कुमारी ने फर्जी जन कल्याण समिति और उसके अध्यक्ष संत राम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने समिति को फर्जी और राजनीति से प्रेरित बताते हुए स्पष्ट किया कि यह समिति केवल एक परिवार की शिकायत समिति है और जनता इससे असंतुष्ट है।

आंचल ने कहा कि समिति के अध्यक्ष संत राम ने सभी सदस्यों को बाहर कर अपनी मनमानी करते हुए खुद को अध्यक्ष और अपने भाई को कोषाध्यक्ष बना दिया। समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए चंदे को बैंक से निकालकर खुद खा गए और अब मुझ पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगा रहे हैं। प्रधान ने आरोप लगाया कि यह परिवार पंचायत के उपप्रधान के साथ मिलकर उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रहा है। आंचल कुमारी ने यह भी बताया कि विरोधी उन्हें केस वापस लेने के लिए धमका रहे हैं। उन्होंने कहा, यह लोग झूठी शिकायतों के जरिए जनता को परेशान कर रहे हैं और जनहित कार्यों में अड़चनें डाल रहे हैं। पुलिस, बीडीओ, एसडीएम और विजिलेंस टीम ने भी इनकी शिकायतों की जांच की और मेरे कार्यों को पूरी तरह सही पाया है।

प्रधान ने मीडिया और जनता से 4 जनवरी को होने वाली ग्राम सभा में शामिल होकर सच्चाई सामने लाने की अपील की है। जनता के सामने इनका असली चेहरा उजागर होगा। में पंचायत के प्रत्येक कार्य के लिए जवाबदेह हूं और कहीं भी गबन नहीं हुआ है। आने वाले ग्राम सभा में इस मामले पर बहस होने की संभावना है। सभी की निगाहें अब 4 जनवरी की ग्राम सभा पर टिकी हैं, जहां विवाद का समाधान निकलने की उम्मीद है।

## देहरादून में बजा जोगिंद्रनगर के शारदा ज्योतिष केंद्र का डंका

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह के द्वारा विभा शर्मा को सम्मानित करते हुए।

जोगिंद्रनगर के शारदा ज्योतिष केंद्र की विभा शर्मा ने देहरादून में आयोजित ज्योतिष महाकुंभ में अपनी असाधारण प्रतिभा से प्रदेश का नाम रोशन किया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभा को सम्मानित करते हुए उनके योगदान और ज्योतिष के क्षेत्र में उनकी दक्षता की सराहना की।

देहरादून में आयोजित इस महाकुंभ में विभिन्न प्रदेशों के 200 से अधिक ज्योतिषियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, विभा शर्मा ने अपने गहन ज्ञान और विश्लेषणात्मक कौशल के बल पर पहला स्थान हासिल किया। विभा को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ युवा ज्योतिष' के खिताब से नवाजा गया।

विभा शर्मा की इस उपलब्धि से जोगिंद्रनगर में खुशी और गर्व का माहौल है। शारदा ज्योतिष केंद्र के कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा और विभा शर्मा की माता ने इसे उनके परिश्रम और समर्पण का परिणाम बताया।

विभा का कहना है कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का है, और वह ज्योतिष विद्या को और अधिक जनहित में उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। महाकुंभ में विभा शर्मा ने आधुनिक जीवन में ज्योतिष की उपयोगिता और वैज्ञानिक आधार पर इसकी व्याख्या करते हुए एक शोध पत्र प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति को जूरी सदस्यों और अन्य प्रतिभागियों ने खूब सराहा। विभा ने बताया कि ज्योतिष केवल भविष्यवाणी नहीं है, बल्कि यह जीवन प्रबंधन का एक सटीक विज्ञान है।

## कैरी बैग में रखी 336 ग्राम चरस बरामद, 4 गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नाके के दौरान 336 ग्राम चरस बरामद की है। साथ ही चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को नेशनल हाईवे 154 पर गलू में पुलिस ने नाका लगाया था। इस दौरान गुम्मा से जोगिंद्रनगर की तरफ आती हुई एक मारुति 800 कार को रोका गया। कार की तलाशी लेने पर एक कैरी बैग में 336 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने कार में सवार चार व्यक्तियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान धनी राम उर्फ किशन गांव रोपा पधर, डाकघर गुम्मा, राजेश कुमार गांव ओरनी, डाकघर गुम्मा, कमलेश गांव रोपा पधर, डाकघर गुम्मा और अरुण गांव अवायर, डाकघर हराबाग के रूप में हुई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि जब्त की गई चरस को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## वुशू चैंपियनशिप में वल्लभ महाविद्यालय ओवरऑल चैंपियन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



वल्लभ महाविद्यालय मंडी के वुशु खिलाड़ियों ने प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय वुशु चैंपियनशिप महिला वर्ग व पुरुष वर्ग की ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अर्जित किया है।

सम्मान समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा ने की। प्रो. डॉ. चमन ने कहा-पुरुष वर्ग में महाविद्यालय के वुशु खिलाड़ी तरनप्रीत सिंह गिल ने 90 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक, विशाल ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, आदित्य चौधरी ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक व राहुल ठाकुर ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित किया है। चंदन ने 56 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल व सुमित ने 80 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल व तरुण ठाकुर ने 90 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल, पारस ने 52 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल व मोहम्मद शमी ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल अर्जित कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय वुशु महिला वर्ग चैंपियनशिप में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी अर्जित की।

महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष सहायक प्रो. डॉ. सुनील सेन ने कहा कि महाविद्यालय मंडी के वुशु खिलाड़ी लगातार 3 वर्षों से राज्य स्तर पर पर चैंपियन बने हुए हैं।

### आकाश ने पास किया आर्मी कैडेट कॉलेज का कमीशन



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। उपमंडल के टिकरू गांव के आकाश राणा ने आर्मी कैडेट कॉलेज का कमीशन पास किया है।

आकाश ने बताया कि वह जोगिंद्रनगर के दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 2019 बैच के छात्र रहे हैं।

आकाश 2020 से ही भारतीय सेना की कोर ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं और इसी कार्यकाल में आकाश ने अपना कमीशन पास किया है।

## दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम रही विजेता

अनंत ज्ञान, मंडी



मैच के दौरान हिमाचल प्रदेश की टीम सामूहिक चित्र में।

झारखंड राज्य के रामगढ़ में आयोजित दिव्यांग महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में पहली बार भाग ले रही हिमाचल प्रदेश दिव्या महिला क्रिकेट टीम ने अपने पहले मैच में मेजबान टीम झारखंड को 10 विकेट से हराया।

हिमाचल प्रदेश दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम पहली बार इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है और टीम ने इतिहास रचते हुए अपने पहले ही मैच में बेजबान और खिताब की प्रबल दावेदार झारखंड दिव्यांग महिला टीम को 10 विकेट से हराया। प्रदेश टीम के साथ कोच के रूप में गए प्रदेश के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी व मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कोच संगीत चौहान टीम के साथ झारखंड में इस राष्ट्रिय प्रतियोगिता में गए हैं। संगीत चौहान ने बताया कि प्रदेश दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम ने राष्ट्रिय प्रतियोगिता में इतिहास रचते हुए अपने पहले ही मैच में झारखंड को पराजित किया। हिमाचल प्रदेश की कप्तान रचना कुमारी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

झारखंड ने पहले खेलते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 3 विकेट खोकर 42 रन बनाये। हिमाचल की तरफ से ज्योति और कांता ने एक - एक विकेट लिए झारखंड टीम की एक खिलाड़ी रन आउट हुई। हिमाचल प्रदेश की टीम ने 43 रनों का पीछा करते हुए 7.2 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल किया।

### सरकाघाट-हमीरपुर रोड की हालत खराब

मंडी। पिछले दो दिन हुई भारी बारिश से धर्मपुर-सरकाघाट - अवाहदेवी हमीरपुर मार्ग पर कीचड़ व फिसलन की स्थिति और बढ़ गई है। जिसकी वजह से लोगों, स्थानीय लोगों को पैदल चलना तो दूर आम जनता को वाहन चलाना भी दुभर हो चुका है।

बारिश से रही सही कसर ठेकेदारों ने सड़क किनारे खुदाई से पूरी कर दी है। दरअसल पाइपलाइन बिछाने के लिए कंपनी द्वारा सड़क किनारे बार-बार खुदाई की जा रही है, जिससे सरकाघाट रोड पर 50 मीटर के दायरे में सड़क की स्थिति और दयनीय बन चुकी है।

## बांस पर लगा प्रतिबंध किसान विरोधी, सीएम को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, मंडी



एसडीएम के मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते किसान।

द बल्ह वैली आदर्श किसान सब्जी उत्पादक सहकारी समिति द्वारा एसडीएम के मार्फत मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा गया। किसानों को सरकार द्वारा बांस की कटाई, बिक्री व परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से झटका लगा है।

ऐसे में किसान असमंजस में है कि अपने खेतों में टमाटर व अन्य बेलदार सब्जियों को पैदा करने के लिए खेतों में बांस के डंडों की जगह वैकल्पिक व्यवस्था क्या करें। इसलिए यह मांग उठ रही है कि जब तक इस कार्य हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर दी जाती तब तक यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए।

**राहत** विद्युत आपूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं बहाल करने के लिए कार्य जारी

# बारिश व बर्फबारी से बंद अधिकांश सड़कों पर यातायात बहाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

उपायुक्त अपूर्व देवगन द्वारा सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि मंडी जिला में बर्फबारी के कारण बंद अधिकांश सड़कों पर यातायात बहाल कर दिया गया है। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं बहाल करने पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

उन्होंने कहा कि मंडी जिला में पिछले दो से तीन दिनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात तथा निचले इलाकों में बारिश हुई है। इससे कुछक क्षेत्रों में भूस्खलन इत्यादि से सड़कें बंद होने कारण यातायात बाधित हुआ है। इनमें से अधिकांश को फिर से बहाल कर दिया गया है। सूचना के अनुसार लोक निर्माण विभाग के सिराज, थलौट व सदर मंडी मंडल में ही एक-एक सड़क मार्ग बाधित है।

जिला में बारिश व बर्फबारी से पिछले चौबीस घंटों में लोक निर्माण विभाग को लगभग 20 लाख रुपए का नुकसान आंका गया है। हालांकि अक्तूबर से अभी तक लोक निर्माण विभाग को करीब एक करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। इसके अतिरिक्त जिला के विभिन्न क्षेत्रों में 10 स्थानों में विद्युत ट्रांसफार्मर अथवा बिजली आपूर्ति की लाइन में खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा आई है। इन सभी क्षेत्रों में बिजली बोर्ड के माध्यम से आपूर्ति बहाल करने के लिए त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं।

### आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकलें लोग



उपायुक्त ने कहा कि सर्दियों के मौसम में आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत सभी लाइन डिपार्टमेंट अलर्ट पर हैं। विशेषतौर पर भारी बर्फबारी वाले क्षेत्रों में लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्थानीय प्रशासन व संबंधित विभागों के समन्वय से कार्य कर रहा है। उपमंडल स्तर पर भी नियंत्रण केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से समय-समय पर मौसम संबंधी चेतावनी एवं परामर्श भी जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि खराब मौसम की स्थिति में आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकलें। बारिश इत्यादि के दौरान विशेषतौर पर भूस्खलन संभावित सड़कों पर सफर से परहेज करें। साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारू करने सहित विभिन्न बहाली कार्यों में संलग्न कर्मचारियों को सहयोग करें और समय-समय पर जारी परामर्श व निर्देशों का भी अनुपालन करें।

## पड्डुल में देवताओं के बैठने की जगह को किया जाए पक्का

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में।

**सोमवार को सर्व देवता समिति की बैठक में लिए फैसले**

सोमवार को सर्व देवता सेवा समिति की साधारण सभा की बैठक संस्कृति सदन देव सदन में प्रधान शिवपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने मांग की कि पड्डुल में देवताओं के बैठने की व्यवस्था ठीक की जाए पोड़ियों पर जो देवी देवता बैठते है उस स्थान को पक्का किया जाए, जो गत वर्ष देवताओं को बैठाने के लिए लकड़ी के तख्ते जोड़े हुए थे उसमें देवी-देवताओं के गिरने का डर रहता है। कारदारों ने सरकार प्रशासन से मांग रखी कि पड्डुल में देवी-देवताओं को बैठने के लिए स्थाई स्थान चिन्हित किया जाए। वहीं सभी सदस्यों ने पुरजोर मांग रखी कि मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के द्वारा 2022 मेला शिवरात्रि में आधा बीघा भूमि देवताओं को सामुदायिक भवन बनाने हेतु प्रदान करने की घोषणा की थी लेकिन अभी तक किसी भी देवी देवताओं को उपरोक्त विषय के लिए भूमि स्वीकृत नहीं की गई।

उपायुक्त जिला मंडी द्वारा इसी मास गत दिन पहले एसडीएम और डीएफओ से वीडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा बैठक करने पर निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की घोषणा पर 45 दिन के अंदर कार्यवाही करें और समय को देखते हुए देवताओं और बजंतरीगणों का मानदेय भत्ता 15 प्रतिशत बढ़ाने पर भी ध्यान दें।

# हरोली अब है कुशल जल प्रबंधन की उम्दा मिसाल

## कभी जल संकट से जूझता था क्षेत्र, महज एक साल में 12.8 मिलियन लीटर क्षमता के 64 जल भंडारण टैंकों का निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के हरोली विधानसभा क्षेत्र ने कठिन जल संकट से कुशल जल प्रबंधन तक का असाधारण सफर तय किया है। कभी पानी की कमी से जूझने वाला यह क्षेत्र अब जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक उम्दा मिसाल बन गया है। हरोली क्षेत्र का जल प्रबंधन में नवक्रांति का अगुआ बनने का यह बदलाव बीते एक साल में और स्पष्ट रूप से सामने आया है। यहां जल संकट के स्थायी समाधान को ध्यान में रखते हुए लागू की गई प्रभावी योजनाएं और परियोजनाएं धरातल पर परिवर्तनकारी साबित हुई हैं। इन प्रयासों ने न केवल तत्कालीन जल संकट का समाधान किया, बल्कि भविष्य में जल प्रबंधन के लिए एक मजबूत और टिकाऊ नींव भी रखी है।

**जनजीवन में व्यापक बदलाव :** जल शक्ति विभाग हरोली के अधिशाषी अभियंता पुनीत शर्मा का कहना है कि 64 जल भंडारण टैंकों का निर्माण केवल कंक्रीट की संरचनाएं नहीं हैं, बल्कि ये हरोली क्षेत्र के हजारों परिवारों के लिए सुखद, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की गारंटी हैं। वे आगे बताते हैं कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के विजन के अनुरूप विभाग की परियोजनाओं से हरोली के लोगों के जीवन में कई महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं। अब हर मौसम में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

वह बताते हैं कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जल स्रोतों के रिचार्जिंग पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके अलावा बल्क ड्रग पार्क परियोजना में 50 लाख लीटर और 25 लाख लीटर क्षमता वाले दो और जल भंडारण टैंक निर्मित किए गए हैं। ये टैंक बल्क ड्रग पार्क में जल आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे तथा क्षेत्र में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन का आधार बनेंगे। (अनंत ज्ञान)






रोली में घर द्वार पर पानी भरता एक व्यक्ति, (दाएं) हरोली क्षेत्र का जल भवन।

### दूरदर्शी नेतृत्व का नतीजा

हरोली के विधायक और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्रमुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में क्षेत्र में जल प्रबंधन के कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। पिछले एक साल में 41 करोड़ की लागत की 9 पेयजल परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है, जिससे 45,000 से अधिक लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हुआ है। इसके साथ ही, 122 करोड़ की लागत से 10 योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वहीं, महज एक साल में क्षेत्र में 64 बड़े जल भंडारण टैंकों का निर्माण एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है। करीब 22 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इन टैंकों की भंडारण क्षमता 12.8 मिलियन लीटर है। ये संरचनाएं न केवल वर्तमान जल संकट का समाधान हैं, बल्कि भविष्य की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाई गई हैं। अग्निहोत्री का यह प्रयास जनकल्याण और दीर्घकालिक विकास के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### जनता ने जताया आभार

कुशल जल प्रबंधन में क्रांतिकारी परिवर्तन का अगुआ बनते हरोली विधानसभा क्षेत्र के निवासी इस सुखद बदलाव से बेहद खुश हैं। हरोली की बीटन पंचायत के ओम प्रकाश ओमी जिंदड़ का कहना है कि पहले पीने के पानी की आपूर्ति हमारी सबसे बड़ी समस्या थी। अब नई परियोजनाओं और क्षेत्र में बड़े टैंक बनने से यह समस्या खत्म हो गई है। जीवन काफी आसान हो गया है। वहीं, बीटन की बिमला देवी और माजरा जखेवाल गांव के मदन लाल का कहना है कि घर पर निरंतर जल आपूर्ति ने हमारे जीवन को सरल बना दिया है। हमने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। यह केवल एक सुविधा नहीं है, बल्कि अग्निहोत्री के नेतृत्व में क्षेत्र के हर व्यक्ति के सम्मान और प्रगति का प्रमाण है। इसी तर्ज पर क्षेत्र के अनेक लाभार्थी एकस्वर में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार जताते हुए कहते हैं कि हरोली में जल प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे काम इस बात की मिसाल हैं कि किस प्रकार दूरदर्शी नेतृत्व संसाधनों का सही उपयोग करके जनजीवन में बड़ा सुधार ला सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना महाविद्यालय में गणित का महत्व बताया



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में गणित दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. बालकृष्ण शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। वहीं, सेवानिवृत्त आचार्य प्रो. बिन्नी ओहरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने की। इस अवसर पर गणित विषय में प्रस्तुतीकरण किया गया एवं नाटक के माध्यम से गणित की महत्ता को बताया गया। मुख्यातिथि ने अपने वक्तव्य में गणित का हमारे जीवन में क्या महत्व है, के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य ने बच्चों द्वारा पेश किए गए नाटक की सराहना की। अंत में मुख्यातिथि ने बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन गणित क्लब की संयोजक डॉ. रंजू बनोता द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रो. पुनीत, डॉ. सुरेश, गणित विभाग से डॉ. मोनिका खन्ना, प्रो. प्रोमिला एवं प्रो. जगमोहन उपस्थित रहे। डॉ. पवित्र दुलारी, डॉ सुनील, डॉ. वरुण धीमान, डॉ. शाम सिंह बैंस उपस्थित रहे। लगभग 70 विद्यार्थियों ने इसमें अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### कृष्ण और सुदामा के चरित्र का वर्णन किया



**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर।** ठाकुरद्वारा मंदिर मुबारिकपुर में बाबा बाल जी महाराज के शिष्य श्री कृष्ण दास द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए श्री कृष्ण के बचपन के सखा सुदामा के चरित्र का वर्णन किया गया। किस प्रकार सुदामा की पत्नी ने सुदामा को अपने बचपन के सखा के साथ मिलने के लिए द्वारका भेजा। राजा दत्तात्रेय के चौबीस गुरुओं की कथा कहते हुए श्रीमद् भागवत की पूर्णाहुति संपन्न हुई। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस समारोह में हिस्सा लिया। ठाकुरद्वारा कमेटी द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# 2025 में होगा सरकारी स्कूलों का व्यवस्था परिवर्तन : शिक्षा मंत्री

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

हिमाचल प्रदेश में सरकारी स्कूलों का प्रभाव कम न हो, इसलिए सरकार द्वारा इसके प्रति महत्वपूर्ण सुविधा सरकारी स्कूलों में 2025 से देनी शुरू कर दी जाएगी, जहां पर प्रदेश में अभी भी कुछ स्कूल ऐसे हैं, जहां प्रॉपर इंफ्रास्ट्रक्चर न होने के कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और इन्हीं समस्याओं से निजात दिलाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम लेने शुरू कर दिए हैं।



इसी बीच हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में सरकारी स्कूलों को बढ़ावा देना हमारा पहला लक्ष्य है। उन्होंने यह माना कि प्रदेश में कई स्कूल ऐसे हैं, जहां अभी तक प्रॉपर इंफ्रास्ट्रक्चर यानी मॉडर्न स्मार्ट क्लासेस, बेस्ट वॉशरूम एवं अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर में कहीं न कहीं थोड़ी बहुत कमी है और उन्होंने आश्वासन दिया कि 2025 में हम इन सभी कर्मियों को दूर करने की पूरे से पूरी कोशिश करेंगे।

**समीक्षा केंद्र से होगा सरकारी स्कूलों की निगरानी :** नई शिक्षा नीति और समग्र शिक्षा स्कीम से सरकारी स्कूलों का विस्तार हो रहा है ओर आने वाले समय मे जल्द ही सरकारी स्कूलों में नई व्यवस्था जैसे कि प्रॉपर मोडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर व मोडर्न स्मार्ट क्लास लाई जाएगी और इन सभी चीजों के लिए समीक्षा केंद्र बना दिए गए हैं। यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी व्यवस्था व बेहतर शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता है। (अनंत ज्ञान)

### वाशरूम रही बड़ी समस्या, जल्द होगी व्यवस्था

प्रदेश में कई ऐसे स्कूल हैं जहां आज के समय साफ सुथरा शौचालय तक नहीं है जो की विद्यार्थियों की सेहत के साथ एक बहुत बड़ा खिलवाड़ है क्योंकि वॉशरूम एक ऐसी जगह है जहां लगभग हर विद्यार्थी का रोजाना आना-जाना होता है और उस जगह पर सफाई न होना या वॉशरूम अच्छे तरीके से ना बने होना स्कूल प्रशासन की सबसे बड़ी वीफलता साबित होती है । शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि जल्द से जल्द इस असविधा को ठीक किया जाएगा, उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मल्टी टास्क वर्कर्स की तैनाती इस संबंधित विषय के लिए करवाई जा रही है और जल्द जो भी वाशरूम के इंफ्रास्ट्रक्चर में जो भी दिक्कत है उसको हल किया जाएगा ।

# ऊना जिले से महाकुंभ मेले के लिए विशेष रेलगाड़ी न चलने पर क्षेत्रवासी नाराज़ व मायूस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय रेलवे और उत्तर रेलवे द्वारा भारत के विभिन्न राज्यों और शहरों से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले के लिए विशेष रूप से रेलगाड़ियों के संचालन की घोषणा की जा रहीं हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो और तीर्थ यात्री महाकुंभ मेले में शामिल हों सकें परंतु भारतीय रेलवे हिमाचल प्रदेश को विशेष रेलगाड़ी उपलब्ध कराने में असफल हुआ है और ना ही किसी रेलगाड़ी का विस्तार किया गया है । महाकुंभ मेले को शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं लेकिन हिमाचल प्रदेश के ऊना हिमाचल या अंब अंदौरा से प्रयागराज के लिए कोई सीधी या विशेष रेलगाड़ी उपलब्ध नहीं हैं। जिला ऊना से इच्छुक यात्रियों की संख्या काफ़ी अधिक है साथ ही ऊना हिमाचल या अंब अंदौरा या दौलतपुर चौक स्टेशन से अगर कोई विशेष ट्रेन चलती हैं या दैनिक संगम एक्सप्रेस का विस्तार होता हैं तो जिला काँगड़ा, हमीरपुर, मंडी और बिलासपुर के वासियों को भी इसका लाभ निश्चित रूप से मिलेगा ।

# बंगाणा कॉलेज के प्राचार्य कर रहे राजनीतिक दलों के दबाव में कार्य : अनुराग शर्मा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ( एबीवीपी) के जिला संयोजक अनुराग शर्मा ने अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के प्राचार्य पर आरोप लगाते हुए कहा कि समय-समय परएबीवीपी के कार्यकर्ताओं द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य को बाहरी युवकों व शरारती तत्वों के महाविद्यालय में प्रवेश पर रोक लगाने लिए ज्ञापन सौंपे गए। इसमें उन पर सख्ती से रोक लगाने और पकड़े जाने पर कार्रवाई की मांग प्रमुखता से रखीं गई थी और महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के पहचान पत्र बनाने की भी मांग उठाई गई थी, परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई और जब वे प्राचार्य से सवाल करते हैं तो वे इन सब समस्याओं का ठीकरा कमेटियों पर फोड़ देते हैं या यूं कहें इस समस्या से मुंह फेर लेते हैं। अनुराग शर्मा ने कहा कि प्राचार्य राजनीतिक पार्टियों के दबाव में आकर बाहरी युवाओं पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। वहीं, राजनीतिक दल महाविद्यालय को वोट बैंक हासिल करने का आसान तरीका समझकर विद्यार्थियों को भ्रमित करने बाहरी लोगों को यहां भेजते रहते हैं। महाविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जो निंदनीय हैं। समय रहते प्राचार्य इस मामले पर संज्ञान लें, अन्यथा छात्राओं के हितों और सुरक्षा के लिए विद्यार्थी परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता महाविद्यालय में प्राचार्य का घेराव करेंगे और बंगाणा चौक पर प्राचार्य का पुतला जलाकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे और सांकेतिक भूख-हड़ताल करेंगे।

# ऊना जिले में 5 खनन लीज 3 महीने के लिए निलंबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** ऊना जिले में अवैध और अवैज्ञानिक खनन पर नकेल कसने की मुहिम में उपायुक्त जतिन लाल ने सोमवार को जिले में विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खनन नियमों और वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन पाए जाने पर पांच खनन लीज को तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित खनन इकाइयों में लखविंदर सिंह यूनिट 3 गोंदपुर बुल्ला, लखविंदर सिंह यूनिट 1 पोलियां, महादेव स्टोन क्रशर नंगल खुर्द, एसएस स्टोन क्रशर हलेरां बिलना और बिल्डिंग स्ट्रेच क्रशिंग ज़ोन पुबोवाल शामिल हैं।



इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि ऊना जिला प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है और इन संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। अवैज्ञानिक खनन न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निगरानी तंत्र को मजबूत करने और अवैध खनन को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे अवैध अथवा अवैज्ञानिक खनन से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी पर तुरंत इसकी सूचना अधिकारियों को दें, ताकि कार्रवाई की जा सके।

# धर्मपुर की तानिया का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**अनंत ज्ञान, हरोली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर की नौवीं कक्षा की छात्रा तानिया सैनी ने राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अब वह छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप सैनी ने तानिया को बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर सफलता की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तानिया की यह उपलब्धि न केवल उसके कठिन परिश्रम का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। तानिया की यह उपलब्धि अन्य छात्रों को प्रेरित करेगी और क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेगी।



# छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताए



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसोली में नशे के खिलाफ बच्चों को जागरूक किया गया। मुख्यातिथि के रूप में रिसोर्सपर्सन सतीश शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि नशा क्या होता है। इससे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक तथा सामाजिक क्या प्रभाव पड़ते हैं, के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इस आयु वर्ग में बुरी संगति के कारण ही बच्चा नशे की चपेट में आ जाता है। अभिभावक बच्चों पर नजर रखने के लिए समय नहीं निकालते। नशा करने से मजा थोड़ी देर तक होता है, बाद में पछताना पड़ता है। बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि नशा करना है तो संघर्ष, मेहनत और अच्छे संस्कारों का कीजिए ताकि वह नशा जीवन भर रहे और जीवन सुधर जाए। इसके दुष्प्रभावों के बारे में बोलते हुए बताया नशा हमारे रेस्पिरेटरी सिस्टम, हार्टबीट का बढ़ना, कैंसर जैसी बीमारी का लगना, फेफड़े का खराब हो जाना, हाथ पैर कांपना, दौरे पड़ना तथा कई बार नशा करने वाला डिप्रेशन मे भी आ जाता है। यदि इलाज न करवाया जाए तो अपनी जीवन लीला खत्म करने पर भी उतारू हो जाता है। उन्होंने कहा कि इससे दूर रहने के लिए सबसे पहले बुरी संगत छोड़ देना चाहिए, नशा अपने आप छूट जाएगा। दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छा शक्ति भी आपको इस बुराई से बचा सकती है।

# अंडर-14 क्रिकेट में कांगड़ा ने किन्नौर को पराजित किया

**संजीव पुरी, ऊना**

पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में अंडर 14 जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कांगड़ा का मुकाबला किन्नौर के साथ आरंभ हुआ, जिसमें कांगड़ा की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी में 7 विकेट पर 404 रन बनाकर पारी को घोषित कर दिया।



भावेश ठाकुर ने 34 रन बनाए, नमन ने 39 रन बनाए, सूर्यांश राजपूत ने 76 रन बनाए, राघव ने 70 रन, यश चौधरी ने नाबाद 56 रन बनाए, अद्रिक राज चौहान ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। रियान और सत्यम ठाकुर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। किन्नौर की टीम ने अपनी पहली पारी में 113 रन बनाए, रियान कलटा ने 46 रन, अभिषेक ने 44 रन बनाए बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा।

मानव ठाकुर और नमन ने चार-चार खिलाड़ियों को आउट किया। यश चौधरी और प्रतीक ठाकुर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। दूसरी पारी में किन्नौर की टीम 21 रन पर ऑलआउट हो गई। राघव, नमन, मानव ठाकुर ने तीन-तीन खिलाड़ियों को आउट किया, यश चौधरी ने एक खिलाड़ी को आउट किया। कांगड़ा ने किन्नौर को एक पारी 270 रन से हराया और शानदार जीत दर्ज करवाई।

दूसरा मुकाबला स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में बिलासपुर और शिमला के बीच में आरंभ हुआ। शिमला की टीम ने अपनी पहली पारी में 215 रन बनाए, जिसमें संभव शर्मा ने 48 रन बनाए। अर्थव वेकटा ने 36 रन बनाए आरव शर्मा ने 27 रन बनाए, अथर्व आर्य ने 19 रन बनाए,अंश, प्रतीक, प्रिंस ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। मयंक शर्मा ने एक खिलाड़ी को आउट किया। बिलासपुर की टीम 137 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अखिल ने 72 रन बनाए, आरव ने 18 रन बनाए, अभिनव ने 28 रन बनाए, सर्वेश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों का आउट किया। आरव ने चार खिलाड़ियों को आउट किया। शिमला ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर अधिक अंक प्राप्त किया, मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया।

तीसरा मुकाबला कुल्लू और और सोलन के बीच में खेला गया। कुल्लू की टीम ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट पर 212 रन बनाकर पारी को घोषित कर दी। अमनदीप ठाकुर 156 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 21 चौके, तीन छक्के लगाए, पार्थ ने 15 रन, शौर्य ठाकुर ने 14 रन बनाए।

उदयवीर ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, समर्थ ठाकुर ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। सोलन की टीम ने 6 विकेट पर 77 रन बनाए। उत्तम परमार ने 47 रन बनाए, उदयवीर ने 21 रन बनाए, मृदुल ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। गिवश शर्मा, वेदांत शर्मा और अमनदीप ठाकुर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, पहली पारी पूरी न हो सकी, जिस कारण दोनों टीमों को बराबर प्वाइंट दिए गए। (अनंत ज्ञान)

**आस्था** क्षेत्र को धार्मिक, आस्था, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता

# सिद्ध आसरी गुफा प्रकृति का छुपा खजाना और रहस्यमयी स्थान

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

सोलहसिंघी धार में पीपलू से उत्तर दिशा में पीपलू-भ्यांवी सड़क पर स्थित घलूं गांव से ठीक नीचे पश्चिम की ओर लगभग दो किलोमीटर पहाड़ी से नीचे की ओर धार के मध्य में सुंदर प्राकृतिक गुफा है। दूसरा रास्ता बंगाणा से लगभग दस किलोमीटर की दूरी पर जसाणा गांव स्थित है। यहां से दो किलोमीटर की दूरी पर सोलह सिंघी धार के मध्य में सिद्ध आसरी गुफा स्थित है। दोनों ही रास्ते जंगल से होकर जाते हैं और शानदार ट्रैक रूट है। यह स्थान अत्यंत प्राचीन माना जाता है। यह गुफा सिद्ध परंपरा में प्रसिद्ध बाबा औघड़नाथ जी की तपोस्थली मानी जाती है।

औघड़ तपस्वी शैव साधुओं का एक संप्रदाय है, जो हिंदू धर्म के एक अनोखे और चरम रूप का पालन करते हैं। वे अपने विचित्र और अपरंपरागत अनुष्ठानों के लिए जाने जाते हैं। नाथयोगी संप्रदाय में ऐसे योगी, जो कान नहीं छिदवाते और कुंडल धारण नहीं करते, औघड़ कहलाते हैं। औघड़ जालंधरनाथ के और कनफटे मत्स्येंद्रनाथ तथा गोरखनाथ के अनुयायी माने जाते हैं, क्योंकि प्रसिद्ध है कि



जालंधरनाथ औघड़ थे और मत्स्येंद्रनाथ एवं गोरखनाथ कनफटे।

लोक विश्वास है कि यहां अनेक साधु-संतों और महात्माओं ने पूजा-अर्चना कर अनेक रिद्धि सिद्धियां प्राप्त की थीं। यहां पर समय समय अनेक चमत्कारी घटनाएं घटी हैं। इस स्थान पर एक शिवलिंग भी है। गुफा में एक चबूतरे पर औघड़ नाथ जी और बाबा बालक नाथ जी की पिंडि भी हैं। गुफा में शिलाओं पर नाग की प्रतिमाएं भी उकेरी गई हैं। यह गुफा एक विशाल चट्टान के नीचे प्राकृतिक रूप से बनी हुई है। लोकमान्यताओं के अनुसार प्राचीन काल में यहां स्थित गुफा में एक बाबा रहते थे। वे प्राय: तपस्या में लीन रहते थे। गुफा के समीप ग्वाले अपनी गाय और भैंसे चराने हेतु यहां आया करते थे। एक दिन बाबा ने जब ग्वालों से दूध मांगा तो ग्वालों ने दूध दिनों में असमर्थता व्यक्त की। उन्होंने बाबा से कहा कि हमारी कोई भी गाय और भैंस दूध नहीं देती है तो बाबा ने अपनी चिप्पी एक औसर भैंस के नीचे रखी।

ग्वाले यह देखकर आश्चर्य चकित हो गए कि एक औसर भैंस ने दूध देना शुरू कर दिया और बाबा की चिप्पी दूध से भर गई। बाबा ने ग्वालों से कहा कि इस घटना का उल्लेख किसी से न करें, लेकिन ग्वालों ने यह बात अपने घर वालों को बता दी। जब उनके घर वाले इस स्थान पर पहुंचे तो उन्हें वहां कोई भी दिखाई नहीं दिया। तदोपरांत गांव वालों को बाबा ने स्वप्न दिया और कहा कि मैं पिंडी रूप में यहां विद्यमान हूं और जो भी यहां पिंडी की पूजा-अर्चना करने आएगा उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। जन श्रुतियों के अनुसार एक अन्य घटना में इस गुफा के ऊपर ऊंची पहाड़ी पर दो बैल आपस में उलझ गए और एक-दूसरे को भयंकर रूप से मारने लगे। लुढ़कते लुढ़कते वे इस गुफा तक पहुंच गए और दोनों को एक खरोंच तक नहीं आई। ऐसी ही कई अलौकिक घटनाएं यहां होती ही रहती हैं।

इस स्थल पर प्रति वर्ष ज्येष्ठ मास के सातवें प्रविष्टे को भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर यहां आकर श्रद्धासुमन भेंट करते हैं। यहां प्राकृतिक जलस्रोत और सुंदर जल प्रपात भी है। मिट्टी के पहाड़ों पर वर्षा के पानी के कारण प्राकृतिक रूप से अनेक सुंदर भू-कलाकृतियां बनी हुई हैं। पूरा क्षेत्र रहस्यमय, हरियाली और जैव विविधता से भरा हुआ है। यहां पीपल, जामुन और बरगद के कई प्राचीन वृक्ष हैं। इस पूरे क्षेत्र को धार्मिक, आस्था, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। (अनंत ज्ञान)



# ... यहां अतिथि देवो भव: की तर्ज पर पर्यटकों का होगा स्वागत

## कुल्लू में नववर्ष को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, नववर्ष का जश्न मनाने के लिए हजारों सैलानी पहुंच गए हैं कुल्लू-मनाली

**कमलेश वर्मा, मनाली**

नववर्ष के जश्न को पर्यटन नगरी मनाली सहित कुल्लू जिले के अन्य पर्यटन स्थल तैयार हैं। नववर्ष का जश्न मनाने के लिए हजारों सैलानी कुल्लू-मनाली पहुंच गए हैं। नववर्ष पर जिले में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखेगी।




इसके लिए कुल्लू में नववर्ष तक पुलिस की छह रिजर्व में तैनात की गई हैं। पर्यटन नगरी मनाली, कसोल, बंजार और मणिकर्ण में पुलिस जवान यातायात को भी व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करेंगे। पुलिस की छह रिजर्व में 180 जवान तैनात किए गए हैं। पुलिस की तीन रिजर्व मनाली, दो रिजर्व मणिकर्ण घाटी के कसोल, आधा रिजर्व बंजार और आधा मणिकर्ण को दी गई है। ये जवान नववर्ष तक मनाली और कसोल में तैनात रहेंगे। होमगार्ड जवानों की सेवाएं भी नर्व वर्ष देखते हुए ली जा रही हैं। पर्यटन नगरी मनाली में हर दिन हजारों सैलानी पहुंच रहे हैं। पिछले दो दिन में मनाली के सोलंगनाला और आसपास के पर्यटन स्थल भी पर्यटकों से गुलजार रहे। सैलानियों का यहां पर अतिथि देवो भव: की तर्ज पर स्वागत हो रहा है। अटल टनल रोहतांग के आसपास के इलाके बर्फ से लकदक हैं। मनाली में बर्फबारी की खबर सुनते ही देशभर के पर्यटक मनाली का रुख कर रहे हैं। वाहनों की संख्या अधिक होने से जाम जैसी स्थिति भी बन रही है। (अनंत ज्ञान)


खिली धूप में निखरे लाहौल के पर्यटन स्थल।


पिछले दिनों बर्फबारी के कारण धुंधी के पास फंसी एचआरटीसी की बस को मनाली की ओर लेकर आते हुए।

### होटलों में विभिन्न तरह के इंतजाम

**नए** साल को लेकर मनाली के होटलों में विभिन्न तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं। स्थानीय होटल मालिकों ने अपने-अपने होटल कई तरह से सजाए हुए हैं। होटल एसोसिएशन मनाली के उपाध्यक्ष रोशन ने बताया कि मनाली के होटल लगभग 3 जनवरी तक पैक हैं, जिनकी एडवांस बुकिंग हो चुकी है। घाटी में हाल ही में ताजा बर्फबारी भी हुई है। पर्यटक बर्फ के दीदार को भारी मात्रा में सोलंग नाला पहुंच रहे हैं। अधिक संख्या में पर्यटक पहुंचने पर रांगडी से लेकर सोलंग नाला तक जगह-जगह जाम की स्थिती बनी हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस जगह-जगह तैनात की गई है, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उधर, बड़ागढ़ रिजॉर्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर व एक्सीलेंस अवार्ड विजेता नकुल खुल्लर ने बताया कि भारी संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा मिल रहा है। हम अतिथि देवो भवः की तर्ज पर पर्यटकों का स्वागत कर रहे हैं, जिससे हर पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने जाम की समस्या के बारे कहा कि जाम लगना एक स्वाभाविक है क्योंकि मनाली के आस पास सड़कें संकरी हैं और पर्यटक भारी मात्रा में मनाली पहुंच रहे हैं। कसोल भी पर्यटकों की पसंद बना हुआ है। क्रिसमस पर यहां हजारों सैलानी पहुंचे थे। हालांकि, भुंतर-मणिकर्ण तंग सड़क पर लग रहा जाम पुलिस के लिए परेशानी बना हुआ है।



> **नववर्ष** को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद है। कुल्लू में आने वाले पर्यटकों की संख्या को देखते हुई पुलिस ने अतिरिक्त रिजर्व मंगवाई है। नववर्ष तक कुल्लू में छह रिजर्व लगाई गई हैं। नववर्ष तक यह तैनात रहेंगी। पुलिस यातायात व्यवस्था को सुचारु रख रही है।
> **संजीव चौहान, एएसपी, कुल्लू।**

### मनाली में आज चुनी जाएगी न्यू ईयर क्वीन

**नववर्ष** पर मनाली के होटलों में डीजे पर धमाल मचेगा, तो पर्यटकों के लिए प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। क्लब हाउस मनाली में हिमाचल पर्यटन विकास निगम की ओर से मनाली क्वीन का चयन किया जाएगा। इसमें देशभर से मनाली आए पर्यटकों में से सबसे सुंदर और टेलेंटिड युवती को इस खिताब से नवाजा जाएगा। पर्यटन निगम ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। क्रिसमस का जश्न मनाने के लिए मनाली में 90 हजार से अधिक पर्यटकों की भीड़ जुटी है। नववर्ष पर एक लाख से अधिक पर्यटकों के मनाली में उमड़ने की उम्मीद है। होटलों की ऑनलाइन बुकिंग में भी इजाफा हुआ है। इस बीच निजी होटलों और पर्यटन निगम के होटलों में खास प्रबंध किए गए हैं। पर्यटन निगम के होटलों में गाला डिनर, बोन फायर, लाइव म्यूजिक के साथ कुल्लवी नाटी का भी आयोजन होगा। 31 को ओल्ड मनाली में स्थित निगम के क्लब हाउस में मनाली क्वीन का चयन आकर्षण का केंद्र रहेगा। वर्ष-2025 की क्वीन मनाली में आने वाले पर्यटकों में से चुनी जाएगी। इसके अलावा क्लब हाउस में बेस्ट कपल, बेस्ट डांसिंग कपल, लेमन डांस और बैलून डांस प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेगी। निगम के उपमहाप्रबंधक बीएस ओकटा ने बताया कि क्लब हाउस में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। निजी होटलों में भी नववर्ष के जश्न की तैयारियां चल रही हैं। कहीं डीजे तो कहीं कुल्लवी नाटी पर धमाल मचेगा। होटल संचालक गौतम ठाकुर, हंसराज और कर्ण सक्सेना ने बताया कि नववर्ष का जश्न धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ठेकेदार को सौंपा जल बहाव सिंचाई योजना का कार्य

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** हिमाचल में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, जायका चरण-दो कुल्लू द्वारा सोमवार को जल बहाव सिंचाई योजना अपर सेऊबाग निर्माण के लिए ठेकेदार कामी शेरपा को कृषक विकास संगठन अपर सेऊबाग के सदस्यों की उपस्थिति में सौंपी गई। ठेकेदार ने योजना निर्माण अनुसूची कृषक विकास संगठन अपर सेऊबाग की उपस्थिति में खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू से खंड परियोजना प्रबंधक डॉक्टर गोपाल भारद्वाज, निर्माण अभियंता भरत भूषण तथा कनिष्ठ अभियंता मनमोहन सिंह को सौंपी तथा ठेकेदार ने खंड परियोजना प्रबंधक, निर्माण अभियंता, कनिष्ठ अभियंता तथा कृषक विकास संगठन को आश्वस्त किया कि योजना का निर्माण कार्य दी गई अनुसूची के अनुसार तय समय पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में कृषक विकास संगठन के प्रधान प्रेम चंद, सचिव बंटी व कमल चंद मौजूद रहे। फसल विविधीकरण परियोजना, कृषि के क्षेत्र में आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से फसल विविधीकरण, लघु सिंचाई सुविधाओं के विकास और सुधार, डेयरी, मधुमखी पालन, शीटाके मशरूम की खेती के माध्यम से आजीविका में सुधार, किसानों का सिंचाई एवं बाजार आधारित फसलों उत्पादन में क्षमता निर्माण आदि के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। परियोजना में कुल्लू तथा लाहौल में अब तक कुल मिलाकर 21 उपपरियोजनाओं का चयन किया गया है, जिसमें लघु सिंचाई विकास से किसानों के खेतों तक नियमित रूप से सिंचाई सुनिश्चित करवाना, कृषि प्रसार व विकास गतिविधियों को बढ़ावा देना, मूल्य श्रृंखला प्रबंधन व कृषि विपणन और संस्थागत विकास के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा।

### लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के निर्देश



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर डीसी कुल्लू ने अभियोजन विभाग तथा पुलिस विभाग को लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ित व्यक्तियों को राहत उपलब्ध हो सके। बैठक में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण के तहत विचाराधीन मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया कि विभिन्न न्यायालय में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 70 मामले लंबित हैं, जिनमें से 61 मामले सत्र न्यायालय कुल्लू, 9 मामले सत्र न्यायालय रामपुर में जिसमें से 4 मामले विशेष न्यायालय पोक्सो कोर्ट में लंबित हैं। बैठक की कार्रवाई का संचालन जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने किया। बैठक में एएसपी संजीव चौहान, जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भगवती माता के गूर के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सैंज।** देवी-देवता गूर चेला कल्याण सभा जिला कुल्लू ने सैंज घाटी कमला भगवती माता के गुर मस्तराम के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सभा के सभी सदस्यों ने कहा कि इससे पूर्ण देव समाज को क्षति हुई है और उनकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। मस्तराम ने एक लंबा जीवन देव समाज को दिया है। यह देव परंपरा के जानकार थे उनसे कई बार परामर्श लिया जाता था। जिले के समस्त गुर ने मस्तराम के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। देवी-देवता गुर चेला कल्याण सभा जिला कुल्लू के जिला अध्यक्ष पूर्ण चंद और समस्त गुरों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

## सेब के पौधे लगाने के लिए मौसम है अनुकूल

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** लंबे अरसे के बाद क्षेत्र में हुई बारिश और बर्फबारी क्षेत्र की नकदी फसल सेब के लिए संजीवनी के रूप में बरसी है। इसके अलावा प्रूनिंग यानी कांट-छांट और गड्ढे बनाने का काम जोरों पर चला है। ऐसे में आनी में बागवानी विभाग में बतौर विषयवाद विशेषज्ञ पदभार संभालने वाले डॉ. जगदीश चंद ने सेब बागवानों को जरूरी टिप्स दिए हैं।

उन्होंने कहा कि बारिश और बर्फबारी के बाद जमीन में नमी हो गई है, ऐसे में बागवान सेब की बेहतर फसल पाने के लिए बागीचे के कामों में जुट जाएं। उन्होंने सलाह दी है कि अब बगीचों में सेब पौधों के तौलिए बनाने का काम शुरू कर दिया जाना चाहिए। सेब के पौधों में तौलिए बनाते समय बागवान गोबर की खाद, एसएसपी और एमओपी खाद अवश्य डालें। उन्होंने कहा कि बागवान नए पौधों को लगाने से पहले पौधों की ट्रीटमेंट कर लें और प्रति पौधे में 40 किलो गोबर खाद और आधा किलो सिंगल सुपर फास्फेट की खाद डालें। (अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रीय स्की पर्वतारोहण संघ के अध्यक्ष बने प्रवीण सूद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

कुल्लू के पर्यटन नगरी मनाली से संबंध रखने वाले प्रवीण सूद को राष्ट्रीय स्की पर्वतारोहण संघ यानी



स्कीमो इंडिया फेडरेशन का अध्यक्ष चुना गया है। प्रवीण सूद उर्फ पिंटू को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जाने से सभी शीतकालीन खेलों के चाहने वालों में खुशी की एक लहर दौड़ गई है।

प्रवीण की इस उपलब्धि को पूरे हिमाचल और शीतकालीन खेलों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। स्की माउंटेनियरिंग (स्कीमो) स्कीइंग और पर्वतारोहण का अनूठा मिश्रण है और इस खेल में प्रतिभागियों को पर्वतारोहण करते हुए स्की भी करना होता है, जो कि बहुत ही साहसिक और रोमांच से भरपूर खेल है। यह साहसिक खेल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय खेलों में से एक है और इस खेल को शीतकालीन ओलंपिक खेल के रूप में भी मान्यता प्राप्त है ओर ये साहसिक खेल अंतरराष्ट्रीय पटल पर इंटरनेशनल स्की माउंटेनियरिंग फेडरेशन द्वारा संचालित किया जाता है। उनकी अध्यक्षता में ही भारत 2025 के एशियन विंटर गेम्स, जो कि चीन में आयोजित होने जा रहे है उसके लिए तैयार हो रहा है और ऐसे में स्कीमो इंडिया फेडरेशन अपनी पहली भागीदारी के लिए अभी से ही जी तोड़ प्रयास कर रहा है।

## राजेश एसएसबी में डीआईजी के पद पर पदोन्नत

**मनाली।** मनाली के वशिष्ठ गांव के रहने वाले राजेश ठाकुर डीआईजी के पर पदोन्नत हुए हैं।



राजेश स्कूल से ही पढ़ने और खेलकूद में अव्वल आते रहे हैं और आज एसएसबी में डीआईजी के पद पर पदोन्नत हुए हैं। राजेश के पिता अनूप राम ठाकुर भी एसएसबी में डीआईजी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं और उनके चाचा योग राज ठाकुर हिमाचल पुलिस में आईजी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। राजेश के छोटे भाई नरेश हिमाचल एचएएस के तौर पर सेवा दे रहे हैं। राजेश के डीआईजी बनने पर मनाली विधानसभा के विधायक व अन्य लोगों ने बधाई दी।

## मनाली के विधायक ने विभिन्न मुद्दों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली विधानसभा के विधायक भुवनेश्वर गौड़ की अध्यक्षता में मनाली में विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अवैध ड्रग कारोबार करने वालों तथा वेश्यावृत्ति जैसे गैर कानूनी धंधे में लिप्त लोगों पर अंकुश लगाने सहित शहर में भिक्षावृत्ति, निकासी नालियों को ढकने, शहर के विभिन्न स्थानों से अतिक्रमण को हटाने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने, बिजली आपूर्ति को निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने तथा अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई। भुवनेश्वर गौड़ ने बताया कि इन सभी मुद्दों को लेकर तथा शहर में व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने पुलिस, जल शक्ति, नगर निगम, टूरिज्म काउंसिल, नगर नियोजन आदि विभागों को संबंधित मुद्दों पर जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक की कार्रवाई का संचालन एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने किया। बैठक में डीएसपी केडी शर्मा सहित होटल एसोसिएशन, टैक्सी यूनियन, वोल्वो बस संगठन, व्यापार मंडल तथा ऑटो रिक्शा यूनियन आदि विभिन्न संगठन तथा अन्य हितधारक उपस्थित थे।

## स्टुपिड ब्वॉयज नोगली ने जीता बायल का बशैलड़ू कप

**अनंत ज्ञान, आनी**



बायल में 11 दिसंबर से चल रहे ग्रामीण स्तरीय बशैलड़ू कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सीजन वन का सोमवार को समापन हो गया। बॉयल के सूर्यवंशी यूथ एवं स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में क्रिकेट और रस्साकशी की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। क्रिकेट में 64 टीमों और रस्साकशी में 13 महिला मंडलों की टीमों ने भाग लिया।

समापन समारोह के मौके पर जिला परिषद के बाड़ी वार्ड के सदस्य देवेंद्र नेगी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर आयोजकों को बधाई देते हुए स्पोर्ट्स क्लब को ऐच्छिक निधि से एक लाख ग्यारह हजार रुपए की राशि भेंट की, जबकि खेल मैदान के रखरखाव और सौंदर्यीकरण के लिए जिला परिषद की ओर से 5 लाख रुपए की धनराशि देने की घोषणा की। प्रधान जनकेश शर्मा ने बताया कि सोमवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल गुरुकुल इलेवन शीलहा (ननखड़ी) और स्टुपिड ब्वॉयज नोगली की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें स्टुपिड ब्वॉयज नोगली की टीम ने बाजी मारी और बशैलड़ू कप क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को एक लाख 21 हजार रुपए की इनामी राशि और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता रही टीम को 55 हजार रुपए की राशि और ट्रॉफी आयोजकों की ओर से दी गई। वहीं, रस्साकशी के अंतिम मुकाबले में महिला मंडल कथांडा की महिलाओं ने महिला मंडल डरोपा को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया

## जलोड़ी टनल की फाइनल अलाइनमेंट को मंजूरी मिलने से सोझा के ग्रामीणों में खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू में जलोड़ी दर्रे के नीचे से प्रस्तावित सुरंग निर्माण को केंद्र सरकार ने अपनी मंजूरी दे दी है। करीब चार किलोमीटर लंबी इस सुरंग के निर्माण से आनी और बंजार के बीच एनएच-305 पर साल के 12 महीनों कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।



टनल प्रभावित संघर्ष समिति और सोझा गांव के ग्रामीणों की ओर से जलोड़ी टनल के सर्वे में सोझा गांव को बचाने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार, प्रशासनिक अधिकारियों, विभागीय अधिकारियों व स्थानीय सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, पंचायत प्रधानों का आभार प्रकट किया है। जलोड़ी टनल प्रभावित संघर्ष समिति के महासचिव पदम सिंह ने बताया कि दिसंबर-2023 में जब सोझा गांव के लोगों को जब यह मालूम हुआ कि जलोड़ी टनल का सर्वे घियागी से सोझा गांव के नीचे से जा रहा है, तो सभी ग्रामवासियों में भय पैदा हो गया तथा चिंतित हुए कि अगर गांव के नीचे से टनल जाएगी, तो गांव के अस्तित्व को खतरा हो सकता है, जैसा कि अनेक जगह ऐसी घटना पूर्व में भी घट चुकी है, जिसमें अनेक गांव बर्बाद हुए हैं तथा विस्थापित होने को मजबूर हुए हैं। इन सभी घटनाओं को स्मरण कर सभी ग्रामवासी भविष्य को लेकर बहुत अधिक चिंतित थे। इससे निपटने के लिए ग्रामवासियों ने संघर्ष समिति का निर्माण किया और संघर्ष समिति के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन जिलाधीश, एसडीम व विभाग से गांव को बचाने की गुहार लगाई। संघर्ष समिति के महासचिव पदम सिंह ने विभिन्न पदाधिकारिओं के सहयोग से भू-वैज्ञानिक तथ्यों से जुड़े साक्ष्य और 1905 भूकंप संबंधी साक्ष्य जुटाए और तथ्य आधारित सुझाव व आपत्तियों की रिपोर्ट पब्लिक हियरिंग के दौरान 10 जुलाई, 2024 को प्रशासनिक अधिकारियों व स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी की मौजूदगी में विभाग को सौंप दी थी। इसके अलावा राज्य सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह व मुख्यमंत्री से भी गांव को बचाने में सहयोग मांगा। संघर्ष समिति के समस्त कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार, राज्य व अन्य विभागों का आभार प्रकट किया कि आपने समिति के सुझावों को प्राथमिकता देते हुए सोझा कैंची से भरगोल नाला की अलाइनमेंट को फाइनल कर न केवल गांव को बचाया है, बल्कि सरेउलसर झील जैसे धार्मिक एवं एतिहासिक स्थल को भी विलुप्त होने से निजात दिलाने में मदद की है।

## 4 को किसानों के लिए होगी क्षेत्रीय कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** टेक्नो कृषि मोंटास प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किसान-बागवानों के लिए 4 जनवरी को भुंतर में एकदिवसीय कृषि अपडेट क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा महत्तवूपर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। यह जानकारी टेक्नोकृषि मोंटानुस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मनोज कुमार ने दी। कार्यशाला के संदर्भ में संयोजक मनोज कुमार ने बताया कि प्रमुख प्रशिक्षण के विषय- 'पहाड़ों के लिए सेब एवं गुठलीदार फलों की लाभदायक प्रजातियां', 'फलों की फसलों में जड़ सड़न का प्रबंधन', 'पर्वतीय क्षेत्रों में सतत जल प्रबंधन', 'कृषि अपडेट डिजिटल कृषि मॉडल के साथ उद्यमिता के रास्ते' हैं।

सभी विषयों पर विशेषज्ञ किसान-बागवानों से परिचित होंगे, जिनमें डॉ. जयंत शर्मा द्वारा 'प्रोमिजिग वैराइटिज ऑफ एप्पल एंड स्टोन फ्रूट्स फॉर मॉउटेंस', डॉ. किशोर खोसला द्वारा 'मनैजमेंट ऑफ रूट इन फ्रूट क्रोप', इंनीजियर वरुण मिश्रा द्वारा 'सस्टेनेवल वॉटर मनैजमेंट फॉर फार्मिंग' पर वक्तव्य देंगे। मनोज ने घाटी के समस्त किसान-बागवानों से इस कार्यशाला में सम्मिलित होने की अपील की है, ताकि वे सीधे तौर पर विशेषज्ञों से संवाद कर सकें।

## चित्रकार ने कुल्लू, मनाली के प्राकृतिक सौंदर्य को चित्रों के माध्यम से दिखाया



**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर, जिला कुल्लू में कला रत्न से सम्मानित पंजाब के मशहूर चित्रकार अंकुश अठी की कला प्रदर्शनी का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने किया। इस अवसर पर भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा मुख्य रूप से मौजूद थे।

अंकुश अठी पेशे से अध्यापक हैं। चित्रकार ने हिमाचल के कुल्लू मनाली के प्राकृतिक सौंदर्य को चित्रों में दिखाया है। चित्रकार ने चित्र बनाने के लिए जलरंगों का प्रयोग किया है। चित्रकार ने अध्यात्म, वन्य प्राणी, ऐतिहासिक इमारतों, प्रकृति के ऊपर बहुत से मनमोहक चित्र बनाए हैं। चित्रकार अंकुश के चित्रों में भगवान बुद्ध, शिव, गणेश, केदारनाथ, श्री खंड महादेव, पंच कैलाश के विभिन्न रूप प्रमुख हैं।

कलाकार द्वारा बनाए गए चित्रों को देखने के लिए देश-विदेश के पर्यटकों की भीड़ लग रही है। चित्रकार का कहना है कि वे पेशे से अध्यापक हैं एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी चित्रकला के माध्यम से ये संदेश देना चाहते हैं कि किस तरह सामाजिक कुरीतियों एवं पर्यावरण के प्रति सजग रहा जा सकता है। कला एक समाज का दर्पण है कि किस प्रकार आने वाली पीढ़ियों को नशे के कुप्रभाव से दूर रखा जा सकता है। चित्रकार द्वारा वन्य प्राणियों के भी मनमोहक चित्र बनाए गए हैं, जो दिन-प्रतिदिन लुप्त होते जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**समीक्षा** डीसी ने आमजन व पर्यटकों को फोर वाई फोर या चेन लगे वाहनों के इस्तेमाल की दी सलाह

# मनाली से केलांग, काजा से किन्नौर राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बहाल : राहुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति में हुई बर्फबारी बागवानों व किसानों के लिए राहत लेकर आई है। बर्फबारी पेयजल की योजनाओं के लिए भी अच्छी है।

यह बात डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने गत दिवस जिले में हुए हिमपात के बाद रविवार को सड़क, बिजली, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने बताया कि बर्फबारी से बंद हुए मनाली से केलांग रोड को बीआरओ की मदद से छोटे वाहनों के यातायात के लिए खोल दिया है। उन्होंने पर्यटकों व आमजनता से आग्रह किया कि बर्फबारी के कारण सड़कों पर फिस्लन की संभावना बनी रहती है इसलिए दुर्घनाओं से बचने के लिए वाहन धीरे चालएं तथा फोर वाई फोर वाहनों के प्रयोग को प्राथमिकता दें या वाहनों में चेन लगाकर ही





यात्रा करें। रात के समय वाहन न चलाएं क्योंकि ब्लैक आइस जमने के कारण रात को वाहन चलाना बेहद जोखिम भरा हो जाता है। काजा को किन्नौर से जोड़ने वाली सड़क मार्ग भी आवाजाही के लिए बहाल है।

केलांग से उदयपुर-तिंदी तक सड़क केवल फोर वाई फोर वाहनों के लिए खुली है। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया है कि अगर वह मनाली से लाहौल के लिए आ रहे हैं, तो सुबह 8 बजे तक अटल टनल पार कर लें और लाहौल से मनाली जा रहें हैं, तो दोपहर दो बजे से पहले प्रस्थान कर लें। उन्होंने पर्यटकों से कहा कि अगर वापसी के लिए लेट हो गए हैं, तो आसपास किसी होटल या होमस्टे में रूकने को प्राथमिकता दें और दूसरे दिन वापसी करें। सड़कों पर जाम लगने कि स्थिति में घवराएं नहीं और यातायात पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। अटल टनल, कोकसर व सिस्सू में यातायात को निर्वाध बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है, पर्यटक किसी भी मदद के लिए पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। जिले में लोक निमार्ण विभाग द्वारा घाटी में संपर्क मार्गो को खोलने का कार्य लगातार जारी है।

## वरिष्ठ नागरिकों और सेवारत कर्मचारियों के लिए आउटडोर खेल प्रतियोगिता शुरू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, भुंतर**

लासेवा सोसायटी की ओर से वरिष्ठ नागरिकों और सेवारत कर्मचारियों के लिए एक जीवंत आउटडोर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 70-80 प्रतिभागियों ने फिटनेस, मेलजोल और सक्रिय जीवन शैली का जश्न मनाया।

यह आयोजन एसएसबी ग्राउंड शमशी में किया गया, जहां वरिष्ठ नागरिकों सहित सेवारत कर्मचारीयों को अपनी उत्साह और जीवंतता प्रदर्शित करने का प्रेरणादायक मंच प्रदान किया गया। खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की क्षमताओं के अनुसार क्रिकेट, वॉलीबाल, शॉट पुट, रस्साकशी और मजेदार टीम-बिल्डिंग चुनौतियों जैसे विभिन्न खेलों और गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वरिष्ठ प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित आनंद और प्रतिस्पर्धी भावना थी, जिन्होंने यह साबित किया कि सक्रिय और जुड़ा रहने के लिए उम्र केवल एक संख्या है। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि चेतन एसएसबी के सेवानिवृत्त कमांडेंट ने इस पहल की सराहना की और शारीरिक स्वास्थ्य और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देने में इस प्रकार के आयोजनों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह खेल प्रतियोगिता केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है। यह समुदाय की भावना को बढ़ावा देने और हर आयु वर्ग के लिए सक्रिय जीवन शैली के महत्व की याद दिलाने के बारे में है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवा स्टूडेंट्स और सेवारत कर्मचारी उपस्थित रहे। लासेवा सोसायटी के अध्यक्ष शमशेर, और महासचिव नवांग ने प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों और प्रायोजकों का धन्यवाद करते हुए कहा, यह खेल प्रतियोगिता हमारे इस संकल्प को दर्शाती है कि हम वरिष्ठ नागरिकों एवं सेवारत कर्मचारियों को स्वस्थ और संतोषजनक जीवन जीने के लिए सार्थक अवसर प्रदान करना चाहते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दत्यार में पलटी दिल्ली से शिमला आ रही टूरिस्ट बस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कालका-शिमला नेशनल हाईवे-पांच-5 पर एक बार फिर हादसा पेश आया, जब हाईवे के दत्यार में सोमवार सुबह एक टूरिस्ट बस पलट गई। बस दिल्ली से शिमला के लिए आ रही थी। हादसा सुबह करीब 7 बजे हुआ। जानकारी के मुताबिक बस में कुल आठ सवार यात्रियों को हल्की चोटें लगी। उन्हें परवाणू स्थित अस्पताल में पहुंचाया गया। बस सड़क में पलटने से वाहनों की वनवे आवाजाही हुई। हालांकि पुलिस ने बाद में बस को सड़क से हटा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाता नदी में खनन करने के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** बाता नदी में रेत, बजरी, पत्थर खनन करने के खिलाफ स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। खनन से बाता नदी का तटीकरण बांध टूट जाने का खतरा बढ़ जाएगा। इससे 6 गांव के किसानों की उपजाऊ भूमि पर कटाव के कारण भूमि के नष्ट होने का खतरा बढ़ जाएगा। नदी के तट के नजदीक लगभग 25 घरों को पानी में डूब जाने का खतरा सता रहा है। प्रभावित होने वाले 6 गांव खैरी, कोटरी, ब्यास, टोकियों, गुंगलों रामपुर माजरा मटक माजरी आदि नदी के तट पर बसे किसान परिवारों पर प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। पंचायत प्रधान कमला चौधरी ने विरोध-प्रदर्शन में कहा कि पंचायत द्वारा कोई एनओसी नहीं दी है। जनता और पंचायत प्रतिनिधि एनओसी के और खनन कार्य करने के खिलाफ है। ग्रामीणों ने बताया कि उत्तराखंड नंबर की दो गाड़ियों में डंडों लेकर लगभग 8 गुंडे रात-दिन बाता नदी में दहशत फैलाकर पेट्रोलिंग करते हैं। उन्होंने कोटड़ी बाता पुल से लेकर शिव मंदिर खैरी और पॉलीटेक्निक कॉलेज तक अवैध कब्जा कर अवैध वसूली कर रहे हैं। ग्रामीण में दहशत है, जिसकी शिकायत वह एसपी सिरमौर से करने की तैयारी में हैं। इस प्रदर्शन में पंचायत प्रधान कमला चौधरी, पंचायत सदस्य शरबती, कांता, अल्का सिंह, महेश कुमार, कमलेश कुमारी आदि मौजूद रहे।

### सशक्तिकरण अभियानों में प्रेरक अंतर्दृष्टि साझा की



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन की सोहम इंडिया संस्था ने एमएस बड़ौदा विश्वविद्यालय में संवादात्मक सत्र में हिस्सा लिया। संस्था के मुख्य कार्यकारी डॉ. दमन आहूजा ने तीन घंटे से अधिक समय तक भावी समाज सेवकों के दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। डॉ. आहूजा ने राष्ट्रव्यापी सामुदायिक सशक्तिकरण अभियानों में अपनी प्रेरक अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने रेड रिबन एक्सप्रेस और विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे एचआईवी/एड्स जागरूकता, स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समितियों और स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र सेवाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव को प्रकाशित किया। उन्होंने प्रदर्शित किया कि कैसे इस अनूठे संयोजन ने अभियान के परिणामों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया और अंततः सोहम इंडिया के संस्थागत दर्शन का आधारशिला बन गया। सत्र का गहरा प्रभाव छात्रों की अभूतपूर्व भागीदारी में स्पष्ट था।

### महामारी संबंधी तैयारियों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एमएम यूनिवर्सिटी सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि महर्षि मार्कंडेश्वर कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महामारी तैयारी दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय था तैयारी एक सामूहिक प्रयास है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में महामारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उसकी तैयारी को सुदृढ़ करना है, यह दिवस विशेष रूप से वैश्विक स्वास्थ्य संकटों, से निपटने की महत्वपूर्ण तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करता है, इस दिन का पालन कर हम स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने और महामारी के प्रभावी प्रबंधन के लिए कदम उठाने का संदेश देते हैं, यह दिवस महामारी के प्रति वैश्विक सहयोग और तत्परता की आवश्यकता को उजागर करता है। इस अवसर के मुख्यातिथि रजिस्ट्रार अजय सिंगल थे और विशेषज्ञ वक्ता डॉ. जेजी वोहरा नैक समन्वयक और सलाहकार सामुदायिक चिकित्सा थे। डॉ. जेजी वोहरा ने महामारी संबंधी तैयारियों और उसके उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### बुजुर्गों के बनेंगे आयुष्मान भारत कार्ड

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अब 70 साल से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों के आयुष्मान भारत कार्ड बनेगें, जिसके अंतर्गत वो किसी भी पंजीकृत अस्पताल में पांच लाख तक का मुफ्त इलाज करवा सकेंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अजय पाठक ने देते हुए बताया कि कार्ड का पंजीकरण लाभार्थी स्वयं अपने मोबाइल में ayushman app अथवा www-beneficiary.nha.gov.in की वेबसाइट पर किया जा सकता है। कार्ड बनाने से सम्बंधित वीडियो भी इस वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लाभार्थी के पास वैध आधार कार्ड, जिसमें आयु 70 साल से अधिक हो साथ ही आधार कार्ड में मोबाइल नंबर भी लिंक होना चाहिए।

### बगीचों के रखरखाव के बारे में दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट द्वारा पट्टा सरयांज में किसानों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 70 किसानों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को सर्दियों में लगने वाले पौधों की कटाई, छंटाई और बगीचों के रखरखाव के बारे में जानकारी देना था। कार्यशाला में प्रो. नौणी यूनिवर्सिटी डॉ. गिरीश शर्मा और वैज्ञानिक केवीके कंडाघाट डॉ. डीडी शर्मा ने भाग लिया। इस मौके पर सरयांज पंचायत के प्रधान रमेश कार्यशाला में विशेष रूप से मौजूद रहे। इन विशेषज्ञों ने किसानों को पौधों की काट-छांट, रखरखाव, पौधों के गड्ढे और पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पंचायत सरयांज के प्रधान रमेश ने कहा कि अंबुजा फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिससे लोग लाभान्वित होते रहते हैं।

### एनएसएस के शिविर में 45 वालंटियर्स ले रहे भाग



**अनंत ज्ञान, कसौली।** सोलन के धर्मपुर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में कॉलेज के 45 एनएसएस वालंटियर्स भाग ले रहे हैं। इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के साथ आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, धर्मपुर कॉलेज और कृषि विभाग, हिमाचल के संयुक्त तत्वावधान में प्राकृतिक एवं जैविक खेती में कौशल उन्मुख प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। एनएसएस शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजेंद्र कश्यप ने किया। इस अवसर डॉ. कश्यप ने कहा कि एनएसएस हमें अनुशासन के अलावा साथ काम करने की प्रेरणा देता है, जो एक उपयोगी नागरिक बनने में मददगार साबित होता है। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की सलाह दी। कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगदेव चंद शर्मा और प्रोफेसर भुवनेश्वरी ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। फिजिकल फिटनेस ट्रेनिंग के सत्र में विक्रांत ठाकुर ने स्वयंसेवियों को कराटे के महत्व के बारे में बताया। प्रात:कालीन सत्र में वालंटियर्स ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय में कैंपस की झाड़ियां काटी तथा सफाई की। साथ ही वालंटियर्स ने महाविद्यालय कैंपस में पानी की सभी टंकियां भी साफ की।

# न्यू ईयर : पुलिस ने पांच सेक्टर में बांटा सोलन शहर

## सीसीटीवी और स्पीडो मीटर से हुड़दंगबाजी व ओवर स्पीड पर रहेगी नजर, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के कटेंगे चालान

**आर मोहन चौहान, सोलन**

न्यू ईयर सेलिब्रेशन के साथ बर्फबारी की आस लिए पिछले कुछ दिनों से हिमाचल के प्रवेश द्वार परवाणू होते हुए कसौली, धर्मपुर, सोलन, चायल होते हुए बड़ी संख्या में पर्यटक राजधानी शिमला पहुंच रहे हैं।

इससे होटल कारोबारियों में भी उत्साह है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। नववर्ष को लेकर पुलिस ने सोलन को पांच सेक्टर में बांटा है साथ ही हुड़दंगबाजी व ओवर स्पीड पर सीसीटीवी और स्पीडो मीटर से नजर रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

नववर्ष 2025

> एसपी गौरव सिंह ने बताया कि नववर्ष को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसमें रात्रि गश्त, पैट्रोलिंग को बढ़ाया जा रहा है। सुरक्षा और जाम से निपटने के लिए जिले को सेक्टरों में बांटा गया है। पर्यटक नगरी चायल और कसौली में सबसे अधिक पर्यटक आते हैं, जिसके तहत यहां पर पुलिस की अतिरिक्त टीम भी तैनात की जा रही है।



न्यू ईयर को लेकर हिमाचल पहुंच रहे पर्यटक।

### रोड साइड में नहीं कर सकेंगे हुड़दंबाजी

**नए** साल के जश्न में हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा चक्र मजबूत कर लिया है। पर्यटक नगरी चायल और कसौली में बाहरी राज्यों से लोगों की अधिक आवाजाही होती है। इस बीच सुरक्षा को लेकर यहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा सीमाओं की चौकसी को भी बढ़ाया जा रहा है। गश्त अभियान और यातायात चैकिंग दोगुना कर दी है। खासतौर पर कालका-शिमला एनएच पर हुड़दंगियों पर विशेष रूप से पैनी नजर रहेगी। इसके लिए सभी थाना और चौकी प्रभारियों को सुरक्षा सहित यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### एनएच को सेक्टरों में बांटा

**पर्यटन** नगरी चायल, कसौली, बड़ोग समेत एनएच को सेक्टरों में बांटा गया है, जिसमें परवाणू से जाबली, जाबली से बड़ोग, कसौली, बड़ोग से सलोगड़ा, जिला मुख्यालय सोलन, कंडाघाट से शालाघाट, चायल, सुबाथू-कुनिहार समेत बाईपास सोलन को सेक्टरों में शामिल किया गया है। इसकी अध्यक्षता एसएचओ या फिर डीएसपी स्तर के अधिकारी करेंगे। वहीं, इस दौरान सीसीटीवी व पैट्रोलिंग से भी सुरक्षा बंदोबस्त पर पूरी नजर रखी जाएगी। एनएच सहित पर्यटक स्थल कसौली, चायल के लिए पुलिस जवानों की तैनाती की जा रही है। नववर्ष पर एनएच के किनारे कोई भी पर्यटक या स्थानीय लोग अपने वाहनों को खड़ा नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस की ओर से जगह-जगह पर पैट्रोलिंग की जाएगी, जिसमें हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए

**कानून** व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोलन पुलिस ने सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए हैं। एक तरह जहां हाईवे पर दुर्घटनाएं रोकने के लिए रोड डायवर्जन प्वॉइंट से सावधानी से वाहन चलाने के प्रति वाहनों चालकों को सतर्कता से चलने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं, शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के लिए परवाणू और सोलन के दोहरी दीवाल पर नाके भी लगाए जाएंगे। इसी तरह हुड़दंगबाजी और ओवर स्पीड की घटनाओं को रोकने के लिए सीसीटीवी और स्पीडो मीटर की मदद भी ली जा रही है। सुरक्षा के इंतजाम के लिए ऊना से फर्स्ट बटालियन की एक टुकड़ी सोलन सहित कसौली और चायल में तैनात की गई है।

### डीजे पार्टी व बोर्न फायर के खास इंतजाम

**शिमला** की तर्ज पर कसौली, सोलन और चायल में भी होटलों को विशेष रूप से सजाया गया है। साथ ही पर्यटकों के आकर्षण को डीजे पार्टी और बोर्न फायर के खास इंतजाम किए गए हैं। पर्यटकों के वेलकम के लिए होटल इंडस्ट्रीज में काफी पहले से तैयारियां शुरू कर दी थी पर ड्राई स्पेल के चलते होटल कारोबार चमक नहीं रहा था पर कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला है। प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने से अब प्रदेश में देश-विदेश से पर्यटक पहुंच रहे हैं। न्यू ईयर सेलिब्रेशन में किसी तरह का विघ्न न पहुंचे, इसके लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है।

## भाजपा मंडलों की संख्या बढ़ने से पार्टी व संगठन को मिलेगी मजबूती : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि जहां पर भाजपा के मंडलों की संख्या बढ़ने से पार्टी और संगठन को मजबूती मिलेगी।



वहीं, अब काम करने वाले कार्यकर्ताओं को भी पार्टी में काम करने का मौका मिलेगा। रावत ने बताया कि पहले प्रदेश में भाजपा मंडलों की संख्या 74 थी, जो अब बढ़कर 171 हो गई है इसके अतिरिक्त मोर्चे एवं प्रकोष्ठ प्रदेश जिला एवं मंडल स्तर पर अलग से बनेंगे। रावत ने भाजपा मंडलों की संख्या बढ़ाने के लिए जहां पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का आभार प्रकट किया। वहीं, उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी। रावत ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जो कार्यकर्ता पार्टी में रहकर अच्छा कार्य करेगा उस कार्यकर्ता को पार्टी किसी भी पद पर बिठा सकती है, जिसका उदाहरण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हैं। हिमाचल जैसे छोटे राज्य से आज जगत प्रकाश नड्डा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं इसलिए जिन नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को पार्टी और संगठन में काम करने का मौका मिलता है, उनको सच्ची निष्ठा एवं ईमानदारी से पार्टी का काम करना चाहिए।

## बरोटीवाला में सड़क हादसे में युवक की मौत

**बीबीएन।** पुलिस थाना बरोटीवाला के भटोलीकलां में सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हुई है। मृतक की पहचान राज कुमार पुत्र लायक राम निवासी निभाड़ रामशहर से हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार मोटरसाइकिल चालक ने कंपनी के साथ लगे खंबे में तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिसमें मोटरसाइकिल चालक व पीछे बैठे व्यक्ति के सिर व शरीर पर काफी चोटें आईं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से झाड़माजरी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना बरोटीवाला के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सुबाथू में शराब की 16 पेटियां पकड़ी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस ने गश्त के दौरान सुबाथू में एक वाहन से अंग्रेजी शराब और बियर की 13 पेटियां बरामद की।

जानकारी के मुताबिक पुलिस चौकी सुबाथू की एक टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए नजदीक एसबीआई बैंक सुबाथू में मौजूद थी और आने-जाने वाले वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान समय करीब 6:30 बजे शाम अमित डोगरा पुत्र सीता राम डोगरा निवासी गांव कलीन डा. सपरुन तह. व जिला सोलन उम्र 46 वर्ष गाड़ी नं./ कार नं. HPvyC-2824 में सोलन की तरफ से आया, जिसकी गाड़ी को चेक करने पर डिक्की में 13 पेटी देसी शराब 2 पेटी किंगफिशर बीयर तथा 1 पेटी रॉयल स्टैग कुल 16 पेटियां (192 बोतलें) बरामद हुई। उक्त शराब को अपने कब्जे में रखने व परिवहन करने के संदर्भ में गाड़ी चालक अमित डोगरा उपरोक्त कोई भी लाइसेंस व परमिट पुलिस के सामने पेश न कर सका। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। अभियोग का अन्वेषण जारी है।

### धर्जा में गाड़ी से 6 पेटी देसी शराब बरामद

**सोलन।** थाना सदर सोलन की एक टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए गांव सेर-चराग, धर्जा, जौणाजी आदि पर रवाना थी और आने-जाने वाले वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान 10 बजे रात वरुण कुमार पुत्र सुरेश कुमार गांव लखडांजी पीओ कोटला त. व जिला सोलन उम्र 29 वर्ष गाड़ी में मशीवर की तरफ से आया, जिसकी गाड़ी को चेक करने पर 6 पेटियां देसी शराब बरामद हुई। उक्त देसी शराब को अपने कब्जे में रखने व परिवहन करने के संदर्भ में गाड़ी चालक वरुण कुमार उपरोक्त कोई भी लाइसेंस व परमिट पेश न कर सका, जिस पर मुकदमा उपरोक्त थाना सदर सोलन में दर्ज किया गया।

## अर्की के ग्राम बजीवन में तेंदुए का आतंक

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल की पंचायत भूमती के ग्राम बजीवन में तेंदुए का आतंक फैला हुआ है। स्थानीय निवासी मस्तराम शर्मा गांव बजीवन ने बताया कि लगभग एक मास से चार तेंदुओं ने गांव में भय पैदा कर दिया है।



उनका कहना है कि तेंदुए लगभग 3-4 वर्ष से साथ लगते बियूली जंगल में रह रहे हैं तथा दिन के समय भी यह खेतों व घासनियों में घूमते नजर आते हैं। साथ ही यह पालतू जानवरों व कुत्तों को अपना शिकार बना रहे हैं। उनका कहना है कि सबसे बड़ी समस्या स्कूली बच्चों को स्कूल आने-जाने में हो रही है क्योंकि ज्यादातर रास्ता जंगल से है और कभी भी कोई हादसा हो सकता है इसलिए बच्चों के परिजन उन्हें स्कूल छोड़ने व लाने के लिए विवश हैं। मस्तराम शर्मा का कहना है कि स्थानीय लोगों द्वारा पहले भी वन विभाग व सरकार से इन्हें पकड़ने का अनुरोध किया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने जनहित में पुन: वन विभाग व अन्य सरकारी अधिकारियों से आग्रह किया कि कोई हादसा हो उससे पूर्व ही इन्हें पकड़ा जाए।

रेंज अधिकारी अर्की किशोरी भारद्वाज ने कहा कि उन्हें आज ही ज्ञात हुआ है। विभाग जल्द ही उचित कदम उठाएगा। साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जंगल में व रात्रि के समय अकेले घर से न निकले यदि ज्यादा जरूरी हो तो पटाखे व डंडा व टोर्च साथ रखें।

## रामनाथ चौधरी आज होंगे सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** कृषि विभाग में सेवारत अधिकारी रामनाथ चौधरी ने अपनी कर्तव्य निष्ठा और सेवा भाव से जिले के किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया। किसानों के प्रति समर्पण भाव रखने वाले रामनाथ चौधरी आखिरकार 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। एक साधारण किसान परिवार में माता बग्गो देवी व पिता रूप चंद के घर 1967 में पांवटा साहब से लगभग 19 किलोमीटर दूर स्थित गांव मैहरू वाला में उनका जन्म हुआ। उन्होंने कर्मठ व निस्वार्थ सेवा भाव से अपने एक अधिकारी होते हुए अति दुर्गम क्षेत्र राजगढ़, संगड़ाह, शिलाई, सराहां जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की सेवा की।



## एनएसएस शिविर में कॉलेज परिसर और कोटला में जाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्यातिथि सह संयोजिका इग्नू डॉ. रेणुका थपलियाल ने दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरुआत की।

एनएसएस प्रभारी डॉ. जय प्रकाश शर्मा ने सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस शिविर में 31 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। सात दिवसीय शिविर में सभी स्वयंसेवियों को तीन समूहों में बांटा गया था, जिन्होंने कॉलेज परिसर और कोटला गांव में जाकर स्वच्छता का संदेश दिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक दिन विभिन्न विषयों पर वक्ताओं द्वारा व्याख्यान भी दिए गए। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने स्वयंसेवियों के उत्साह को सराहते हुए सात दिवसीय एनएसएस शिविर के सफल समापन समारोह की बधाई दी।

## हिमाचल में 11 माह में 208 दवाओं के सैंपल हुए फेल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

स्वास्थ्य सुधार के लिए इस्तेमाल होने वाली दवाएं पिछले कई वर्षों से सब स्टेंडर्ड पाई जा रही हैं। इसे लेकर अब देश का स्वास्थ्य मंत्रालय धीरे-धीरे जरूरी सुधार करने में जुट गया है। बता दें कि हर माह जारी होने वाला केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के ड्रग अलर्ट में बीते एक साल के दौरान देश के फार्मा उद्योगों में निर्मित 728 दवाओं को सब स्टेंडर्ड घोषित किया गया है।

इसके साथ-साथ एशिया के फार्मा हब औद्योगिक क्षेत्र बद्दी व हिमाचल के अन्य उद्योगों से निर्मित 208 दवाओं के सैंपल भी जांच के दौरान अलग-अलग राज्यों में फेल पाए गए हैं। इससे जहां मरीजों की परेशानी बढ़ी है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की भी चिंता बढ़ रही है। दवा नियंत्रकों के मुताबिक कुछ दवाएं कम या ज्यादा तापमान होने के कारण भी खराब हो जाती हैं।

### अब धीरे-धीरे कम हो रहा ग्रॉफ : मनीष कपूर

**हिमाचल** दवा नियंत्रक मनीष कपूर का कहना है कि प्रदेश में उच्च गुणवत्ता की दवाएं निर्मित हो सके, इसके लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों की तुलना में अब दवा सैंपल फेल होने का आंकड़ा काफी कम हुआ है, जो उद्योग गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतर रहे हैं, उनका उत्पादन बंद करवाया जाता रहा है। रिस्क बेस्ड इंस्पेक्शनों को बढ़ाया जा रहा है। ज्वाइंट इंस्पेक्शन सीडीएससीओ के साथ मिलकर की जा रही हैं। सीडीएससीओ द्वारा कुछ माह पहले अब ड्रग अलर्ट में स्टेट लैबोरेट्री की रिपोर्ट भी देना शुरू किया है, जिससे दवा फेल होने का आंकड़ा अधिक दिखाई देने लगा है, लेकिन सच्चाई यह है कि अब दवा सैंपल फेल होने का ग्राफ लगातार गिर रहा है।

## पंजाबी खान ने जताया लोगों का आभार, कहा- अब नहीं पैसे की जरूरत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पंजाबी खान की पत्नी के उपचार के लिए सोलन और प्रदेश के लोगों ने जमकर सहयोग किया। पत्नी के स्वस्थ होने के बाद पंजाबी खान ने स्थानीय समाजसेवी मुकेश गुप्ता और मनोज गुप्ता के साथ माता शूलिनी मंदिर पहुंचकर मां का जयकारा लगाया।

इस दौरान पंजाबी खान ने लोगों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि आप सब की दुआ से मेरी पत्नी स्वस्थ है। अब मुझे पैसों की जरूरत नहीं है। सब कुछ ठीक हो गया है। मुकेश ने बताया कि बीते रोज पंजाबी खान की पत्नी शिमला आईजीएमसी में भर्ती थी, जहां उनका ईलाज चल रहा था। पंजाबी खान आर्थिक रूप से कमजोर थे, जिसके लिए उन्होंने जनता से सहयोग का आह्वान किया, जिसमें सोलन के साथ-साथ प्रदेश के सभी लोगों ने अपनी भागीदारी दी। लोगों के सहयोग और दुआओं से पंजाबी खान की धर्मपत्नी अब खतरे से बाहर है, जिसके चलते पंजाबी खान ने उन तमाम जनों का धन्यवाद किया है, जिन्होंने उनकी सहायता की और उनकी धर्मपत्नी के लिए ईश्वर से दुआ की। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अब उन्हें पैसों की आवश्यकता नहीं है उनके पास जनता ने जो पैसा भेजा है वह अभी के लिए पर्याप्त है। अत: आप सभी मुझे पैसा भेजना बंद करें। पंजाबी खान ने माता शूलिनी के चरणों में भी अपना शत-शत नमन किया।



## अंशिका हैदराबाद में खेलेगी नेशनल

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** सिरमौर के विकास खंड पांवटा साहिब के पंचायत व्यास के शहीद कमल कांत मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी व्यास की 9वीं की छात्रा अंशिका हैदराबाद के हबसीगुड़ा में योग प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगी। यह प्रतियोगिता हैदराबाद में 9 से 11 जनवरी तक होनी है। इसका राष्ट्रीय स्तरीय कैंप हमीरपुर के घलून स्कूल में 5 तक चल रहा है, जिसमें सिरमौर से एकमात्र खिलाड़ी अंशिका है। अंशिका के सिलेक्शन से पूरे जिले व कोटड़ी व्यास व पांवटा दून क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



**बैठक** | बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपनी उपलब्धियों का ब्यौरा जनरल हाउस के समक्ष किया पेश

## धर्मपाल ठाकुर फिर बने ऑटो रिक्शा यूनियन के प्रधान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर्स यूनियन सोलन के जनरल हाउस में धर्मपाल ठाकुर को निर्विरोध प्रधान चुना गया, जबकि राजेंद्र कुमार को महासचिव का दायित्व मिला। करीब तीन घंटे चली बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपनी उपलब्धियों का ब्यौरा जनरल हाउस के समक्ष पेश किया। बैठक में जब यूनियन के चुनाव की बात आई, तो एटक के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज की अध्यक्षता में चुनाव भी संपन्न करवा दिए गए। जनरल हाउस ने ध्वनिमत प्रस्ताव पास कर धर्मपाल ठाकुर को फिर से प्रधान चुन लिया।



धर्मपाल ठाकुर।



ऑटो यूनियन के जनरल हाउस में पहुंचे सदस्य।

इसके साथ ही राजेंद्र कुमार को यूनियन ने महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर एटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज ने यूनियन की कार्यप्रणाली पर भरोसा जताते हुए नए प्रधान और महासचिव सहित सभी सदस्यों को बधाई दी। यूनियन प्रधान धर्मपाल ने कहा कि सभी साथियों के सहयोग से उन्होंने पिछले चार वर्षों में यूनियन की तनमन-धन से सेवा की है। यूनियन ने एक बार फिर जो विश्वास जताया है उसपर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। एटक के सचिव अतुल भारद्वाज ने भी जरनल हाउस को संबोधित किया। इस बैठक में यूनियन के पूर्व प्रधान जय दत्त शर्मा, पूर्व प्रधान राम सिंह, सीता राम पूर्व महासचिव मोहन लाल, उदय कुमार आदि मौजूद रहे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

**मैं, कीर्ति कलोसिया** पत्नी राजेंद्र सिंह निवासी आस्था बिल्डिंग नजदीक लेबर ऑफिस, वार्ड नंबर 1, सपरून, सोलन घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम आस्था सिंह से आस्था कौर रखा है। कृपया सभी नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ


### उत्तराखंडः भाजपा के सभी महापौर घोषित

**देहरादून।** उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्थानीय निकाय चुनावों में महापौर की सभी 11 सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी ने पहले छह सीट के लिए और फिर शेष पांच सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। हरिद्वार में महापौर पद के लिए किरण जैसल, श्रीनगर में आशा उपाध्याय, कोटद्वार में शैलेंद्र रावत, पिथौरागढ में कल्पना देवलाल, अल्मोड़ा में अजय वर्मा और रुद्रपुर के वास्ते विकास शर्मा को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। भाजपा ने देहरादून के लिए सौरभ थपलियाल, ऋषिकेश से शंभू पासवान, रुड़की से अनीता देवी अग्रवाल, हल्द्वानी से गजराज सिंह बिष्ट और काशीपुर से दीपक बाली को मैदान में उतारा है। राज्य में 11 नगर निगम, 43 नगर परिषद और 46 नगर पंचायतों सहित 100 स्थानीय निकायों के लिए चुनाव 23 जनवरी को होने हैं। मतदान मतपत्र से होगा और परिणाम 25 जनवरी को घोषित किए जाएंगे।

### राज्यपाल कटारिया को महाकुंभ का आमंत्रण

**मोहाली।** योगी सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति और राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान बलदेव सिंह ओलख ने मोहाली में एक भव्य रोडशो का नेतृत्व किया। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को भारत की विविधता में एकता का अद्वितीय उत्सव बताते हुए पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, तथा वहां की सम्मानित जनता को प्रयागराज महाकुंभ-2025 में आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठा रही है।

### नायडू सबसे अमीर मुख्यमंत्री : एडीआर



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपएकी संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपए है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपए थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व-आय 13,64,310 रुपए है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपए है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपए से अधिक की कुल संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया 51 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति के साथ सूची में तीसरे स्थान पर हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि 13 (42 प्रतिशत) मुख्यमंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि 10 (32 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें हत्या के प्रयास, अपहरण, रिश्वतखोरी और आपराधिक धमकी से संबंधित मामले शामिल हैं। देश के 31 मुख्यमंत्रियों में से केवल दो महिलाएं पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी और दिल्ली की मुख्यमंत्री अतिशी हैं।

### पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाओं में 18 यात्रियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 18 यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को पाकिस्तान में एक तेज रफ्तार यात्री बस राजमार्ग पर पलट गई, जिससे कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। एक अन्य दुर्घटना के बारे में स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबरों के अनुसार, दक्षिणी सिंध प्रांत के नौशहरो फिरोज जिले में राजमार्ग पर एक यात्री वाहन के ट्रक से टकराने से आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने दोनों दुर्घटनाओं के लिए चालकों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस अधिकारी मोहम्मद अरशद ने बताया कि पंजाब प्रांत के फतेह जंग शहर में हुई बस दुर्घटना में सात यात्री घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि बस बहावलपुर शहर से इस्लामाबाद जा रही थी। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं, क्योंकि वहां राजमार्गों और सड़कों का रखरखाव ठीक से नहीं किया जाता और यातायात कानूनों की व्यापक रूप से अनदेखी की जाती है।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने चार बंकर किए नष्ट



**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने पिछले सप्ताह हुई मुठभेड़ के बाद इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिलों में बंदूकधारियों के चार बंकरों को नष्ट कर दिया है और तीन अन्य पर कब्जा कर लिया है। थम्नापोकपी और सनसाबी गांवों की सीमा से लगे कई इलाकों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाए गए, जिसके बाद बंकरों को नष्ट कर दिया गया। थम्नापोकपी और सनसाबी गांवों में किए गए हमलों में एक पुलिसकर्मी और एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। फाल ईस्ट, टेंग्नौपाल, यांगियांगपोकपी और चूराचांदपुर से 9 हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया।

### जगन्नाथ मंदिर में दर्शनों के लिए विशेष प्रबंध

**पुरी (ओडिशा)।** नए साल के जश्न के अवसर पर तीर्थ नगरी पुरी में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) और पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए हैं ताकि लोगों को दर्शन के दौरान किसी तरह की दिक्कत न हो। एसजेटीए ने कहा कि के लिए केवल सिंहद्वार से ही प्रवेश की अनुमति होगी और तीन अन्य द्वारों से निकास की व्यवस्था की गई है। सामान्य श्रद्धालुओं को सिंहद्वार के अलावा किसी अन्य द्वार से प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### डेढ़ करोड़ की चरस के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार



**बहराइच (उप्र)।** बहराइच जिले में नेपाल के सीमावर्ती रूपईडीहा क्षेत्र में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने रविवार शाम एक नेपाली युवक के कब्जे से डेढ़ करोड़ रुपए मूल्य की चरस बरामद करके उसे गिरफ्तार कर लिया। एसएसबी की 42वीं बटालियन के कार्यवाहक सेनानायक राज रंजन ने सोमवार को को बताया कि एसएसबी और पुलिस के एक संयुक्त दल ने खुफिया सूचना पर रविवार दोपहर बाद रुपईडीहा सीमा पर संयुक्त गश्त की। इस दौरान सीमा स्तंभ संख्या 651/05 के पास नेपाल से भारत की ओर मोटरसाइकिल से आ रहे एक नेपाली युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से लगभग छह किलोग्राम चरस बरामद हुई।

# मनीमाजरा रेलवे अंडर ब्रिज की जर्जर हालत पर उठे सवाल

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़



मनीमाजरा में कुछ साल पहले बने रेलवे अंडर ब्रिज की छत की स्लैब खिसककर नीचे आ गई है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका है। इस गंभीर समस्या को लेकर चंडीगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत ढिल्लो ने अपनी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की लापरवाही के कारण आम जनता की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इसे तुरंत सुधारने की आवश्यकता है। सुरजीत ढिल्लो ने कहा, 'रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण के कुछ ही वर्षों में इस तरह की स्थिति का सामने आना निर्माण कार्य की गुणवत्ता में घोर लापरवाही को दर्शाता है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।''

कांग्रेस नेताओं और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने इस मामले में संबंधित विभागों से तुरंत कार्रवाई की अपील की है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वह इस मुद्दे को जनता के साथ मिलकर बड़े स्तर पर उठाएगा। (अनंत ज्ञान)

## पंजाब बंद का दिखा व्यापक असर



किसानों के समर्थन में पंजाब बंद का व्यापक असर दिखा। किसानों ने हाईवे और रेलवे ट्रैक जाम कर दिए। इससे सबसे ज्यादा परेशानी यात्रियों को हुई। पंजाब में 150 से ज्यादा ट्रेनें रद्द रहीं।



## पौड़ी में कार खाई में गिरने से दो की मौत

एजेंसी, पौड़ी (उत्तराखंड)

जिले के रिखणीखाल प्रखंड में एक कार खाई में गिरने से पीएसी जवान समेत दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यहां जिला आपदा प्रबंधन केंद्र ने कहा कि रिखणीखाल-सिद्धखल मार्ग पर बयेला मल्ला गांव के पास कार 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। केंद्र ने कहा कि प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) जवान समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सरकारी वाहन के तौर पर इस्तेमाल की जा रही कार रिखणीखाल की ओर जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ।

मृतकों की पहचान डोबरिया गांव के पीएसी जवान दिलबर सिंह (50) और बांगर गांव के जसवीर सिंह (36) के रूप में हुई।

## चमोली में हिमस्खलन के लिए अलर्ट जारी

एजेंसी, देहरादून

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला रक्षा भू-सूचना विज्ञान अनुसंधान प्रतिष्ठान (डीजीआरई) ने अगले 24 घंटों में उत्तराखंड के चमोली जिले में 3,000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर हिमस्खलन के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद ओबैदुल्ला अंसारी ने चमोली के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर क्षेत्र के लिए डीजीआरई के 'ऑरेंज अलर्ट' (स्तर तीन) की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा कि अलर्ट के मद्देनजर उचित सुरक्षा और एहतियाती कदम उठाए जाएं।

## नर्सिंग छात्रों को विदेशी भाषा का विकल्प : राधा रतूड़ी

अनंत ज्ञान, देहरादून




प्रदेश में राज्य अतिथि गृहों के पूरी तरह से सदुपयोग तथा व्यवसायिक उपयोगिता को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में निर्मित होने वाले सभी नए राज्य अतिथि गृहों को अति विशिष्ट अतिथियों के अतिरिक्त रिक्त होने की दशा में भुगतान के आधार पर पर्यटकों को भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएस ने सरकारी कार्यदायी निर्माण एजेंसियों को वर्तमान एवं भविष्य में निर्मित होने वाले सभी सरकारी भवनों को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में निर्मित करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें अनिवार्यत: सोलर पैनल, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर रिसाइकिलिंग की व्यवस्था होगी।

राधा रतूड़ी ने जलापूर्ति योजनाओं में वॉटर रिसाइकलिंग को अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने सचिव स्वास्थ्य को नर्सिंग कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं को विदेशी भाषाओं का विकल्प देने तथा उन्हें विदेशी भाषाएं सिखाने हेतु व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नियोजन विभाग को सभी नए निर्मित होने वाले सरकारी भवनों में बेसमेंट पार्किंग के अनिवार्यत: निर्माण हेतु निर्देश जारी करने की हिदायत दी है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक में एमपीएससी रायपुर देहरादून में एथलेटिक पैवेलियन शेड तथा सीट के कार्यों, देहरादून में क्लेमंटाऊन जलापूर्ति योजना कार्य, राज्य में अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु माध्यमिक स्तर पर अंग्रेजी माध्यम से आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर हरिद्वार का निर्माण कार्य, पिथौरागढ़ में नवीन राज्य अतिथि गृह निर्माण कार्य, चम्पावत के टनकपुर में नवीन राज्य अतिथि गृह का निर्माण कार्य, टनकपुर बस टर्मिनल का निर्माण कार्य (पुनरीक्षित), मोहकमपुर देहरादून में न्यायिक कार्मिकों के लिए 32 आवासों के भवन निर्माण कार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के परिसर में नवीन नर्सिंग कॉलेज के निर्माण कार्य पर अनुमोदन दिया।

## विश्वविद्यालय में 19वीं राष्ट्रीय मात्सोगी-डो चैंपियनशिप शुरू




अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में 19वीं राष्ट्रीय मात्सोगी-डो चैंपियनशिप बड़े उत्साह के साथ शुरू हुई। इस चैंपियनशिप में भारत के विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले 65 से अधिक एथलीटों और 70 अधिकारियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में चंडीगढ़ के वरिष्ठ उप महापौर कंवर राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ पटियाला के पूर्व एसडीएम विजय कपूर, चंडीगढ़ मात्सोगीडो एसोसिएशन के अध्यक्ष बीडी वेडवाल, पंजाब भाजपा ओबीसी मोर्चा के महासचिव श्री कंवर बीर सिंह मंजिल और लुधियाना भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष हर्ष चाना सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। मात्सोगी-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष गुरदीप सिंह और मटसोगी-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र केसरी ने विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

यह आयोजन भारत में मटसोगी-डो को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक भावना और एकता को बढ़ावा देता है।

## देश-विदेश

## ग्रंथियों और पुजारियों को 18,000 रुपए सैलरी देगी 'आप' सरकार : केजरीवाल

एजेंसी, नई दिल्ली



**आम** आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपए मासिक भत्ता देने का वादा करते हुए सोमवार को घोषणा की कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में दोबारा सत्ता में आती है तो 'पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना' शुरू की जाएगी। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब दिल्ली में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों में 'आप' लगातार चौथी बार सत्ता में बने रहने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि पुजारी और ग्रंथी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन उनकी अक्सर उपेक्षा की जाती है। देश में पहली बार, हम उन्हें समर्थन देने के लिए एक योजना शुरू कर रहे हैं जिसके तहत उन्हें 18,000 रुपए का मासिक भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए पंजीकरण कल यानी मंगलवार से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि वह मंगलवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर जाकर वहां पुजारियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे।

## सीरिया में इसराइल ने किए हवाई हमले, 11 की मौत

एजेंसी, बेरूत



**सीरिया** की राजधानी दमिश्क के बाहरी इलाके में इसराइली हवाई हमले में 11 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी युद्ध निगरानी संस्था ने दी। इसराइल पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से बेदखल होने के बाद भी सीरियाई हथियारों और सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है।

ब्रिटेन के निगरानी समूह 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने कहा कि हवाई हमले में राजधानी के उत्तर-पूर्व में औद्योगिक शहर अद्रा के निकट असद की सेना के हथियार डिपो को निशाना बनाया गया। निगरानी समूह ने कहा कि हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे। बेरूत स्थित 'पैन-अरब अल-मायादीन टीवी' ने भी हवाई हमले की खबर दी, लेकिन मरने वालों की संख्या केवल छह बताई। इसराइली सेना ने रविवार को हवाई हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की। दिसंबर की शुरुआत में हमला करके असद को सत्ता से बेदखल करने वाले सीरियाई विद्रोहियों ने मांग की है कि इसराइल अपने हवाई हमले बंद कर दे। दूसरी ओर, तुर्किये समर्थित सीरियाई विद्रोहियों ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्तरी सीमावर्ती शहर कोबानी के निकट हमला किया, जो सप्ताह भर चली झड़पों के बाद कुर्द नेतृत्व वाली 'सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज' (एसडीएफ) के नियंत्रण में है।

## दक्षिणी अमेरिका में तूफान से चार लोगों की गई जान

**ह्यूस्टन।** दक्षिणी अमेरिका में सप्ताहांत में आए शक्तिशाली तूफान के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम पूर्वानुमान केंद्र के मौसम विज्ञानी ब्रायन हर्ले ने बताया कि टेक्सास, लुइसियाना, मिसिसिपी, अलबामा और जॉर्जिया में तूफान से होने वाली क्षति की कम से कम 45 रिपोर्ट हैं। उन्होंने बताया कि टीमें नुकसान का सर्वेक्षण करेंगी। छुट्टियों के व्यस्त समय में आए तूफान की वजह से कुछ सड़कों पर खतरनाक हालात पैदा हो गए और साथ ही अमेरिका के कुछ सबसे व्यस्त हवाई अड्डों पर उड़ानों में देरी या उड़ानों को रद्द करना पड़ा।

## दिल्ली में मतदाता पंजीकरण के लिए फर्जी ऑनलाइन आवेदन जमा करने के आरोप में चार के खिलाफ प्राथमिकी

एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस ने चार व्यक्तियों के खिलाफ फॉर्म-छह के जरिये मतदाता पंजीकरण के लिए फर्जी ऑनलाइन आवेदन जमा करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की। यह घटनाक्रम ओखला के एक चुनाव पंजीकरण अधिकारी की ओर से शाहीनबाग थाने के प्रभारी अधिकारी को एक पत्र लिखे जाने के बाद हुआ है, जिसमें चार ऐसे फर्जी आवेदनों का उल्लेख किया गया था। पत्र में कहा कि इन आवेदकों ने अपने आवेदनों के समर्थन में झूठे दस्तावेजों का उपयोग करके आवेदन अपलोड किए हैं। पत्र में चार नाम थे - मोहम्मद हारिस, अनु शर्मा, अनिल कुमार जैन और मोहम्मद अजिजुर रहमान। पत्र में कहा कि उपरोक्त आवेदकों ने पहचान और निवास के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड और बिजली बिल सहित दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करके अधिकारियों को धोखा देने का प्रयास किया है।

## सेबी नौ कंपनियों की 23 संपत्तियों की करेगा नीलामी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने टावर इन्फोटेक और विबग्योर ग्रुप ऑफ कंपनीज सहित कुल नौ कंपनियों की 23 संपत्तियों की नीलामी फरवरी में करने की सोमवार को घोषणा की। इसका मकसद निवेशकों से अवैध रूप से एकत्र की गई धनराशि की वसूली करना है। इनके अलावा जीबीसी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन, वारिस ग्रुप, पिनकॉन ग्रुप, कोलकाता वियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एनेक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडिया, आई-कोर ग्रुप और एमपीएस ग्रुप अन्य कंपनियां हैं, जिनकी संपत्तियां नीलाम होंगी।

## सेंसेक्स 450 और निफ्टी 168 अंक गिरा

एजेंसी, मुंबई




**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन यानी 30 दिसंबर को सेंसेक्स 450 अंक की गिरावट के साथ 78,248 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 168 अंक की गिरावट रही। यह 23,640 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में गिरावट और 11 में तेजी रही।

वहीं, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में मीडिया, ऑटो, मेटल और पीएसयू बैंक 1 फीसदीसे ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस और इंफोसिस ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे गिराया, जबकि, जोमैटो, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा ने सेंसेक्स को ऊपर खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.96 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.22 फीसदी की गिरावट रही। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.21त्न की तेजी के साथ बंद हुआ। एनएसई के डाटा के अनुसार, 27 दिसंबर को विदेशी निवेशकों ने 1,323.29 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 2,544.64 करोड़ के शेयर खरीदे।

## तालिबान ने लगाया घरों में खिड़कियां बनाने पर बैन

एजेंसी, काबुल



**अफगानिस्तान** में तालिबान सरकार आने के बाद से महिलाओं पर लगातार कई तरह के प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। तालिबान ने आदेश जारी कर घरेलू इमारतों में उन जगहों पर खिड़कियां बनाने पर बैन लगा दिया, जहां से महिलाओं के नजर आने की संभावना हो।

उन्होंने इसके पीछे अश्लीलता रोकने के हवाला दिया गया। इसके अलावा एक अन्य आदेश में अफगानिस्तान सरकार ने सभी ह्त्त्ह को आदेश दिया की महिलाओं को रोजगार देना बंद करे, नहीं तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि नई इमारतों में ऐसी खिड़कियां नहीं होनी चाहिए, जिनसे आंगन, रसोई, पड़ोसी का कुआं और आमतौर पर महिलाओं की ओर से इस्तेमाल की जाने वाली अन्य जगहों को देखा जा सके। तालिबानी प्रवक्ता के अनुसार, महिलाओं को रसोई में, आंगन में या कुओं से पानी भरते हुए देखना अश्लीलता को जन्म दे सकता है।

## भाजपा का युवाओं पर 'डबल अत्याचार' : प्रियंका

एजेंसी, नई दिल्ली



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकाारियों पर बल प्रयोग किए जाने को लेकर सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा का 'डबल इंजन' युवाओं पर 'डबल अत्याचार' का प्रतीक बन गया है।

बीपीएससी की 13 दिसंबर को हुई परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना में विरोध कर रहे प्रदर्शनकाारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने रविवार को पानी की बौछार की और हल्का बल भी प्रयोग किया। इसके साथ ही जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी के अध्यक्ष समेत 600-700 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रियंका ने एक्स पर कहा कि बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठीचार्ज करना अमानवीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का 'डबल इंजन' युवाओं पर 'डबल अत्याचार' का प्रतीक बन गया है।

### भाजपा ने देशभर में पेपर लीक माफिया का जाल बिछाया : खड़गे



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 'एक्स' पर पोस्ट किया कि बीपीएससी अभ्यर्थियों पर बिहार की राजग सरकार की ओर से बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज व अमानवीय अत्याचार पेपर लीक और धांधली को छिपाने के लिए किया गया है। युवाओं पर तानाशाही का डंडा चलाकर उनके मनोबल को तोड़ने का प्रयास बेहद शर्मनाक व निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा वालों ने पूरे देश में पेपर लीक माफिया का जाल बिछा रखा है, जिससे युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है।

# जायसवाल को विकेट के पीछे कैच आउट देने के फैसले पर हुआ विवाद

**एजेंसी, मेलबोर्न**

यशस्वी जायसवाल को विवादास्पद तरीके से आउट दिए जाने के फैसले ने हंगामा खड़ा कर दिया, लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गेंद के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज को 'छुकर' निकलने का 'अनुमान' लगाते हुए कहा कि तकनीक से जुड़े ऐसे करीबी मामलों में फैसले अकसर उनकी टीम के खिलाफ जाते हैं। स्निको (आवाज की रीडिंग दिखाने वाली तकनीक) पर कोई हरकत नहीं दिखने के बाद भी तीसरे अंपायर सैकत शरफुद्दौला ने जायसवाल को आउट करार दिया। वह उस समय 84 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे।

जायसवाल तेज गेंदबाज पैट कमिंस की शॉर्ट-पिच गेंद पर हुक करने की कोशिश में चूक गए। गेंद विकेटकीपर एलेक्स कैरी के दस्तानों में जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने कैच आउट की अपील की, लेकिन मैदान अंपायर जोएल विल्सन ने बल्लेबाज को नॉटआउट दिया।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस ने इस फैसले के खिलाफ रिव्यू लिया और तीसरे अंपायर सैकत ने स्निको में कोई हरकत नहीं दिखने के बावजूद जायसवाल के बल्ले या ग्लव्स से टकराकर गेंद के 'डिफ्लेक्ट (दिशा में मामूली बदलाव)' होने का हवाला देकर उन्हें आउट करार दिया। उनके इस फैसले के बाद मेलबर्न क्रिकेट मैदान में मौजूद भारतीय प्रशंसक 'बेईमान-बेईमान' के नारे लगाने लगे। जायसवाल 208 गेंद में 84 रन बनाकर आउट हुए। उनके आउट होते ही भारत की मैच बचाने की उम्मीद खत्म हो गई और टीम दूसरी पारी में जीत के लिए 340 रन का पीछा करते हुए महज 155 रन पर आउट हो गई।



तीसरे अंपायर के फैसले के बाद जायसवाल ने मैदानी अंपायर से बातचीत भी की लेकिन उन्हें पैवेलियन की तरफ लौटना पड़ा। रोहित संवाददाता सम्मेलन में इस बारे में पूछे जाने पर भावुक होने की जगह ज्यादा व्यावहारिक दिखे। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता कि इसका क्या मतलब निकाला जाए क्योंकि तकनीक ने कुछ भी नहीं दिखाया लेकिन आंखों से ऐसा लग रहा था गेंद उसे छूकर निकली है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता कि अंपायर तकनीक का उपयोग कैसे करना चाहते हैं, लेकिन पूरी निष्पक्षता से मुझे लगता है कि उन्होंने गेंद को छुआ था।'' भारतीय कप्तान ने हालांकि इस बात पर निराशा जताई कि उनकी टीम को अक्सर ऐसे फैसलों का खामियाजा भुगतना पड़ता है।

रोहित ने कहा, ''यह उस तकनीक के बारे में है जिसके बारे में हम सभी जानते हैं कि वह 100 प्रतिशत नहीं है, लेकिन फिर भी हम वास्तव में उस पर बहुत अधिक गौर नहीं करना चाहते हैं। यह सिर्फ इतना है कि हमें अक्सर इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसा लगातार हो रहा है, इसलिए हम थोड़े दुर्भाग्यशाली रहे हैं।''

## अगर तकनीक है, तो उसका उपयोग करना चाहिए : गावस्कर



सुनील गावस्कर ने तीसरे अंपायर के फैसले की आलोचना की। गावस्कर ने मेजबान प्रसारक से कहा, '' गेंद की दिशा में मामूली बदलाव 'दृष्टि भ्रम' हो सकता है। आपने तकनीक क्यों रखी है? अगर तकनीक है, तो उसका उपयोग करना चाहिए। आप जो देखते हैं उसके आधार पर निर्णय नहीं ले सकते और तकनीक को नजरअंदाज नहीं कर सकते।'' आईसीसी एलीट पैनल के पूर्व अंपायर साइमन टॉफेल ने कहा, ''तीसरे अंपायर ने सही निर्णय लिया। तकनीक प्रोटोकॉल के साथ भी हम साक्ष्य देखते हैं और अगर अंपायर को लगाता है कि बल्ले से लगकर गेंद की दिशा बदली है तो इस तरह मामले को साबित करने के लिए तकनीक के किसी अन्य रूप का उपयोग करने की कोई आवश्यकता नहीं है।''

## पर्थ में भी हुआ था ऐसा ही विवाद

यह घटना पर्थ में शुरुआती टेस्ट में इसी तरह के विवाद के बाद हुई है, जहां सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल के आउट होने पर बहस छिड़ गई थी। ऑस्ट्रेलिया की अपील के बाद मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने राहुल के पक्ष में फैसला सुनाया था, घरेलू टीम ने फैसले को चुनौती देने के लिए डीआरएस का इस्तेमाल किया। थर्ड अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने 'स्प्लिट-स्क्रीन व्यू' का लाभ नहीं मिलने के बावजूद मैदान अंपायर के फैसले को पलट दिया था। 'स्प्लिट-स्क्रीन व्यू' से उन्हें यह स्पष्ट तस्वीर मिल जाती कि क्या मिशेल स्टॉर्क की गेंद ने वास्तव में बल्ले को छुआ था या स्निको की आवाज गेंद के पैड के टकराने से आई थी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बुमराह ने कोंस्टास को दिखाया कि टेस्ट क्रिकेट क्या होता : कैटिच



**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज साइमन कैटिच का मानना है कि युवा सैम कोंस्टास धीरे-धीरे समझेंगे कि टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती और जुनून क्या होता है जो जसप्रीत बुमराह ने बॉक्सिंग-डे टेस्ट में दूसरी पारी में उन्हें दिखाया। ऑस्ट्रेलिया के लिए 2001 से 2010 के बीच 56 टेस्ट खेल चुके कैटिच ने कहा कि कोंस्टास को अपनी स्वाभाविक बल्लेबाजी शैली बरकरार रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, '' यह कठिन है और जब आप 19 वर्ष की उम्र में पदार्पण करते हैं तो हाइप होना लाजमी है क्योंकि इस उम्र में बिरले ही खेल पाते हैं।'' कोंस्टास ने पहली पारी में 65 गेंद में 60 रन बनाए लेकिन दूसरी पारी में बुमराह ने उन्हें आठ रन पर आउट कर दिया।

### मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दर्शक संख्या का 87 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा



**मेलबोर्न।** मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर अब तक का दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूट गया जब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट में कुल दर्शक संख्या 3,50,700 पहुंच गई। चौथे टेस्ट के 5वें और आखिरी दिन मैदान पर 51, 371 दर्शक जमा थे, जिससे 1937 एशेज सीरीज का 3,50,534 दर्शकों का रिकॉर्ड टूट गया जब डॉन ब्रैडमेन अपने कैरियर के चरम पर थे। लंच के बाद दर्शक संख्या 60, 000 के पार हो गई।

### प्रिया पूनिया को फैंस करते पसंद

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर भारतीय महिला क्रिकेटर प्रिया पूनिया को फैंस खासा पसंद करते हैं और अक्सर उनकी खूबसूरत तस्वीरें वायरल हो जाती हैं जिन्हें फैंस का ढेर सारा प्यार भी मिलता है। कोरोना के चलते राजस्थान की होनहार क्रिकेट प्रिया ने अपनी मां को खो दिया था।



### आईसीसी साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर पुरस्कार की दौड़ में कोई भारतीय नहीं

दुबई। आईसीसी साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर पुरस्कार के लिए सोमवार को जारी नामांकित खिलाड़ियों की सूची में कोई भी भारतीय शामिल नहीं है। इस सूची में श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर के साथ ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट का नाम शामिल है।

### रॉयल ब्रदर्स मोगरा ने जीता संडे कप 40 प्लस क्रिकेट टूर्नामेंट



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** सुन्नी के साथ लगते क्षेत्र परलोग के जवाहर स्टेडियम में आयोजित संडे कप 40 प्लस क्रिकेट कप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच रॉयल ब्रदर्स मोगरा की टीम तथा सीसीएम क्यालू टीम के मध्य खेल गया। दमदार क्षेत्र रक्षण और बल्लेबाजी के दम पर रॉयल ब्रदर्स मोगरा की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष सौरभ सूद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा अनुज गौतम और वीपीन राणा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## मेलबोर्न टेस्ट

### ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में बनाई 2-1 की बढ़त, कमिंस बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'

# टीम इंडिया 184 रनों से हारी

**एजेंसी, मेलबोर्न**

भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर आसानी से घुटने टेक दिए और चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 184 रन की शर्मनाक हार के साथ ही लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की मांग जोर पकड़ने लगी है। जीत के लिए 340 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित 9 और कोहली 5 रन बनाकर आउट हो गए। रोहित को अति रक्षात्मक शैली अपनाने का खामियाजा भुगतना पड़ा तो ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कोहली ने फिर विकेट गंवाया। भारत ने आखिरी सात विकेट 20.4 ओवर में 34 रन के भीतर गंवा दिए और दूसरी पारी में टीम 155 रन पर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और 'प्लेयर ऑफ द मैच' पैट कमिंस ने 18 ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि स्कॉट बोलैंड ने 16 ओवर में 39 रन देकर 3 विकेट झटके। नाथन लियोन को दो और मिशेल स्टॉर्क को कोहली का कीमती विकेट मिला।

इससे पहले यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत के बीच चौथे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी से मैच ड्रॉ की ओर मुड़ता दिख रहा था, लेकिन एक बार फिर गैर-जिम्मेदाराना शॉट खेलकर पंत के आउट होने के बाद भारत की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

आस्ट्रेलिया अब सीरीज में 2-1 से आगे है। भारत अगर सिडनी टेस्ट नहीं जीतता है तो लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने का सपना भी टूट जाएगा। जायसवाल को छोड़कर भारत का कोई बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर सका। जायसवाल को विवादित ढंग से तीसरे अंपायर ने विकेट के पीछे कैच आउट करार दिया। टेस्ट मैच जीतने या बचाने की कला अब विरले क्रिकेटरों के पास ही रह गई है, लेकिन भारत की उम्मीदों का सरमाया दो सबसे अनुभवी खिलाड़ियों पर था जो करीब दो दशक से अपने खेल से एक देशवासियों को खुशियों की सौगातें देते आए हैं, लेकिन दोनों ही चूक गए और अब चयनकर्ताओं को कुछ कड़े फैसले लेने पड़ सकते हैं। पंत ने दूसरे सत्र में जबर्दस्त संयम का प्रदर्शन किया, लेकिन ट्रेविस हैड को एक खराब शॉट खेलकर उन्होंने आस्ट्रेलिया की जीत की राह प्रशस्त कर दी।

भारतीय टीम बदलाव के कठिन दौर से गुजर रही है और अब मुख्य कोच गौतम गंभीर को चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर के साथ मिलकर कुछ कठिन फैसले लेने होंगे ।



भारत से मेलबोर्न टेस्ट जीतने के बाद खुशी मनाते ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी। भारत ने आखिरी सात विकेट 20.4 ओवर में 34 रन के भीतर गंवाए।

**13वीं बार पारी में पांच विकेट जसप्रीत बुमराह ने झटके**

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | | | 474/10 |
|---|---|---|---|
| भारत (पहली पारी) | | | 369/10 |
| **ऑस्ट्रेलिया (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
| सैम ब. बुमराह | 08 | 18 | 1/0 |
| ख्वाजा ब. सिराज | 21 | 65 | 2/0 |
| लाबुशेन पगबाधा ब. सिराज | 70 | 139 | 3/0 |
| स्मिथ क. पंत ब. सिराज | 13 | 41 | 1/0 |
| हैड क. नीतिश ब. बुमराह | 01 | 02 | 0/0 |
| मार्श क. पंत ब. बुमराह | 00 | 04 | 0/0 |
| कैरी ब. बुमराह | 02 | 07 | 0/0 |
| कमिंस क. रोहित ब. जडेजा | 41 | 90 | 4/0 |
| स्टॉर्क (रन आऊट) | 05 | 13 | 0/0 |
| लियोन ब. बुमराह | 41 | 55 | 5/0 |
| बोलैंड (नाबाद) | 15 | 74 | 2/0 |
| **अतिरिक्त** | 17 | | |
| **कुल : (83.4 ओवर)** | **234/10** | | |

**विकेट पतन** : 1-20, 2-43, 3-80, 4-85, 5-86, 6-91, 7-148, 8-156, 9-173, 10-234.

**गेंदबाजी :** बुमराह 24.4-7-57-5, आकाशदीप 17-4-53-0, सिराज 23-4-70-3, जडेजा 14-2-33-1, नीतिश 1-0-4-0, सुंदर 4-0-7-0.

| **भारत (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. कैरी ब. कमिंस | 84 | 208 | 8/0 |
| रोहित क. मार्श ब. कमिंस | 09 | 40 | 0/0 |
| राहुल क. ख्वाजा ब. कमिंस | 00 | 05 | 0/0 |
| कोहली क. ख्वाजा ब. स्टॉर्क | 05 | 29 | 0/0 |
| पंत क. मार्श ब. हैड | 30 | 104 | 2/0 |
| जडेजा क. कैरी ब. बोलैंड | 02 | 14 | 0/0 |
| नीतिश क. स्मिथ ब. लियोन | 01 | 05 | 0/0 |
| सुंदर (नाबाद) | 05 | 45 | 0/0 |
| आकाशदीप क. हैड ब. बोलैंड | 07 | 17 | 1/0 |
| बुमराह क. स्मिथ ब. बोलैंड | 00 | 08 | 0/0 |
| सिराज पगबाधा ब. लियोन | 00 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 12 | | |
| **कुल : (79.1 ओवर)** | **155/10** | | |

**विकेट पतन** : 1-25, 2-25, 3-33, 4-121, 5-127, 6-130, 7-140, 8-150, 9-154, 10-155.

**गेंदबाजी :** स्टॉर्क 16-8-25-1, कमिंस 18-5-28-3, बोलैंड 16-7-39-3, मार्श 3-2-2-0, लियोन 20.1-6-0-37-2, हैड 5-0-14-1, लाबुशेन 1-1-0-0.

## रोहित का फुटवर्क पहले जैसा नहीं : शास्त्री

**एजेंसी, मेलबोर्न**

पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री का मानना है कि विराट कोहली में अभी तीन से चार साल का क्रिकेट बचा है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा को खेल के पारंपरिक प्रारूप में फॉर्म और तकनीक के साथ लंबे समय से संघर्ष को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही सीरीज के बाद अपने भविष्य का आकलन करने की जरूरत हो सकती है।

भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित और कोहली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही पांच टेस्ट मैच की सीरीज के दौरान खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

रोहित ने पांच पारियों में सिर्फ 6.20 के औसत से 31 रन बनाए हैं और इस दौरान उन्होंने 3, 6, 10, 3 और 9 रन बनाए जो ऑस्ट्रेलियाई धरती पर किसी विदेशी कप्तान का सबसे कम औसत है।



पर्थ टेस्ट में शतक के बावजूद कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और उन्होंने सीरीज में अब तक 5, नाबाद 100, 7, 11, 3, 36 और 5 रन की पारियां खेली हैं।

शास्त्री ने कहा, ''मुझे लगता है कि विराट कुछ समय तक खेलेंगे। वह जिस तरह आउट हो रहा है, या अन्य चीजें, जो भी हो उसे भूल जाइए।

मुझे लगता है कि वह अगले तीन या चार साल और खेलेंगे। जहां तक रोहित का सवाल है, उसे फैसला करना होगा। शीर्ष क्रम में मुझे लगता है कि उसका फुटवर्क पहले जैसा नहीं है। वह शायद कई बार शॉट खेलने में देर करता है। इसलिए सीरीज के अंत में उसे फैसला करना होगा।''

शास्त्री ने रोहित की बल्लेबाजी में तकनीकी समस्याओं की ओर इशारा किया, विशेषकर उनके आगे के पैर की मूवमेंट पर। उन्होंने कहा, ''हमने सीरीज में कई बार देखा है कि उनका आगे का पैर गेंद की ओर उतना नहीं जा रहा जितना जाना चाहिए।''

## जसप्रीत बुमराह साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में

**एजेंसी, दुबई**

भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सोमवार को इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए नामित किया गया। इंग्लैंड के एक अन्य बल्लेबाज हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस को भी इस सूची में जगह मिली है।

बुमराह 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 13 मैच में 14.92 की औसत और 30.16 के स्ट्राइक रेट से 71 विकेट चटकाए हैं जो पारंपरिक प्रारूप में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी शानदार प्रदर्शन किया है और चार टेस्ट मैच में 30 विकेट के साथ सीरीज के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज है।



## शतरंज

### अर्जुन एरिगेसी का लक्ष्य 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करना

# रेपिड के बाद हंपी की नजरें विश्व ब्लिट्ज खिताब पर

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

विश्व रेपिड शतरंज का खिताब दूसरी बार जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के बाद भारत की दिग्गज खिलाड़ी कोनेरू हंपी मंगलवार से यहां शुरू हो रही फिडे विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप जीतकर दोहरी सफलता हासिल करने के इरादे से उतरेंगी।

हंपी रविवार को इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर फिडे महिला विश्व रेपिड शतरंज चैंपियन बनीं थी। हंपी ने 2019 में जॉर्जिया में भी यह खिताब जीता था और रविवार को दूसरी बार यह खिताब जीतने वाली चीन की जू वेनजुन के बाद सिर्फ दूसरी खिलाड़ी बनीं।

टूर्नामेंट के दौरान खिताब के अलावा 60 हजार डॉलर (लगभग 50 लाख रुपए) की इनामी राशि भी दांव पर लगी होगी क्योंकि ब्लिट्ज टूर्नामेंट की इनामी राशि भी रेपिड चैंपियनशिप के समान है।



भारत का मजबूत दल चैंपियनशिप की चुनौती के लिए तैयार है। टूर्नामेंट के 'ओपन' वर्ग में 13 जबकि महिला वर्ग में 11 दौर होंगे। ब्लिट्ज वर्ग में भारत की डी हरिका का दावा भी मजबूत है जबकि प्रशंसकों को आर वैशाली और दिव्या देशमुख से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वैशाली और दिव्या रेपिड चैंपियनशिप में प्रभावित करने में नाकाम रहे थे।

'ओपन' वर्ग में मैग्नस कार्लसन खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे।

नॉर्वे के कार्लसन को भारत के आर प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगेसी, फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है।

रेपिड चैंपियनशिप में खिताब से चूकने वाले अर्जुन एरिगेसी का लक्ष्य 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करना भी होगा। विश्व रेपिड चैंपियनशिप का खिताब रूस के 18 साल के वोलोदार मुर्जिन ने जीता था।

### जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद विश्व ब्लिट्ज में लौटे कार्लसन



फिडे से खिलाड़ियों को जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद दुनिया के नंबर-एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में लौटे, जिन्हें ड्रेस कोड के उल्लंघन के कारण रैपिड वर्ग से बाहर कर दिया गया था। कार्लसन पर शनिवार को फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद 200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। नीति में बदलाव की घोषणा करते हुए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के अध्यक्ष अर्कादी वोरवोविच ने कहा ,''मैंने पोशाक की उपयुक्तता के संबंध में निर्णय लेने में फिडे अधिकारियों को अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए इस नजरिये का प्रयोग करने का फैसला किया है।''

### न्यूजीलैंड ने श्रीलंका से जीती टी-20 सीरीज

**माउंट मोनगानुई।** आक्रामक बल्लेबाजी के बाद जैकब डफी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज के दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सोमवार को यहां श्रीलंका को 45 रन से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

न्यूजीलैंड ने टिम रोबिनसन (41), मार्क चैपमैन (42) और मिचेल हे (नाबाद 41) की उपयोगी पारियों से पांच विकेट पर 186 रन बनाने के बाद श्रीलंका को 19.1 ओवर में 141 रन पर आउट कर दिया।

दो दिन पहले 21 रन देकर तीन विकेट लेने वाले डफी ने इस मैच में 15 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्होंने श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका (37) और 16वें ओवर में कुशल परेरा (48) के अहम विकेट चटकाने के बाद तीन गेंद के अंदर वानिंदु हसरंगा (एक) और महीश तीक्षणा (शून्य) को भी पैवेलियन की राह दिखाई।